ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 2, अंक 292, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 2
फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 14

## 'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

## लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

## काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

### दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।



कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

## एक नजर

### हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

**बेंगलुरु।** प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन और 13 अन्य लोगों को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक एक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था। आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणी की थी। अभिनेत्री दर्शन की दोस्त बताई जाती है।

### बंदूक की दुकान पर विस्फोट में दो व्यक्तियों की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर शहर के सविना थाना क्षेत्र में बंदूक की एक दुकान पर मंगलवार दोपहर में विस्फोट होने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि क्षेत्र में सविना सबसिटी सेंटर में आर्म्स एनिमेशन की दुकान राजेन्द्र देवपुरा एंड कंपनी पर अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट में दुकान का मालिक राजेन्द्र देवपुरा एवं दुकान में काम करने वाला कारीगर की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दुकान के खिडकी एवं दरवाजे टूट गए। विस्फोट से आसपास के लोगों में दहशत पैदा हो गई।

### आठ किग्रा हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और उनके कब्जे से आठ किलोग्राम हेरोइन, एक .30 बोर की पिस्तौल, .30 बोर के 26 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गांव झंजोटी निवासी गुरसाहिब सिंह, अमृतसर के गांव भकना कलां निवासी साजन सिंह और अमृतसर के कोट खालसा निवासी सतनाम सिंह के रूप में हुई है। हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से एक .30 बोर की पिस्तौल, .30 बोर के 26 कारतूस भी बरामद किए हैं और उनकी मारुति स्विफ्ट कार और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की है।

# राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

### कर्मचारियों को मिलेगा दोहरा लाभ, मनचाहा तबादला और सेवानिवृत्ति के बाद वेतन वृद्धि भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।



#### प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

#### बरेली व गाजियाबाद में निजी विवि को हरी झंडी, पांच के नाम बदले

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

#### एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

#### बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## ओडिशा के नए सीएम होंगे मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी



- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

### चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

## प्रदेश में बिजली की खपत 29,500 मेगावाट पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### फिर टूटा रिकार्ड

- ऐसे ही रहा तो जल्द ही 30 हजार मेगावाट पर पहुंच सकती है मांग

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने भारी मांग को देखते हुए जल्द ही मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना जताई है।

कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार बीते चार जून को बिजली की अधिकतम मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 22,779 मेगावाट रही। सूत्रों का कहना कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, क्योंकि गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

**नई दिल्ली।** देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

## एसी फटा, कार शोरूम में भीषण आग

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- मुजफ्फरनगर में मारुति कार के शोरूम में हुआ हादसा
- 100 कर्मचारी अंदर थे, 3 जिलों से दमकल गाड़ियां पहुंचीं

> साढ़े पांच घंटे बाद आग पर करीब 90 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है, और कारणों की जांच की जा रही है। अन्य जनपदों से फायर टेंडर मंगाई गई। 6 थानों की फोर्स मौके पर है।
> – **अरविंद मल्लप्पा बंगारी**, जिलाधिकारी

मुजफ्फरनगर बाईपास के पास एक कार शोरूम में एसी के फटने से भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगी हुई हैं। डीएम, एसपी मौके पर हैं। साढ़े पांच घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। शोरूम मुजफ्फरनगर के व्यवसायी संचित गोयल का बताया जा रहा है। हादसे के समय शोरूम के सर्विस सेंटर पर 200 गाड़ियां सर्विस के लिए आई हुई थीं। लगभग 100 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे।

मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र में राधा गोविंद ऑटोमोबाइल्स नाम से मारुति का शोरूम है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह 10:30 बजे शोरूम में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट हो गया जिससे भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कई ब्लास्ट हुए जिससे भगदड़ मच गई। काम कर रहे कर्मचारी भागकर बाहर आ गए।

आग लगने के आधे घंटे बाद 11 बजे सीएफओ अनुराग कुमार दमकल की 4 गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास की पेपर मिल से भी फायर टेंडर को बुलाया। 4 गाड़ियां मेरठ और सहारनपुर से मंगाई गई। वहीं दो गाड़ियां मुजफ्फरनगर से आई। कुल 6 गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। मौके पर 20 से ज्यादा फायर कर्मी मौजूद हैं। आग से पूरा शोरूम जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी और नई मंडी थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में जनहानि नहीं हुई है।

## ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।



## नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

## वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

### बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।



#### 2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।



## खेल डायरी

### एमएमए से जुड़ने वाले पहले पहलवान बनेंगे संग्राम



**मुंबई।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। संग्राम ने कहा कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर वेड को लगी फटकार

**बारबाडोस।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई। आईसीसी कहा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की। विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के रिची पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।



### भारत-इंग्लैंड की डेफ टीम पहली बार खेलेगी शृंखला

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड की बधिर टीम के बीच 18 जून से पहली द्विपक्षीय टी-20 डेफ शृंखला खेली जाएगी। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निमंत्रण पर भारतीय बधिर टीम पहली बार इंग्लैंड के साथ सात मैचों की द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज खेलेगी। 18 जून से शुरू होने वाली शृंखला के मैच इंग्लैंड के 8 काउंटी ग्राउंड, डर्बी, किडरमिन्स्टर, नॉर्थम्पटनशायर, वारविकशायर और आखिरी मैच 27 जून को लीसेस्टरशायर में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित एक समारोह में भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया है। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा दिव्यांगों के सशक्तिकरण विभाग की ओर से, मैं टीम का समर्थन करने के लिए रोमांचित हूं क्योंकि ये पहली शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज का कर रहे। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल एथलीटों की असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित करता है बल्कि खेलों में समावेशिता के महत्व पर भी प्रकाश डालता है।

### 2025 में जू. हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत



**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारत अगले साल पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह प्रतियोगिता दिसंबर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में यह पहला अवसर होगा जबकि इसमें 24 टीम हिस्सा लेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने इसकी घोषणा करते हुए कहा मुझे बहुत खुशी है कि एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ गई है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। यह 24 टीमें हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। पिछला जूनियर विश्व कप 2023 में कुआलालंपुर में खेला गया था जिसमें जर्मनी ने फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। स्पेन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा था। भारत इससे पहले तीन बार 2013 (नई दिल्ली), 2016 (लखनऊ) और 2021 (भुवनेश्वर) में टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। भारत 2016 में चैंपियन भी बना था।

### जय शाह ने एनएफएल मुख्यालय का किया दौरा

**न्यूयॉर्क।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव शाह मौजूदा टी-20 विश्व कप के लिए अमेरिका में हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा जब दुनिया की दो सबसे बड़ी खेल लीग एक हो गईं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में एनएफएल मुख्यालय का दौरा किया और आयुक्त श्री रोजर गुडेल और उनकी टीम से मुलाकात की। इस बैठक में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रशंसक को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करता है जो प्रति मैच मूल्य के मामले में अमेरिका के एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग बन गई है। वर्ष 2008 में पहले सत्र के बाद से आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तेजी से वृद्धि हुई है। दौरे के दौरान शाह ने गुडेल और उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। शाह ने गुडेल को बीसीसीआई के लोगो वाला 'कस्टमाइज्ड' (विशेष रूप से तैयार) हेलमेट और टीम इंडिया की जर्सी भेंट की। सहयोग के प्रतीक के रूप में शाह को बदले में एक एनएफएल गेंद मिली।

# पिच के मिजाज ने तेज की गेंदबाजों की धार

## गेंदबाजी से हो रहा मुकाबलों का फैसला, 21 मैचों में हावी रहे गेंदबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गए लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गए 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ।

सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्टनील बार्टमैन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है। टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।



### नासाउ जैसी पिचों से अमेरिका में क्रिकेट का प्रसार करना मुश्किल

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर आईसीसी टी-20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा। इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। भारत ने टी-20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। क्लासेन ने कहा निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है। बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी पहले ही स्वीकार कर चुका है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं।

## सुपर आठ से एक कदम दूर भारत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**मैच : रात 8:00 बजे**



● अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा। भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए1 के रूप में वर्गीकृत किया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर 8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा।

नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे। अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है। अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच के अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है।

### करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराने उतरेगी श्रीलंका

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है। श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजर सुपर आठ पर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। वहीं नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।


## राइफल और पिस्टल टीम घोषित दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर

**ओलंपिक की तैयारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी। टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं।

चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं।



### क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह बुधवार को इटली के लोनाटो में शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेने वाले 12 भारतीय निशानेबाजों में शामिल होंगी। पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत प्रत्येक स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा। इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी।

## 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी कराने का पीसीबी ने दिया प्रस्ताव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा।

रिपोर्ट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराए जाने की योजना है। लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं है कि भारत टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। 2008 में एशिया कप के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है और 2012-13 के बाद से दोनों टीमों के बीच कोई द्विपक्षीय सीरीज भी नहीं खेली गई है।

## अर्शदीप पर की टिप्पणी के लिए अकमल ने मांगी माफी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप में खेले गए मैच का विश्लेषण करते हुए कामरान ने अर्शदीप के सिख धर्म का मजाक बनाया जिसका वीडियो वायरल हो गया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया की थी।

कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं सच में माफी चाहता हूं। कामरान ने पाकिस्तान की पारी के दौरान यह टिप्पणी की। पाकिस्तान को तब 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी। अर्शदीप ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई और भारत ने यह मैच 6 रन से जीता। पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा था कुछ भी हो सकता है। देखिए अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह को ही करना है। वह अच्छी लय में नहीं दिख रहा है और 12 बज गए हैं।



हरभजन ने यह वीडियो रिपोस्ट किया जिसमें अकमल के साथ बैठे अन्य लोगों को भी हंसते हुए दिखाया गया है। भारतीय ऑफ स्पिनर ने अकमल की कड़ी आलोचना की। हरभजन ने कहा आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जान लेना चाहिए। हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा कर लिया था। समय 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए आप लोगों को... कुछ तो आभार मानिए।

## सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक रैंकिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।



चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी हर्षिता-श्रुति की जोड़ी

**सिडनी।** हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अभिषेक ने पहले दौर में शाश्वत दलाल को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएलहो से भिड़ेंगे।

## नागल इटली में एटीपी चैलेंजर के प्री क्वार्टरफाइनल में

**पेरूगिया (इटली)।** भारत के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां बोस्निया के नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में जीत से एटीपी 125 पेरुगिया चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय भारतीय ने एक घंटे 52 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 7-6(1), 6-2 से जीत दर्ज की।

पहला सेट बराबरी पर रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। लेकिन नागल टाईब्रेक में फैटिक को मात देने में सफल रहे। नागल अब दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी एलेसांद्रो जियाननेसी से भिड़ेंगे। इस जीत ने एटीपी लाइव रैंकिंग में नागल चार पायदान ऊपर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। नागल ने पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रॉ में जगह लगभग पक्की कर ली है।

## लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की चोटिल यूरोपीय चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध

**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और करोल स्वाइडरस्की तुर्की के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गए और उनका यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। पोलैंड ने यह मैच 2-1 से जीता लेकिन दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से यूरो 2024 के शुरू होने से पहले उसकी चिंता बढ़ गई है। स्वाइडरस्की ने लेवांडोव्स्की की मदद से 12वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन जश्न मनाते समय उनके टखने में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पोलैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड रखने वाले कप्तान लेवांडोव्स्की भी 32 मिनट तक ही मैदान में रहे। उन्हें दाहिने पांव में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की के पास रविवार तक फिट होने का समय है, जब पोलैंड हैम्बर्ग में नीदरलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर

**रोटरडम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फ़ुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है। यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।



<< रॉबर्ट लेवांडोव्स्की

### चेन्नईयन एफसी ने विलमर जॉर्डन गिल से किया अनुबंध



**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने यह घोषणा करते हुए कहा कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है। विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था। इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अभी तक आईएसएल में 15 मैच में 8 गोल कर चुके हैं। चेन्नईयन ने विलमर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। वह एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन तेज धूप रहेगी। मौसम में उमस की संभावना।

44.4° अधिकतम तापमान | 32.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :57

## एक नजर

### नि:शुल्क कोचिंग में लें प्रवेश

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की जाएगी। इसमें प्रवेश लेने के लिए 20 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय जिला पुस्तकालय से आवेदन पत्र ले सकते हैं। कोचिंग एक जुलाई से प्रारंभ होगी। बताया कि इस संबंध में प्रवेश परीक्षा 21 जून से 25 जून के बीच कराई जाएगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के मोबाइल पर दी जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये 005312789, 9335028702, 6387928543 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# ओडिशा से लाकर यूपी में बेचते थे गांजा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

चित्रकूट कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थानाध्यक्ष एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी चंदन पांडेय और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह की संयुक्त टीम ने 52 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया है। तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनसे पुलिस को दो चारपहिया वाहन और दो तमंचे भी मिले हैं। ये ओडिशा से सस्ते दाम में गांजा लाकर यूपी और बिहार में बेचते थे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि थानाध्यक्ष एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी को मुखबिर से गांजे की तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को बताया और संयुक्त टीम ने सोमवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे खोह अंडरब्रिज के पास झाड़ियों से आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने इनसे दो कार बरामद कीं, जिनमें 52 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जामातलाशी से दो तमंचे 32 बोर, तीन मोबाइल और कुल 10680 रुपये मिले।

● **52 किलो गांजा, दो चारपहिया वाहन और दो तमंचे बरामद**

एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से कम दाम में गांजा खरीदकर उप्र व बिहार में बेचते हैं। पुलिस ने दोनों कारों को सीज कर दिया।

### दूसरे राज्यों के हैं दो आरोपी

आरोपियों में दो अन्य राज्यों के हैं। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके नाम इस्माइल खां (33) पुत्र सलीम खां निवासी कबीरनगर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) विष्णु साहू (30) पुत्र हेमंता निवासी ग्राम राजामुंडा थाना एम रामपुर जिला काला हांडी ओडिशा और विजय गुप्ता (26) पुत्र रज्जन गुप्ता निवासी जगदीशगंज है।

### ये अधिकारी, कर्मचारी रहे संयुक्त टीम में

एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम में एसआई विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी रामनरेश सिंह, आरक्षी अभय कुमार, विमल कुमार, देवानंद, हरवंश कुमार और प्रदीप कुमार शामिल रहे। कोतवाली कर्वी की टीम में एसआई राजीव कुमार सिंह चौकी प्रभारी जिला कारागार, आरक्षी नीतू द्विवेदी, राहुल देव शामिल रहे।

# बीते चार लोकसभा चुनावों में दो बार जीते तो दो बार हारे आरके पटेल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पिछले चार लोकसभा चुनावों के परिणामों की समीक्षा की जाए तो भाजपा प्रत्याशी रहे और निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल दो चुनाव जीते तो दो हारे। अगर वह इस बार जीत जाते तो जिले की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले रामसजीवन सिंह के तीन बार सांसद बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेते।

चुनाव हर बार नए नतीजे देते हैं जितनी समीक्षा और आकलन करो, नई नई बातें सामने आती हैं। पिछले चार लोकसभा चुनाव के परिणामों को देखा जाए तो कई तरह की बातें सामने आती हैं। भाजपा प्रत्याशी आरके को इस बार समाजवादी प्रत्याशी कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने 71,210 मतों से शिकस्त दी। कृष्णा को 4,06,567 और आरके सिंह पटेल को 3,35,357 वोट मिले। यह आरके की पिछले चार चुनावों की दूसरी बड़ी हार है। इसके पूर्व 2014 में आरके को भैरों प्रसाद मिश्र ने 115,788 मतों के अंतर से हराया था। रोचक बात यह कि तब भैरों भाजपा और आरके बसपा से प्रत्याशी थे। भैरों प्रसाद को 3,42,066 और आरके को 2,26,278 मत प्राप्त हुए थे। आरके ने 2019 और 2009 में जीत हासिल की। 2019 में उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी श्यामाचरण गुप्त और 2009 में बसपा के भैरों प्रसाद को शिकस्त दी थी।

● **2014 में हुई थी एक लाख से ज्यादा मतों से शिकस्त**

### एक बार पहले तो दूसरी बार दूसरे नंबर पर

आरके सिंह पटेल की इस बात के लिए तो प्रशंसा होनी ही चाहिए कि वह पिछले चार लोकसभा चुनाव में बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में या तो पहले या फिर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में वह पहले, 2014 में दूसरे, 2019 में पहले और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे।

### दो बार भैरों, आरके रहे आमने-सामने

इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आरके के मुखर विरोधी रहे पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र 2009 और 2014 में आमने सामने रहकर चुनाव लड़ चुके हैं। 2009 में आरके ने जीत हासिल की तो 2014 में भैरों ने आरके हो पराजित कर हिसाब बराबर किया। आरके सपा प्रत्याशी के रूप में तो भैरों भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीते थे। यह भी रोचक तथ्य है कि 2009 में जब भैरों हारे तो वह बसपा प्रत्याशी थे और जब 2014 में आरके हारे तो वह भी बसपा प्रत्याशी थे।

### बसपा से नहीं बन सके सांसद

आरके सिंह पटेल का राजनीतिक करियर रोचक है और उपलब्धियों से भरा भी। आरके सिंह पटेल जिले के शायद ऐसे एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने प्रदेश की तीनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों से चुनाव लड़ने का अवसर मिला। यह भी एक रोचक तथ्य है कि सिर्फ बहुजन समाज पार्टी से वह सांसद नहीं बन सके।

# बरसात से पहले दुरुस्त करा दें सड़कें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को जल जीवन मिशन के तहत सिलौटा, चांदीबागर और रैपुरा क्षेत्रों के कामों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि इन गांव-मजरों में नियमित जलापूर्ति की जाए। कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि बारिश से पहले पाइप डालने से उखड़ी सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाए।

केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में सिलौटा में 59, चांदीबागर में 286 व रैपुरा में 71 गांव-मजरे मिशन के तहत आच्छादित किए जाएंगे। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को आगाह किया कि इनसे संबंधित गांव-मजरों में नियमित जलापूर्ति के बाद ही ग्राम प्रधान द्वारा हर घर जल प्रमाणपत्र दिया जाएगा। उन्होंने मानवशक्ति बढ़ाकर काम जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि वे पानी की गुणवत्ता भी चेक कराते रहें।

● **जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम ने दिए निर्देश**


उन्होंने कहा कि पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कों को मानवशक्ति बढ़ाकर बारिश से पहले दुरुस्त कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि काम गुणवत्तापूर्ण व शासन की मंशानुरूप हो, किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता उप्र जल निगम आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियंता( विद्युत/ यांत्रिक) जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, जेई महावीर सिंह व कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम पर हमले के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के एसआई रामकुमार ने पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक बाल अपचारी है। आरोप है कि इन लोगों ने सात जून की रात रौली कल्याणपुर में 12 बजे के बाद डीजे बजाने से रोकने पर पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था। इनमें 13 आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मंगलवार को उमाशंकर पुत्र चंद्रपाल उर्फ फूलचंद्र, राजकिशोर पुत्र दीनदयाल व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उमाशंकर से तमंचा-कारतूस बरामद करने का भी दावा किया है। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी शैलेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश तोमर, नरेंद्र सिंह और शिवम मिश्रा शामिल रहे।

# बेरोजगारों को सरकार ने फिर दिया झटका : संतोषी

चित्रकूट कार्यालय




उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** नेशनल एंट्रेंस एंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (नीट) में हुई कथित अनियमितता के ख़िलाफ़ विपक्षी पार्टियों का आक्रोश बरकरार है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया गया। आप कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संतोषी ने कहा कि सरकार ने देश के नौजवानों को एक और झटका दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक है पर उसका पेपर भी लीक हो गया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे नौजवानों को इस भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया। इनका कहना था कि एक ओर जहां संवेदनहीन केंद्र सरकार में भर्तियों का टोटा है तो वहीं दूसरी ओर सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की सरकार जिम्मेदार है। नौजवानों को भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। संतोषी ने कहा कि नीट का परिणाम 14 जून को आना था पर चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया। जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिए गए। एक ही कोचिंग संस्थान के कई बच्चों को ये अंक दिए गए और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिए गए, असंभव सा लगता है। एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 4-5 नंबर कम होने चाहिए, तो 718 और 719 नंबर कैसे दिए जा सकते हैं। इससे प्रतीत होता हैं कि NEET के परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं। आप ने मांग की कि राष्ट्रपति परिणाम की उच्चस्तरीय जांच कराएं। इस मौके पर राजबहादुर साहू, योगेंद्र रैकवार, शिवप्रकाश सिंह, डॉ. रमाकांत गुप्ता, जितेंद्र गोयल, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केशरवानी, श्याम बाबू त्रिपाठी, संतोष भारद्वाज, पुरुषोत्तम निषाद, शिवगोपाल सिंह, सतेंद्र त्रिपाठी, दिनेश सिंह, जुगल किशोर जाटव, अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।

● **नीट में अनियमितता का आरोप आप का विरोध प्रदर्शन**



किसान पाठशाला में भाग लेते ग्रामीण। अमृत विचार

## किसान पाठशाला में बताईं उपयोगी बातें

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत देवकली एवं रेहुटिया में किसान पाठशाला का निरीक्षण किया गया।

बताया गया कि देवकली में प्रधान सूर्यमान, मास्टर ट्रेनर रामचंद्र, अजयपाल सिंह, संदीप कुमार व रेहुटिया में मास्टर ट्रेनर शशिकला मौजूद रहीं। किसान पाठशाला में किसानों को बताया गया कि खरीफ की तैयारी के लिए सभी बीज गोदामों में बीजों की उपलब्धता है। किसान अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को परंपरागत/प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज की खेती करने की सलाह दी गई।

## बकरी पालन के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि बकरी पालन की योजना के तहत इकाई स्थापना के लिए आवेदन पत्र दिए जा सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारी उनके कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## दो वांछित गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** निरीक्षक अपराध विनोद कुमार ने वांछित आरोपियों रामबाबू पुत्र केशव प्रसाद व चुन्ना निषाद पुत्र रामकृष्ण निवासीगण ग्राम टिकरा सिरावल को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी प्रकाश मिश्रा, अरुण यादव और शुभम मिश्रा शामिल रहे।

# गर्भवती पत्नी की हत्या में दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

चित्रकूट कार्यालय



**अमृत विचार।** दहेज के लिए गर्भवती पत्नी की हत्या के मामले में दोषसिद्ध पति को कोर्ट ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। 12 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि राजापुर क्षेत्र के गोबरौल गांव निवासी संजीव तिवारी ने आठ नवंबर 2022 को रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बहन निहारिका देवी की शादी लौरी गांव निवासी धीरेंद्र प्रताप से की थी। आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालीजन दहेज को लेकर निहारिका का उत्पीड़न करते थे। सात नवंबर 22 को उसके बहनोई ने फोन पर कहा था कि निहारिका को मायके ले जाओ नहीं तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद उसकी गर्भवती बहन को मारकर फांसी से लटका दिया गया। वह मौके पर पहुंचा, जहां उसकी बहन के शव को ससुरालीजनों ने चारपाई में एक चद्दर डालकर रखा था। पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध धीरेंद्र प्रताप को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। 12,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया।

● **दहेज के लिए की थी हत्या, अर्थदंड भी भुगतना होगा**


## सार-संक्षेप



कार्यशाला में जानकारी लेते विद्यार्थी। अमृत विचार

### विद्यार्थियों को बताए साइबर क्राइम से बचाव के तरीके

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** राजकीय पालीटेक्निक में मंगलवार को फाइनेंशियल क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लखनऊ कार्यालय से आए विशेषज्ञ दुर्गेश शुक्ला, अनुष्का वर्मा तथा मितुज पांडेय ने वित्तीय अपराध के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दीं। प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि इसमें संस्था के 131 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वे मोबाइल में आने वाले अनजान लिंक, ऐप की धोखाधड़ी से कैसे बचें। सलाह दी कि वे बैंक लेनदेन में ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। आधार कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के लिए बताया गया कि इसकी वेबसाइट पर जाकर अपना बायोमीट्रिक लॉक लगा लें। जहां कहीं भी आधार जमा करना है, वहां मास्कड आधार का प्रयोग करें। मास्कड आधार, आधार की वेबसाइट से डाउनलोड हो जाता है। कार्यक्रम का आयोजन अनंत प्रकाश, संजीव सिंह ने किया। व्याख्याता स्वाती खटनानी, दीपेंद्र मिश्रा, उर्वशी कश्यप, सचिन कुमार, सचिन मौर्य, पवन कुमार, आदित्य कुमार, अनुपम सिंह, देवाशीष, सुधांशु सिंह, अशोक विश्वकर्मा मौजूद रहे।



अनुप्रिया के मंत्री बनने पर खुशी मनाते लोग। अमृत विचार

### जिले की बहू तीसरी बार बनीं मंत्री, मनाई खुशी

**चित्रकूट।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और जिले की बहू अनुप्रिया पटेल के लगातार तीसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर बुंदेली सेना ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह की अगुवाई में कर्वी माफ़ी स्थित एक मैरिज हाल में कार्यक्रम में। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और अनुप्रिया के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। अजीत ने कहा कि जिले की बहू अनुप्रिया पटेल लगातार केंद्र सरकार में अपना दबदबा बनाएं हुए हैं। अनुप्रिया को स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है। उनके निर्वाचन क्षेत्र मिर्जापुर के साथ ही जिले में भी खुशी का माहौल है। अनुप्रिया पटेल ने देश की राजनीति में अपने पिता डा. सोनेलाल पटेल का नाम रोशन किया है। कर्वी माफ़ी में प्रधान बद्री सिंह पटेल की अगुवाई में मंत्री बनने की खुशियां साझा की गईं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि जिले की बहू लगातार केंद्र की राजनीति में अपना जलवा कायम किए है। साथ ही उनके पति आशीष पटेल यूपी में कैबिनेट मंत्री हैं। इस मौके पर अशोक पटेल, राजेश पांडेय, रामप्रकाश पाल, धर्मराज सिंह, अरविंद सिंह, गया रैकवार, श्रीपाल सिंह, गोवर्धन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### सीमेंट लदे ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**चित्रकूट।** सोमवार देर रात सोनेपुर में जिला अस्पताल के पास उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक ट्रक में भीषण आग लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कर्वी- देवांगना की ओर से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। इससे ट्रक के टायरों व ईंधन टैंक के फटने का खतरा बढ़ता देख आवागमन बंद हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इस दौरान किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं मिली।

**खतरा** — जिम्मेदारों की लापरवाही से जर्जर पुल से भारी वाहनों की आवाजाही जारी

# कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकता है मोहरवां पुल

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



जर्जर पुल से वाहनों की आवाजाही जारी। अमृत विचार



मोहरवां का जर्जर पुल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजापुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरवां के पास वाल्मीकि नदी पर बना पुल कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है। प्रतिबंध के बाद भी जिम्मेदारों की लापरवाही और जानबूझकर की जा रही अनदेखी से इस पर भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है।

गौरतलब है कि मोहरवां पुल के निष्प्रयोज्य होने संबंधी रिपोर्ट प्रशासन काफी समय पहले शासन को भेज चुका है। राम वनगमन पथ निर्माण को देखते हुए एनएच लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के अधिशासी अभियंता ने यहां पर बैरीकेडिंग भी लगवा दी और अब इस पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध लगा है पर इसके बाद भी ये आजा रहे हैं।

लोग इसमें पुलिस विभाग की लापरवाही भी मान रहे हैं। बताते हैं कि बैरीकेडिंग भी क्षतिग्रस्त कर दी गई है।

### पुल बन जाए तो हो सुविधा




ननकूराम।



गुलाब चंद्र प्रजापति।



इंद्रसेन।



सुंदरलाल।

मोहरवा निवा किसान ननकूराम व गुलाब चंद्र प्रजापति ने बताया कि 1959-60 के दशक में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने पुल बनवाया था। इसके पूर्व लोग बैलगाड़ियों, घोड़ों या ऊटों से भगवान कामतानाथ के दर्शन करने जाते थे। अगर यह पुल फिर ठीक करा दिया जाए तो काफी सुविधा हो जाए। इंद्रसेन ने कहा कि पुल लंबे अरसे से क्षतिग्रस्त है। इसके बारे में जिम्मेदारों को कई बार बताया जा चुका है। राजापुर के वयोवृद्ध किसान सुंदरलाल द्विवेदी ने कहा कि का कहना हैं कि राजापुर तुलसी जन्मभूमि होने के बावजूद भी आजादी के पहले से ही यातायात सुविधा न होने के कारण राम वनगमन पथ के बन जाने से विकास देखने को मिलेगा। पुल बन जाए तो फिर दिक्कत खत्म हो जाएगी।

### पुल के नीचे से आने-जाने की व्यवस्था:एसडीएम



उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि राम वन गमन पथ फोर लेन सरकार ने मंजूर कर दी है। इसका निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने पुल के नीचे से भारी वाहनों के आने-जाने के लिए सड़क बनवा दी है।

## मारपीट कर रहे ससुराली, पुलिस सुन नहीं रही

**मऊ (चित्रकूट)।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के धौनेहा गांव निवासी कल्पना पांडेय ने सीओ मऊ को प्रार्थनापत्र देकर ससुरालियों के उत्पीड़न की जानकारी दी है। उसका कहना है कि बरगढ़ पुलिस उसकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कर रही है।

महिला ने बताया कि 18 फरवरी, को उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज के लिए पति, सास-ससुर व ननदें प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप लगाया कि पति नशे का आदी है, जो गालीगलौज करता है और मारता पीटता है। बताया कि बीते दिनों वह खेती किसानी के काम से खेतों की ओर गई थी, उसी समय सास व ननद ने आलमारी में रखी नगदी व आभूषण चोरी कर लिए। इस संबंध में पूछने पर सभी ने मारा-पीटा। इसकी सूचना डायल 112 पर दी थी। 14 मई को बरगढ़ थाने में भी प्रार्थनापत्र दिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि बीते सोमवार को भी उसके साथ मारपीट की गई। थाने गई तो पुलिस ने कोई कार्रवाई करने के बजाय डांट डपट कर भगा दिया। अब उसने सीओ मऊ से कार्रवाई की गुहार की है।

# बजबजाती नालियां और सड़कों पर जलभराव, कमासिन की पहचान

## ब्लाक मुख्यालय की ग्राम पंचायत में स्वच्छता का बुरा हाल, गली-चौराहों में लगे कचरे के ढेर

संवाददाता, कमासिन (बांदा)

- गलियों में बहता नालियों का गंदा पानी बीमारियों को दे रहा खुला दावत
- अधिकारी कर रहे बारिश से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे

**अमृत विचार।** जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री से लेकर सभी जनप्रतिनिधि सड़क पर झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं और गांवों और कस्बों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च करने का दावा किया जा रहा है, वहीं कमासिन ब्लाक मुख्यालय की ग्राम पंचायत में ही सरकार के स्वच्छता अभियान की हवा निकलती दिखाई दे रही है। यहां स्वच्छता के लिए आया बजट तो खर्च हो गया है, लेकिन धरातल पर सफाई का नामोंनिशान भी नहीं है। गांव की गलियों और आम रास्तों में कचरे के ढेर, बजबजाती नालियां और सड़कों पर जलभराव सरकार स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं। उधर ग्राम पंचायत के सचिव और खंड विकास अधिकारी गोलमोल जवाब देते हुए बारिश से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के दावे कर रहे हैं।

विकास खंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत कमासिन कागजों में तो आदर्श ग्राम पंचायतों में शामिल है, लेकिन यहां की व्यवस्था को देखकर कोई भी आदर्श ग्राम पंचायत के तमगे को नकार सकता है। ग्राम पंचायत में स्वच्छता के नाम पर आई करोड़ों की धनराशि बंदरबांट का शिकार हो गई लेकिन धरातल में कहीं स्वच्छता दिखाई ही नहीं देती। कस्बे की हर गली कचरे के ढेर से पटी पड़ी है, नालियां बजबजा रही हैं और घरों से निकलने वाला गंदा पानी आम रास्तों से लेकर मुख्य सड़क तक बह रहा है। इतना ही नहीं सड़कों के किनारे लगे गंदगी की ढेर संक्रामक बीमारियों को खुला आमंत्रण दे रहे हैं।

कुल मिलाकर कस्बावासी नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हो रहे हैं। कस्बे के मध्य से पुराने थाना व सब्जी मंडी होकर दादौमार्ग पर मिलने वाली सड़क का हाल तो और भी बदहाल है। यहां जगह जगह जलभराव के कारण लोगों का पैदल निकलना भी दूभर है, वहीं जलभराव के चलते हो रहे दलदल में कई बार वाहन भी फंस जाते हैं। कस्बे के थान बाबा के पास सड़क पर महीनों से जलभराव के चलते पूरी सड़क ही दलदल में तब्दील हो गई है। इसके अलावा कस्बे के अन्य मार्ग भी कूड़े के ढेर गंदे पानी के भराव से पटे पड़े हैं। कस्बे के निवासी अर्जुन द्विवेदी, सियारानी, सुबिहिती, ओमप्रकाश वर्मा आदि का कहना है कि तमाम शिकायतों के बाद भी अभी तक ना तो बजबजाती नालियों की सफाई कराई गई और न ही दुर्गंध फैला रहे कूड़े के ढेरों को ही हटवाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के लिए आई करोड़ों की धनराशि प्रधान, सचिव से लेकर खंड विकास स्तर तक बंदरबांट कर लिया जाता है और गांव के लोगों को बदहाली में जीवन यापन करने को मजबूर किया जाता है। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है और गांव में स्वच्छता अभियान चलवाने की मांग की है।



गांव की सड़क पर जलभराव व दलदल की स्थिति। अमृत विचार

### जनसूचना देने में टालमटोल करते हैं अधिकारी

कमासिन निवासी अर्जुन द्विवेदी ने ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए आए धन में की जा रही धांधली के मद्देनजर आठ बिंदुओं पर जन सूचना अधिकार के तहत 15 दिन पहले खंड विकास अधिकारी से सूचना मांगी थी। लेकिन अभी तक सूचना नहीं दी गई है, सूचना देने में टालमटोल किया जा रहा है। श्री द्विवेदी ने ग्राम प्रधान पर घपलेबाजी करने का आरोप लगाया है। कहा है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलभगत से गांव के विकास के लिए आने वाला धन घोटालों की भेंट चढ़ जाता है और जांच के लिए आने वाले अफसरों को अवैध कमाई का कुछ हिस्सा देकर रिपोर्ट अपने पक्ष में लगवा ली जाती है। उन्होंने स्थानीय नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां के नेता केवल थाने तक ही सीमित रहते हैं और दलाली करके अपना पेट पाल रहे हैं।

### गोलमोल जवाब देकर टरका रहे जिम्मेदार

कस्बे में गंदगी और जलभराव की समस्या पर जब जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो वह गोल मोल जवाब देकर मामले को टरकाने का प्रयास करते हैं। ग्राम पंचायत के सचिव प्रमोद कुमार का कहना है कि गांव में एकमात्र महिला सफाई कर्मी की नियुक्ति है, जो बमुश्किल विद्यालयों की ही सफाई कर पाती है। उन्होंने गांव की नालियों और कूड़े के ढेरों को साफ कराने का दावा किया है। ऐसे ही खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा बताते हैं कि ग्रामीणों ने गांव की नालियों की सफाई न होने और गलियों व आम रास्तों पर जलभराव की शिकायत की है, जिस पर सचिव को जल्द ही नालियों की सफाई कराने और कचरे के ढेरों को हटवाने की हिदायत दी गई है। कहा कि बरसात से पहले जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करा कर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# जहरीला चारा खाने से सात गोवंशों की मौत

**कमासिन।** मानसूनी बारिश न होने से तेज धूप की वजह से खेत और मैदान में लगा हरा चारा जहरीला हो गया है। ब्लाक क्षेत्र के भदांव गांव में जहरीला चारा खाने से सात गौवंशों की मौत हो गई।

आसमान से बरस रही आग से धरती आग की तरह तप रही है। आम जनमानस के अलावा पेड़ पौधे तक झुलस रहे हैं। ऐसी दशा में खेत में हरे चारे के लिए बोई गई ज्वार चरी जहरीले होने लगी है। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत भदांव गांव में शिवनारायण वर्मा ने अपने खेत में हरे चारे के लिए ज्वार वोई थी। खेत में तार बाड़ी भी थी। लेकिन रात को किसानों के अन्ना गोवंश खेत के अंदर घुसकर ज्वार के पौधों को चर लिया। बारिश न होने से ज्वार की फसल जहर हो गई। जहरीला चारा खाने से सात गौवंश की मौत हो गई।

# सुलह के बाद साथ रहने को राजी हुए दंपति

कार्यालय संवाददाता, बांदा



परिवार परामर्श केंद्र ने कराया समझौता। अमृत विचार

- परामर्श केंद्र में दंपति को माला पहनाकर दी गई विदाई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक की ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में एक परिवार को टूटने से बचा लिया गया। दंपत्ति आपसी मतभेदों को भूलकर खुशी से एक साथ रहने को राजी हुए। पुलिस टीम और काउंसलरों ने दंपत्ति को माला पहनाकर विदाई दी।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिपए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केंद्र में मंगलवार को पुलिस टीम और समाजसेवियों ने परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए पांच परिवारों को टूटने से बचा लिया। फतेहगंज थाना क्षेत्र निवासी जाहिदा ने पति व ससुरालीजनों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया था। परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से संपर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनो पक्षों को समझाया गया। भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा सभी परिवारों को आपस में सामन्जस्य बैठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह देकर माला पहनाकर विदाई दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर सुरेशचंद्र जायसवाल, प्रदीप तिवारी, महिला कांस्टेबिल आशा वर्मा, उर्दू अनुवादक कनीज जहरा आदि उपस्थित रहे।

# बकरीद पर खुले में कुर्बानी की तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अतर्रा

- पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम ने दी चेतावनी
- बैठक में शामिल रहे धर्म गुरु व संभ्रांत व्यक्ति

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर प्रशासन अलर्ट है। पुलिस प्रशासन लगातार थानों में शांति समितियों की बैठक करा रहा है। थाना परिसर में धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम व सीओ ने बकरीद को लेकर शासन द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी। कहा कि बकरीद पर खुले में कुर्बानी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को ईदउल जुहा को लेकर हिंदू व मुस्लिम समाज के लोगों की एक बैठक हुई। इसमें एसडीएम रावेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी गवेंद्र पाल सिंह गौतम ने बताया कि जिस तरह से अभी तक हिंदू-मुस्लिम समाज के सभी त्यौहार व पर्व सामंजस्य के साथ मनाते हुए आए हो उसी तरह से आगामी पर्वों को भी शांति सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी तरह की कोई भी वैमनस्यता एक दूसरे के प्रति न पालें बल्कि अमन के साथ त्योहारों को संपन्न करने में अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण करें। बैठक में अधिकारियों ने सभी लोगों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि ईद के मौके पर होने वाली कुर्बानी प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के अंदर ही करवाए। कोई भी कुर्बानी घर के बाहर सड़क अथवा खुले स्थान पर न हो। यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि बकरीद पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी हरगिज नहीं होनी चाहिए। लोगों ने त्योहार पर निर्बाध बिजली एवं पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान थानाध्यक्ष पंकज सिंह, एसआई केडी त्रिपाठी के अलावा जाकिर अली उर्फ बच्चा, राजकिशोर बाजपेई, संजय साहू आदि उपस्थित रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम। अमृत विचार

# यात्रियों को बांटे ठंडे पानी के पाउच

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बैंक की तर्ज पर पहले रोटी जमा करना और फिर उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने का काम लगातार अंजाम दे रही रोटी बैंक सोसाइटी की समाजसेवा का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सोसाइटी ने रेलवे स्टेशन में गर्मी से बेहाल यात्रियों को पानी के ठंडे पाउच वितरित किए।

प्रदेश में आसमान से आग बरस रही है। तापमान भी 45 डिग्री से अधिक चल रहा है। लोग सुबह-शाम को ही अपने जरूरी काम के लिए निकलते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में लगे एसी कूलर को छोड़कर इस तपती दोपहरी में रेलवे स्टेशन पर जाकर ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को फ्री में पानी पिलाने का काम कर रहे हैं। जैसा नाम वैसा ही काम रोटी बैंक सोसाइटी का मतलब है कि जरूरतमंद का पेट भरना।

सोसाइटी स्वयंसेवकों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन में आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों में हजारों को लोगों को निःशुल्क पानी के पाउच वितरित करते हुए गर्मी से राहत दिलाई। इस मौके पर सीसीआई ब्रह्मानंद, स्टेशन अधीक्षक मनोज शिवहरे, जीआरपी थाना प्रभारी नुवेंद्र अग्निहोत्री, सीटीआई तारिक हुसैन, रिजवान अली, सुनील सक्सेना, मोहम्मद सलीम, गिरधारी लाल चैरसिया, आनंद कुमार नाग, आसिम खान, मोहम्मद अली, तबस्सुम फात्मा, तरन्नुम फात्मा, प्रीति शिवहरे समेत तमाम स्वयंसेवक मौजूद रहे।



रेलवे स्टेशन में यात्रियों को पानी बांटते समाजसेवी।

# एसी मिश्र को फिर मिली पीजी कॉलेज की कमान

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही एक बार फिर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्राचार्य पद पर फेरबदल हो गया। डा.एसी मिश्र को पुनः प्राचार्य पद की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।



डा.एसी मिश्र।

मंगलवार को अतर्रा महाविद्यालय के प्राचार्य पद का पदभार डा.अवधेश चन्द्र मिश्र ने संभाल लिया है। प्रबंधक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने श्री मिश्र को दोबारा कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त करते हुए उनसे कालेज की संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने का आदेश जारी किया है। डॉ एसी मिश्र ने बताया कि उन्हें एक बार फिर से प्राचार्य पद की जिम्मेदारी का निर्वहन करने का मौका मिला है। कालेज में पठन पाठन सहित समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ करने का काम उनके द्वारा किया जाएगा। बताते चलें करीब छह माह पहले डॉ.एसी मिश्र को हटाकर प्रबंधक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने कामर्स विभाग के वरिष्ठ शिक्षक पीपी पुरवार को प्राचार्य बनाया था। पीपी पुरवार द्वारा निजी पारिवारिक जिम्मेदारियों के तहत पद छोड़ने का आग्रह किया जाना बताया जा रहा है।

# एनडीआरएफ जवानों ने दिया बाढ़ से बचाव का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बबेरू तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का टीम ने किया दौरा
- पानी की बोतलों और केले के थम के इस्तेमाल के बारे में दी जानकारी

**अमृत विचार।** सरकार मानसून से पहले आम नागरिकों को आपदाओं के समय बचाव के लिए जागरुकता एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में एनडीआरएफ टीम ने बबेरू तहसील क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों का निरीक्षण करते हुए बाढ़ से बचाव का प्रशिक्षण देकर जागरूक किया। आपदा पीड़ित लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता की जानकारी दी। तहसील सभागार में राजस्व अधिकारियों को प्रशिक्षित कर दैवीय आपदा से बचाव के गुर सिखाए।

बाढ़ तथा प्राकृतिक आपदा के समय जान माल का नुकसान न हो, इसके लिए अब शासन के निर्देश पर गांवों में प्रशिक्षण देने की पहल शुरू हो गई है। 11वीं एनडीआरएफ उप महानिरीक्षक मनोज शर्मा व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को लखनऊ से आई एनडीआरएफ टीम ने बबेरू तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित मर्का, हरीपुर, बरुआ कछार, कछार, भैरफ, मिजार्पुर, समगरा आदि गांवों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव करने का तरीका सिखाया। इस दौरान बाढ़, चोट लगने पर रक्तस्त्राव को रोकने तथा सर्पदंश से बचाने के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को पानी के बोतल, केले के थम का इस्तेमाल कर बाढ़ के पानी से बाहर कैसे निकला जा सकता है, इसके बारे में भी बताया गया।

बाढ के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उधर, एनडीआरएफ टीम कमांडर इंस्पेक्टर अजय सिंह के साथ 10 सदस्यीय टीम ने तहसीलदार लखनलाल सिंह राजपूत की उपस्थिति में तहसील स्थित सभागार में राजस्व अधिकारियों को दैवीय आपदा से बचाव के उपाय बताए। बताया कि आपदाओं को पांच तरह की श्रेणियों में बांटा गया है। बाढ़, साइक्लोन, हवाएं, भूकंप, सुनामी, जमीन का धंसना, औद्योगिक, दुर्घटनात्मक एवं बायोलाजिकल तरह की आपदाएं होती है। आपदा के समय कुछ ऐसे भी तकनीक है जिसे ग्रामीण इलाकों में अपनाया जाता है। उन तरीकों व तकनीकों को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा के समय ये काफी भरोसेमंद साबित होते हैं जिससे जानमाल की होने वाली हानि को कम किया जा सकता है।



नदी के किनारे भ्रमण करते एनडीआरएफ के जवान। अमृत विचार



बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ करते प्रधान प्रतिनिधि।

# टूर्नामेंट में भाग लेंगी कई गांवों की टीमें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा गांव में जय मां बाछुल देवी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टूर्नामेंट का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की एक दर्जन से ज्यादा टीमें भागीदारी करेंगी। पतौरा गांव के बजरंगबली स्पोर्ट्स स्टेडियम में 12-12 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। पहले मुकाबले में महुआ टीम ने टास जीतकर पतौरा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आयोजन समिति अध्यक्ष ने बताया कि विजेता टीम को 11 हजार और उप विजेता टीम को 5100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। मैन आफ द टूर्नामेंट को एक हजार रुपये नगद पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा पहली गेंद पर विकेट लेने वाले को 101 और शतक लगाने वाले खिलाड़ी को 201 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन के दौरान शिवम शुक्ला राजा, आशुतोष तिवारी, पिंटू अवस्थी, अनुज त्रिपाठी, अंकुश त्रिपाठी, अर्जुन यादव, मुकेश यादव आदि रहे।

**सख्ती** सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में अलग-अलग मामलों में किया गया जुर्माना

# सड़क पर बोरिंग और मलबा फैलाने पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गुरहा कुआं चौक बाजार में सड़क पर हो रही थी बोरिंग
- चिल्ला रोड पर पड़ा था निर्माणाधीन मकान का मलबा

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग मोहल्लों में सड़क पर अतिक्रमण करने और सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने को लेकर दो लोगों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई है। एक मामले में जहां गुरहा कुआं में सड़क तोड़कर बोरिंग कराना भवन स्वामी को महंगा पड़ गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट और ईओ नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए काम रुकवा दिया और 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोंक दिया। वहीं दूसरे मामले में शहर के चिल्ला रोड में निर्माणाधीन मकान का मलबा सड़क पर फैलाने पर पांच हजार रुपए जुर्माना अधिरोपित किया गया है।



मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करते सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ।

बताया गया है कि संजय सोनी पुत्र जग्गा सोनी निवासी गुरहा कुआं चौक बाजार अपने आवास के बाहर सड़क को क्षतिग्रस्त करके बोरिंग का काम करा रहा था। मोहल्ले के लोगों ने मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने मौके पर पहुंचकर बोरिंग के काम को रुकवा दिया। नगर पालिका ने भवन स्वामी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने जुर्माना की धनराशि जमा न कराने की दशा पर आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के लिए एफआईआर दर्ज कराने की हिदायत दी है। कहा है कि लोग सार्वजनिक नाले, नाली और सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अन्यथा की स्थिति में जुर्माने के साथ ही कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे ही बांदा विकास विकास प्राधिकरण सचिव व सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला की अगुवाई में प्राधिकरण प्रर्वतन दल के सहायक अभियंता आरपी यादव और अवर अभियंता रवींद्र प्रकाश गुप्ता के साथ शहर के चिल्ला रोड पर निर्माणकर्ता द्वारा किये जा रहे निर्माण के लिए सड़क को अतिक्रमित करते हुए फैलाई गई गिट्टी व बालू को तत्काल हटवाया गया। साथ ही निर्माणकर्ता पर पांच हजार का अर्थदंड रोपित करते हुए प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। प्राधिकरण सचिव ने कहा कि कोई भी निर्माणकर्ता भवन बनवाए जाने पर सड़क पर मलवा इत्यादि न फैलाएं। चेतावनी दी कि सड़क पर निर्माण सामग्री ईंट, बालू, गिट्टी या अन्य निजी वस्तुओं को रखने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा।

# ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के रगौली गांव निवासी 18 वर्षीय शीलू पुत्र मुन्ना सिंह खुद की सीएनजी चलाता था। वह रविवार की शाम सवारी लेकर बांदा आ रहा था। वह देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलबई गांव के पास सीएनजी खड़ी कर सवारी उतार रहा था। तभी सामने से आ रहे एक अन्य टैपो ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ दूरी पर आटो भी पलट गया। मौके पर पहुंचे गांव वालो ने आटो सीधा कर उसे मौके से भगा दिया। घायल शीलू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### रिटायर्ड सिग्नल मैन ने ट्रेन से कट कर जान दी

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव के दादौ पुरवा निवासी 68 वर्षीय रामकिशोर पुत्र रामेश्वर सोमवार की शाम पड़ोसी के यहां तेरहवी संस्कार में शामिल होने गया था। तभी तुर्रा रेलवे लाइन पर उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। सुबह गांव के लोगो ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भतीजे बाबूलाल ने बताया कि रामकिशोर रेलवे का रिटायर्ड सिग्नल मैन था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसी के चलते उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के पछौहा गांव निवासी 19 वर्षीय सालिनी पुत्री मनमोहन ने सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। काफी देर बाद कमासिन से घर लौटी मां माया ने देखा तो वह अचेत पड़ी थी। आनन फानन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे वहां लाकर भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की मां ने बताया कि घर पर कोई नहीं था। जहर खाने का कारण अज्ञात है।

### आग से गौशाला में रखा 200 ट्रॉली चारा खाक

**बबेरू।** विकासखंड के ग्राम पतवन के ग्राम प्रधान केशरिया देवी व सचिव अजय सिंह ने खंड विकास अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार को अज्ञात लोगों ने गोवंश के भरण-पोषण के लिए रखे करीब 170 ट्राली पुवाल व 30 ट्राली कढ़िया पर अज्ञात लोगों ने आग लगाकर जला दिया है। सूचना पर ग्रामीणों की मदद एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग को बुझाया गया तब तक रखा हुआ पुवाल जलकर खाक हो गया। प्रधान ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# डहर्रा पहाड़ से डंपर गिरने से श्रमिक की मौत

## पत्थर खनन के दौरान हुई घटना में चालक सहित दो घायल, पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



घायलों को जिला अस्पताल भिजवाती पुलिस।



घटना के बाद एकत्र भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पत्थर मंडी डहर्रा में खनन कार्य के दौरान एक डंपर ऊंचाई से श्रमिको के ऊपर गिरने से एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई, जबकि डंफर चालक सहित दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और रेस्क्यू आपरेशन चलाकर पत्थर खदान से मजदूर के शव को बाहर निकाला और घायलों को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। श्रमिक और चालक की हालत नाजुक होने पर दोनों को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना कोतवाली महोबा के ग्राम डहर्रा पहाड़ की है। जहां पर कस्बा कबरई के मोहल्ला विशाल नगर निवासी गजराज पहाड़ खदान में ड्रिल मशीन से होल कर रहा था, उसी के पास एक और श्रमिक काम कर रहा है, उसी समय ऊंचाई से जा रहे डंपर चालक का संतुलन बिगड़ गया और डंफर खदान में गिरा, जिससे श्रमिक डंफर के नीचे दब गए। डंपर गिरने की आवाज सुनकर आसपास के श्रमिक व ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मजदूरों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक गजराज की मौत हो चुकी थी। पुलिस और ग्रामीणों के अलावा अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पड़ोसी जनपद छतपुर के ग्राम चंद्रवारा निवासी राजकुमार (28) पुत्र गुलाब और डंफर चालक बरदानी पुत्र मैकू नाजुक हालत में जिला अस्पताल एम्बुलेंस की मदद से पहुंचाया गया। डंफर के पत्थर खदान में पलटने की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में ग्रामीणों, मजदूरों और मृतक के परिजनों सहित भीड़ एकत्र हो गई। डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण दोनों को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर दोनो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पत्थर खदानों में लापरवाही के चलते आएदिन श्रमिकों की मौत होती रहती है, कभी खदान में ट्रैक्टर गिर जाने, तो कभी डंफर गिरने से अक्सर श्रमिकों को मजदूरी के बदले जान गवांनी पड़ती है।

## टैंकर से पानी भरने को लेकर विवाद युवती को पीटा

**महोबा।** कस्बा कबरई के राजीव नगर में टैंकर से पानी भरते समय दो युवतियों में कहासुनी हो गई और मामला बढ़ जाने पर एक युवती के परिजनों ने दूसरी युवती को मारपीट कर दी। पीड़िता ने युवती सहित उनके अन्य परिजनों के खिलाफ मारपीट किए जाने की पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रोहिणी पुत्री रामसनेही ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ले वासियों को पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान द्वारा टेंकर भेजा जाता है, जिससे लोग पानी भरकर अपनी जरुरत को पूरा करते हैं। बताया कि टेकर से पानी भरते समय मोहल्ले की एक युवती अपने बर्तन लेकर जबरन पहले पानी भरने लगी और मान किया तो अभद्रता करने लगी, जिस पर मेरे द्वारा विरोध किया करने पर उसने अपने भाई सहित अन्य परिजनों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे चोटे आ गई।

# दो घरों पर चोरों का धावा लाखों का माल उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बेटी के रखे जेवर ले गए, भाई का घर भी नहीं छोड़ा

**अमृत विचार।** जिजिले के ग्राम इमलियाडांग के दो मकान को चोरो ने निशाना बताते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर चंपत हो गए।

तहसील चरखारी के ग्राम इमलियाडाग निवासी द्रगपाल व उसका भाई हरिकिशन पुत्रगण ब्रजलाल गर्मी के चलते दोनो परिवार के लोग अपने अपने मकान की छत पर सो रहे थे, तभी अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश किया और कमरे में पहुंचे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगद और सोने चांदी के आभूषणों को लेकर चंपत हो गए। सुबह जब गृहस्वामी नीचे आए कमरे में पहुंचा तो अलमारी का ताला टूटा और सामान बिखरा देख घबरा गया। द्रगपाल ने बताया कि उसकी पत्नी और विवाहिता बेटी मजदूरी करती है, जिस कारण वह गांव से बाहर रहती है। इसलिए पुत्री का सारा जेवर घर पर ही रखा था। जो चोर चोरी कर चंपत हो गए। उसने बताया कि आभूषण और नगदी सहित करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पर चोरो ने हाथ साफ किया है। इसके बाद चोरों ने भाई हरिकिशन के घर पर चोरी करते हुए हजारों रुपये के जेवर और नगदी उड़ा ले गए। पीड़ितों द्वारा पुलिस को तहरीर देकर चोरो की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

एक ओर पुलिस द्वारा अवैध असलहा बनाने वालों, अवैध शराब का कारोबार करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर उन पर कार्रवाई की जा रही है । वहीं दूसरी तरफ पुलिस द्वारा चोरों के खिलाफ कोई ठोस कदम न उठाए जाने से उसके हौसले बुलंद होने से आएदिन जिले मे कहीं न कहीं चोरी की वारदात हो रही है।

# प्लाट पर कब्जे की कोशिश का आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा



एसपी कार्यालय के बाहर प्रार्थना पत्र लेकर खड़ा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

- एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला भटियाना में एक दबंग परिवार द्वारा मोहल्ले के ही एक महिला के प्लाट पर जबरन कब्जा किया जा रहा है और प्लाट में चल रहे निर्माण कार्य में अड़चन पैदा करते हुए निर्माण कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। प्लाट पर निर्माण कार्य न किए जाने का विरोध किया गया तो उक्त लोगों ने एक राय होकर प्रार्थी के पति की मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता द्वारा इस संबन्ध में संबन्धित पुलिस चौकी में शिकायती पत्र दिए जाने के बाद आज तक कार्रवाई न होने से परेशान होकर मंगलवार को पीड़िता परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंची और शिकायती पत्र देकर प्रकरण से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता प्रभादेवी शर्मा पत्नी प्रेमचंद्र शर्मा ने बताया कि शहर के मोहल्ला भटियाना चकोटा वार्ड मगरियापुरा की निवासी है। प्रार्थी ने बताया कि उसका मोहल्ले में ही 1600 वर्ग फिट जमीन है, जिस पर पिलर व कुछ दीवारों का निर्माण कराकर उस पर गेट लगा पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोहल्ले का एक दबंग परिवार अपनी दबंगई के बल पर प्लाट पर जबरन कब्जा करने पर आमादा है। बताया कि 9 जून करीब नौ बजे उक्त दबंग परिवार एक राय होकर घर आए और प्लाट अपना बताने लगे।

## बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**महोबा।** शनिवार को बाइक से लौटते समय शहर के मुख्य मार्ग में बाइक असंतुलित हो गई। बाइक सवार युवक सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

शहर की मोहल्ला गांधीनगर निवासी कपिल (31) पुत्र निर्भय सिंह मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहा था। तभी शहर के मुख मार्ग में एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में भाई का संतुलित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे कपिल के सिर व शरीर में चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा।

# तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा




उपभोक्ता के मकान पर बिजली चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

- 15 उपभोक्ताओं को स्वीकृत भार से अधिक लोड मिलने पर दी चेतावनी

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग द्वारा टीमों का गठन कर जिले में बिजली चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के तहत घरेलू, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के संयोजनों को चेक किया। चेकिंग अभियान दौरान तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही 15 उपभोक्ताओं को स्वीकृत भार से अधिक लोड पाए जाने पर चेतावनी देते हुए लोड बढ़ाए जाने के लिए आदेशित किया गया।

पावर कॉरपोरेशन लखनऊ एवं आगरा मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में अधीक्षण अभियंता विद्युत महोबा आरएस गौतम के निर्देशानुसार जनपद महोबा में विद्युत चोरी एवं अनियमितताएं रोकने के लिए टीमों को गठित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत मगलवार को घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के संयोजनों की चेकिंग की गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि चेकिंग दौरान तीन जगह विद्युत चोरी करते हुए लोग पकड़े गए जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अग्रिम कार्रवाई की गई। उन्होने बताया कि चेकिंग अभियान दौरानं 15 उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकृत भार से अधिक लोड पाया गया और उक्तं उपभोक्ताओं एवं संबंधित अभियंताओं को चेतावनी देते हुए लोड बढ़ाने के लिए आदेशित किया गया। बिजली चेकिंग टीम को देखते ही विद्युत उपभोक्ता अपने अपने घरों में ताला डालकर इधर उधर खिसक लिए। चेकिंग टीम द्वारा घरों में लगे मीटर को ही चेक कर वापस लौटना पड़ा। बिजली चेकिंग अभियान के चलते कटिया डालकर एसी का उपयोग करने वाले और चोरी से बिजली का उपयोग करने वालों में खलबली मची रही। अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा स्वीकृत भार तक ही डिमांड उपभोग करने के लिए सलाह दी गई साथ ही विद्युत अधिनियम के विरुद्ध बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सात जून को विवाहिता की मौत के बाद पिता ने थाना खरेला में दी तहरीर

**अमृत विचार।** थाना खरेला के ग्राम बारी में एक नवविवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या किए जाने के मामले मे मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के ससुराल की तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामाले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब है कि 23 नवम्बर 2023 को महिपत सिंह निवासी ग्राम गहरा ने अपनी पुत्री संध्या का विवाह ग्राम बारी निवासी सौरभ तोमर से हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था और अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर उसे विदा किया था। सात जून को संध्या की जहर खाने से मौत हो गई थी, जिस पर उसके पिता ने बेटी की मौत का कारण ससुरालीजनों द्वारा उसे प्रताड़ित कर दहेज की मांग को बताते हुए थाना खरेला में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की थी।

थाना खरेला पुलिस द्वारा मृतका के पति सौरभ, सुसर ज्ञान सिंह, सास उर्मिला, पति का चाचा राजू सिंह, ननद सोनम व निशा के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 304 एव दहेज एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# जिला अस्पताल की दशा खराब, पीट रहे लकीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



इमजेंसी वार्ड में बिना चादर के बेड में बैठे मरीज। अमृत विचार

- आईसीयू के एसी तक खराब बेड पर चादर भी नहीं

**अमृत विचार।** शासन द्वारा मरीजों को अब सरकारी अस्पतालों में भी प्राइवेट अस्पतालों की तरह सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वार्डों, इमजेंसी वार्ड और बच्चा वार्ड में एसी, पंखे और कूलरों की व्यवस्था कराई गई है। इसके बाद भी जिला अस्पताल में एक साल तक एसी की सर्विस न कराए जाने से कई वह नाममात्र की ठंडी हवा दे रहे है, जिससे मरीजों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं इमरजेंसी वार्ड में लगे कई पंखे सोमवार की रात को न चलने और बेड पर चादर न होने से मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से आईसीयू वार्ड बना दिया गया। उसमे मरीजों के लिए एसी और पंखे भी लगा दिए गए, लेकिन आईसीयू के एसी खराब होने से उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। कई वार्डो में आने वाले मरीजों को धुली चादर की भी व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। कुछ बेड में मरीज बिना चादर के लेटे पाए गए, जिससे मरीजों को बिना चादर में गर्म बेड होने के कारण मजबूरन लेटना पड़ रहा है।

सोमवार की रात जिला अस्पताल के इमरजेंसी में उपचार करा रहे मरीजों ने बताया कि रात को कई पंखे खराब होने के कारण नहीं चल रहे थे। चिकित्सक कक्षों में मरीजों के साथ साथ डाक्टरों को एसी, पंखे और कूलर की हवा लगातार मिल रही है।

# किसानों के उत्पीड़न के विरोध में ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ज्ञापन में बिजली विभाग के एसडीओ पर लगाया आरोप कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के उपखंड कार्यालय कबरई में तैनात एसडीओ द्वारा किसानों का आर्थिक शोषण और उत्पीड़न किए जाने के विरोध में भारतीय हलधर किसान यूनियन ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो किसान यूनियन धरना प्रदर्शन कर विरोध जताने के लिए विवश हो जाएगा।

बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता फैजल खान को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि एसडीओ कबरई द्वारा कुछ अपने चहेते कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के बिल कम करवाने का ठेका लिया जाता है और कुछ उपभोक्ताओं के सीधा एसडीओ द्वारा लेनदेन किया जाता है। ज्ञापन में बताया कि उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई, जिस पर एसडीओ द्वारा उपभोक्ताओं को धमकाने का भी आरोप लगा है कि अगर मेरी शिकायत किसी से करोगे तो तुम्हारे रुपए भी चले जायेंगे और बिल भी पुनः जोड़कर भेज दूंगा। किसानों का शोषण करने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा यह भारतीय हलधर किसान यूनियन का वादा है।

बैठक

हीटवेव, सूखा और बाढ़ से बचाव के बंदोबस्त की डीएम ने की समीक्षा

# अस्पतालों में खोले जाएं ठंडे पानी के प्याऊ व ओआरएस काउंटर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समीक्षा बैठक लेते डीएम मृदुल चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हीटवेव, सूखा और बाढ़ से बचाव के प्रबंध के सम्बन्ध में विभागों द्वारा तैयार की गई कार्य योजना और किए जा रहे कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में प्याऊ खोले जाएं। जिससे लोगों को ठंडा पानी मिल सके। साथ ही ओआरएस काउंटर स्थापित करें एवं लू से प्रभावित लोगों को अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद महोबा की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रति वर्ष माह अप्रैल से जून तक प्रायः 40 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान हो जाने के कारण लू की स्थिति व संभावित सूखे के दृष्टिगत विभागवार बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र के समस्त बंद पड़े हैंडपम्पो का मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर क्रियाशील किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल से संबंधित शिकायतों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाए। राजकीय तथा निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखर भरवाये जाने का कार्य किया जाए, जिससे गोवंशों को पीने का पानी मिल सके तथा जिन ग्रामों में सूखे की स्थिति में वाटर लेवल अत्यंत कम हो गया है, वहां पर टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रूट चार्ट तैयार करने तथा यांत्रिक दोष से बंद पड़े नलकूपों की मरम्मत कराकर उन्हें क्रियाशील किया जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के मुख्य चौराहों पर प्याऊ खोले जाए, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी पीने के लिए मिल सके। नगर पालिका ईओ ने बताया कि 18 टेंकरो के माध्यम से लोगों के पास पानी पहुंचाया जा रहा है सलैया नाथूपूरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 25 एमएलडीडब्ल्यूटीपी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पानी की कमी है वहां पर टैंकरों के द्वारा पानी की सप्लाई की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत से संबंधित जो भी शिकायत आती है उसका तुरंत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने लू प्रकोप एवं गर्म हवाएं से बचाव के लिए भी सुझाव दिये। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में नाले व नालियां की साफ-सफाई बरसात से पहले कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि हीटवेव के संबंध में मजदूरों को जागरूक किया जाए।

### बाढ़ से निपटने के लिए बनाई गईं 11 चौकियां

बारिश के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस विभाग की बाढ़ के लिए 11 चौकिया जनपद में स्थापित की गई है, ये सभी चौकीयां बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए तत्पर रहेगी, जिससे बारिश के मौसम में बाढ़ आन पर उस इलाके के लोगों को सचेत करके बाढ़ की चपेट में आने से बचाया जा सके साथ ही बाढ़ के बावत अधिकारियों को भी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

### 55 तालाब व 28 पोखरों को भरे जाने का दावा

भीषण गर्मी, तेज धूप और हीटवेव को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 55 तालाब बांधों से भरवाए गए। इसके अलावा 28 पोखरों को भी भरवाया गयां, जिससे भीषण गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों और गोवंशों बचाया जा सके और अन्ना मवेशियों को पीने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। सिंचाई विभाग अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर तालाब और पोखरों को भरे जाने की व्यवस्था की गई है।

# कार्डधारक परेशान, खाद्यान्न को लाले

कार्यालय संवाददाता, महोबा



खाद्यान्न लेकर जाते कुछ राशन कार्डधारक। अमृत विचार

- दो दिन से सर्वर न चलने से पॉस मशीनें नहीं ले रही कार्डधारकों का अंगूठा

**अमृत विचार।** ई-केवाईसी कराए जाने के शासन के आदेश के बाद अब कोटेदार और राशन कार्डधारकों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। कारण, जिले में सर्वर की समस्या के चलते खाद्यान्न वितरण करना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ सर्वर के आने जाने से ई-केवाईसी करने से कार्डधारकों को अब राशन सामग्री लेने के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। सर्वर आने और फिर चले जाने के कारण दो दिन से पॉस मशीनें नहीं चल रही है। मंगलवार को एक बजे के बाद पॉस मशीनें चालू होते ही राशन के लिए कई दिनों से भटक रहे कार्डधारको की भारी भीड़ जमा हो गई। पहले राशन पाने के चक्कर में कुछ कार्डधारक होहल्ला मचाने लगे, जिससे अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया।

गौरतलब है कि शासन ने परिवार के सभी सदस्यो की ईकेवाईसी कराने की जिम्मेदारी कोटेदारों को दी है, इसके बाद ही कार्डधारकों को राशन समग्री वितरित की जाएगी, जबकि जिले में सर्वर अक्सर फेल रहने से कार्डधारको का ईपॉस मशीनों में अंगूठा नहीं लग पा रहा है, जिससे दो दिन से खाद्यान्न लेने के लिए भटक रहे कार्डधारक न तो काम पर जा पा रहे और न ही राशन सामग्री ले पा रहे है। मंगलवार को दूसरे दिन फिर से कार्डधारक खाद्यान्न लेने को जमा हो गए और सर्वर आने की उम्मीद में बैठे रहे। दिन में एक बजे के बाद सर्वर आते ही कार्डधारक खाद्यान्न पाने के लिए होहल्ला करने लगे, जिस पर कोटेदार ने सभी को बुलाकर उनके राशनकार्ड जाम करा लिए और एक एक करके नंबर आने के बाद राशन वितरण किया, लेकिन साढ़े चार बजे तक मौजूद पचास फीसदी भीड़ को ही खाद्यान्न वितरित हो सका, शेष कार्डधारकों को अगले दिन राशन वितरित किया जाएगा।

खाद्यान्न सामग्री वितरण कार्य शुरू हो गया है। तीन दिन से वितरण कार्य शुरू हो गया, लेकिन नेटवर्क आने और जाने के कारण चंद लोगों को खाद्यान्न मिल सका। दो दिन तक सर्वर की समस्या को देखते हुए कार्डधारक घंटों इंतजार करने के बाद भी सर्वर न आने पर तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच बिना राशन लिए घर वापस लौट गए।

## एक नजर

### गालीगलौज और मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बा निवासी गौरव निगम ने धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी नरेंद्र वर्मा, वीरेंद्र वर्मा पर दरवाजे में आकर अकारण गालीगलौज कर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर के आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व गौरव निगम के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था।

### कब्रिस्तान की जमीन में कब्जे की शिकायत

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुसियारी निवासी अतीक अहमद पुत्र नसीरुद्दीन ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में अपनी पैत्रिक कब्रिस्तान की जमीन पर गांव के जमीरुद्दीन, हिलालुद्दीन और मेराजुद्दीन आदि ने अवैध कब्जे की नियत से बुलडोजर चला दिया। वह इसके पहले भी ग्राम समाज की जमीन पर उक्त लोगों ने कब्जा कर रखा है। पीड़ित की शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को मामले की जांच का आदेश दिया है।

### मामूली विवाद को लेकर युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** धिकासी थाने के जिगनी गांव में कुछ युवकों ने एक युवक को जमकर पीटा। घायल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिगनी गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र लक्ष्मीराम ने बताया कि वह अपने घर से नदी की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव का बृजेश कुमार पुत्र भगत सिंह व श्रीकांत ने बेवजह इसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने रोका तो आरोपियों ने उसे जमकर पीटा।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बिहूनी गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। बिलगांव गांव निवासी मानसिंह पुत्र राछी ने बताया कि बिलगांव से वापस कस्बा राठ आ रहा था। तभी रास्ते में बिहूनी गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार युवक मानसिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कृत्रिम गर्भाधान से बकरियों का किया जाएगा नस्ल सुधार

## जिले में बकरी पालन के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाएगा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- जिले में जमुनापारी प्रजाति की बकरियों का होता पालन
- नस्ल सुधार से बकरी पालकों की आय में होगी बढ़ोतरी

### कई बीमारियों से भी होगा बचाव

नस्ल सुधार से कई बीमारियों से बचाव होगा, जिनमें मुख्यत: मोनियोसिस, ब्रुसेलोसिस आदि शामिल है। कृत्रिम गर्भाधान के लिए पशुपालक को अपने नजदीकी पशु अस्पताल में बकरी लेकर जाना होगा। साथ ही अपना मोबाइल नंबर, आधार कार्ड की फोटो कॉपी भी देना होगा। पंजीकरण के बाद दो बार मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगी। प्रक्रिया पूरी कर बकरी का कृत्रिम गर्भाधान किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रहेगी।

**70** हजार से अधिक लोग कर रहे बकरी पालन

**03** प्रजाति की बकरियों का सीमेन जिले में आया

**250** बकरियों के नस्ल सुधार का मिला लक्ष्य

पहली बार 250 बकरियों का कृत्रिम गर्भाधान कराने का लक्ष्य मिला है। नस्ल सुधार से उन्नत किस्म के बकरे व बकरियां पैदा होंगी। दूध उत्पादन के साथ ही बकरियों में होने वाली बीमारी भी कम होगी। साथ ही बकरी पालक की आय में बढ़ोतरी होगी।
**-डॉ. अरविंद कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी**

**अमृत विचार।** जिले में पहली बार बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कर नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके लिए शासन ने जिले को पहले चरण में 250 बकरियों का नस्ल सुधार कराए जाने का लक्ष्य दिया है। अभी तीन प्रजाति की बकरियों का सीमेन भी आ गया है।

जिले में करीब 70 हजार लोग बकरी पालन के व्यवसाय से जुड़े हैं। जो करीब तीन लाख बकरियों का पालन कर रहे हैं। बकरियों की नस्ल सुधारने व इनमें फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए शासन ने पहली बार बकरियों का कृत्रिम गर्भाधान कराए जाने का लक्ष्य आवंटित किया है। जिले में अधिकांश जमुनापारी प्रजाति की बकरियों का लोग पालन करते हैं। हालांकि अभी तक पशुपालन विभाग केवल गाय व भैंसों का ही कृत्रिम गर्भाधान करता था, लेकिन अब बकरियों का भी कृत्रिम गर्भाधान कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने तीन प्रजाति बरबरी, बीटेल व जखराना का सीमेन भेजा है। इससे जहां अच्छी नस्ल तैयार होगी, वहीं अधिक वजन के बकरे व बकरियां भी होंगी। इनमें मांस भी अधिक होगा। जिससे आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक रूप से कमजोर व कम पढ़े लिखे लोगों के लिए बकरी पालन एक अच्छा व्यवसाय है। पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन विभाग तमाम कवायदों में जुटा है। शासन ने तीन प्रजाति का सीमेन आवंटित कराया है। जिसमें बरबरी का 150, बीटेल का 50 व जखराना का 50 कुल 250 सीमन का लक्ष्य आवंटित किया है।

## जुलाई से कानपुर-खजुराहो मेमू ट्रेन

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** उत्तर मध्य रेलवे आगामी एक जुलाई से कानपुर खजुराहो के मध्य मेमू ट्रेन का संचालन शुरू करेगा। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से जारी की गई सूचना के अनुसार रेलवे कानपुर मानिकपुर मेमू ट्रेन की तरह कानपुर खजुराहो मेमू ट्रेन संख्या 04143 एवं 04144 का संचालन प्रतिदिन कानपुर से खजुराहो तथा खजुराहो से कानपुर के मध्य करेगा। इसके संचालन से यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा होगी।

बता दें कि अभी रेलवे कानपुर खजुराहो के मध्य सुबह शाम पैसेंजर ट्रेन का संचालन करता है। सुबह 5 बजे पैसेंजर ट्रेन खजुराहो से चलकर महोबा, बांदा, रागौल, भरुआ सुमेरपुर, घाटमपुर होकर कानपुर पहुंचती है। यही पैसेंजर ट्रेन शाम को 4.20 बजे कानपुर सेंट्रल से रवाना होकर बांदा, महोबा होकर रात को खजुराहो पहुंचती है। दैनिक यात्री बबलू वर्मा, रंजीत कुमार, महेश कुमार, जगदीश, राजकुमार, धीरू यादव, गुड्डू आदि ने कहा कि अगर कानपुर खजुराहो के मध्य मेमू ट्रेन चलती है तो इससे यात्रियों को सुविधा होगी और समय भी बचेगा। क्योंकि मेमू ट्रेन के संचालन से समय की बहुत बचत होती है और यात्रियों को असुविधा नहीं होती।

## सार-संक्षेप



शिक्षक को सिमकार्ड देते खंड शिक्षाधिकारी। अमृत विचार

### ब्लाक क्षेत्र के 216 अध्यापकों को बांटे गये सिम कार्ड

**मौदहा।** स्कूलों में अध्यापकों द्वारा सूचनाओं के आदान प्रदान और डाटा एंट्री के लिए अध्यापकों को सिम कार्ड वितरण किए गए। हालांकि टैबलेट का वितरण पहले हो चुका है। कस्बे के ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में 216 शिक्षकों को सिम कार्ड बांटे गए। जबकि तीस शिक्षकों के लिए अभी भी सिम कार्ड रखे हुए हैं। इस दौरान मोहम्मद सईद सिद्दीकी, मोहम्मद अशरफ, अमित त्रिपाठी, मुनीर अहमद, शिवेंद्र सिंह, नरेंद्र, आशीष सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि बच्चों की संख्या, सहित अन्य जानकारी के आदान प्रदान करने के लिए पहले टैबलेट बांटे गए थे। उन्हीं शिक्षकों को अब विभाग द्वारा सिम कार्ड बांटने का काम किया गया है। कुल 246 सिम कार्ड आए हैं, जिनमें से मंगलवार को 216 शिक्षकों को बांटे गए हैं। बाकी शिक्षक जैसे आएंगे उन्हें दिए जाएंगे।

### मोबाइल हैक करने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**मौदहा(हमीरपुर)।** मोबाइल फोन हैक करने की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में कई लोगों को चोटें आईं हैं। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम मुटनी निवासी इसरार ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी गांव के पीर मोहम्मद, जीशान, अरमान, चांदबाबू, अलीम आदि अपने हाथ में लाठी डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और मां बहन की गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही बचाने आए उसके भाई इकरार को भी बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करा मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है, दोनों पक्षों के चोट लगी है और दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### प्रधान संघ ने सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** प्रधान संघ ने गेट वे पेमेंट पोर्टल सिस्टम से संबंधित आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें उन्होंने पूर्ववत प्रधान सचिव के माध्यम से भुगतान कराए जाने की मांग की है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उ.प्र. के मंडल उपाध्यक्ष आनंद अशोक सचान ने ज्ञापन में कहा कि पंचायतीराज उ.प्र. द्वारा पारित गेट वे पेमेन्ट पोर्टल सिस्टम से संबंधित आदेश जनता द्वारा चयनित प्रधानों की पंचायतीराज एक्ट में वर्णित प्रावधानों के खिलाफ है तथा इससे प्रधानों की घोर हकतलफी भी हो रही है। प्रधान संगठन पूर्णतया उक्त आदेश को निरस्त कर पूर्ववत प्रधान व सचिव के माध्यम से ही पेमेन्ट कराये जाने सहित मनरेगा मजदूरों व मैटेरियल भुगतान समय से करवाये जाने की मांग की है। इस मौके पर कुंडौरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह, आनंद अशोक सचान मंडल उपाध्यक्ष, बिदोखर मेदनी प्रधान लालाराम यादव, अशोक यादव बिरखेरा, जीतेन्द्र खरे, रामबचन यादव, अरविंद निषाद, गुरु प्रताप इंगोहटा, मुकेश भवानी एवं प्रधान संगठन के समस्त प्रधान मौजूद रहे|



डीएम को ज्ञापन देते प्रधान संघ के पदाधिकारी।

# ईदगाह में जाली लगाने की उठी मांग, मिला आश्वासन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में कमेटी द्वारा बाउंड्रीवाल के पास जाली लगाने के विवाद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें जाली लगवाने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने मुस्लिम समाज के लोगों से वार्ता कर जांच कराने का भरोसा दिया है।

कस्बे के कुर्रा रोड़ स्थित ईदगाह बुंदेलखंड में एक अलग स्थान रखती है। हर साल ईद पर ईदगाह में हजारों मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करते हैं। सोमवार को ईदगाह कमेटी ने बाउंड्री के बाहर खाली पड़े स्थान पर लोहे की जाली लगाने के दौरान हिंदू पक्ष के कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने जाली लगाने का काम रुकवा दिया था। जिससे मुस्लिम समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया था।

सोमवार को शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एसडीएम विपिन प्रकाश शिवहरे के कार्यालय में पहुंचे।

मुस्लिम समाज के लोगों ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दक्षिण के गाटा संख्या 656 व 659 गाटा पर ईदगाह स्थित है। बताया ईदगाह सरकारी गजट दो अप्रैल 1988 क्रमांक 13 व नगर पालिका अभिलेखों में मोहल्ला जुलहैटी वार्ड 15 में दर्ज है। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना था कि वह अपनी जमीन पर जाली लगा रहे हैं।

इस दौरान एसडीएम विपिन प्रकाश शिवहरे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वह एक जांच कमेटी बनाकर इसकी जांच कराएंगे। कहा कि जिस भाग में जाली लगाई जा रही है वह जमीन नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बनी है या फिर ईदगाह की। प्रार्थना पत्र के दौरान डा. सुल्तान बेग, शहजाद मंसूरी, करीब मोहम्मद, दानिश खान, इनायत खां, मोहम्मद राशिद अंसारी वारसी, लाल खां, मुश्ताक अहमद, अबरार खां, सभासद नसीमा अंसारी, रईस अहमद समेत अनेक लोग रहे।



कार्यालय में एसडीएम से वार्ता करते मुस्लिम समाज के लोग।




वर-वधू को आशीर्वाद देते आयोजक मंडल के सदस्य। अमृत विचार

# 36 जोड़ों ने जयमाल डाल चुना हमसफर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- नेशनल ग्राउंड में सर्व जातीय सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन
- एक दूसरे को वरमाला डालने के बाद अग्नि के सात फेरे लिया

**अमृत विचार।** कस्बे के नेशनल ग्राउंड में आयोजित सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 36 जोड़ों ने एक दूसरे के वारमाला डालकर जीवन साथ निभाने का वादा कर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी और सोनी समाज के प्रतिष्ठित राधा सोनी और गोपाल सोनी द्वारा कस्बे के नेशनल कॉलेज खेल ग्राउंड में सर्व जातीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के तीन दर्जन जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाल और धार्मिक अनुष्ठान के साथ दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

इस दौरान आयोजक मंडल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। सोनी दंपति द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। इस दौरान आदर्श चतुर्वेदी, रिंकू गुप्ता, रामकृपाल यादव, रामनरेश पाल, ब्रजेंद्र परिहार, सूरज सोनी, सौरभ अनुरागी, राहुल अहिरवार, रवि कुशवाहा आदि का विशेष योगदान रहा।

## जर्जर तार बदलने की उठाई आवाज

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बा के वार्ड 07 मालिकुआं के सभासद ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वार्ड में बिजली के जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की है।

वार्ड 07 के सभासद अमरेंद्र कुमार ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ले की विद्युत लाइन काफी समय से लगे हुए हैं, जो जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते तार आए दिन टूटते रहते हैं। इनको बदलने के लिए कई बार एसडीओ व जेई से कह चुके हैं, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# रात के अंधेरे में होता मिट्टी खनन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते अवैध मिट्टी का खनन जोरों पर चल रहा है। रात के अंधेरे में सैकड़ों की तादाद में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। प्रशासन का अंकुश न होने से मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं। जिससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व का चूना लग रहा है।

गौरतलब है कि इस समय अवैध मिट्टी का खनन जोरों पर हैं। कस्बे के चरखारी रोड़ कस्बा खेड़ा के पास से रात के समय अवैध खनन बदस्तूर जारी है। शाम ढलते ही जेसीबी मशीनें अवैध मिटटी की खुदाई करने में जुट जाती है। इसके बाद देर रात सैकड़ों की तादाद में ट्रैक्टरों में मिट्टी लादकर बेरोकटोक धड़ाधड़ कस्बे की गलियों और सड़कों पर भर्राटा भरते हैं। बताया जाता है कि इस मिट्टी के अवैध खनन में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त है। इसी तरह से उरई मार्ग पर भी अवैध मिट्टी का मौरंग खनन बदस्तूर जारी है। लोगों का कहना था कि दिन के समय भी अवैध मिट्टी से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर फर्राटा भरते हैं।



राठ कस्बे की गलियों में अवैध रूप से मिट्टी ढोते ट्रैक्टर।

# पूर्व प्रधानाचार्य पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चार दिन पहले घर के अहाते में दो युवकों ने की थी फायरिंग

**अमृत विचार।** कस्बे के अंबेडकर चौराहे पास चार दिन पहले गांधी इंटर कॉलेज गोहांड के पूर्व प्रधानाचार्य पर हुए हमले के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

8 जून की सुबह करीब 8 बजे गांधी इंटर कॉलेज गोहांड के पूर्व प्रधानाचार्य प्रेमपाल राजपूत अंबेडकर चौराहा स्थित अपने घर के बगल में दुकान पर बैठे थे, तभी दो अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आए और तमंचे से फायर कर भाग निकले। फायरिंग में पूर्व प्रधानाचार्य बाल-बाल बच गए। प्रधानाचार्य की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने फायर करने वाले आरोपी निखिल राजपूत व आशीष उर्फ अस्सू राजपूत निवासी चिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि स्वतंत्र राजपूत व मुमताज के कहने पर प्रेमपाल पर फायर किया था। फायर करने के लिए हम लोगों को स्वतंत्र व मुमताज ने 15,000 रुपये देने को कहे थे। बताया कि स्वतंत्र राजपूत पुत्र रामेश्वर राजपूत निवासी चिल्ली और मुमताज पुत्र रहीम बक्श निवासी कुर्रा को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा 315 बोर जिंदा कारतूस व रुपये बरामद किए हैं। कोतवाल ने बताया कि आरोपी निखिल के ऊपर राठ थाने में पांच और आशीष के ऊपर दो तथा स्वतंत्र राजपूत के ऊपर तीन तथा मुमताज के ऊपर जलालपुर थाने तथा राठ थाने में आधा दर्जन मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं।

**आने लगे किसान** लोकसभा चुनाव में खाली कराने पर 75 लाख रुपये राजस्व का हुआ नुकसान

# डेढ़ माह बाद फिर गुलजार हुई गल्ला मंडी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई नवीन गल्ला मंडी डेढ़ माह बाद फिर खरीद फरोख्त के लिए गुलजार हो गई है। डेढ़ माह में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मंडी परिषद को करीब 75 लाख राजस्व की क्षति हुई है।

लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी को अधग्रहित करके 20 अप्रैल को प्रशासन के निर्देश पर खाली कर दिया गया था। तब से आठ जून तक गल्ला मंडी के आढ़ती मंडी से बाहर ही खरीद प्राप्त कर रहे थे। आठ जून को मंडी को खरीद फरोख्त के लिए खोला गया। तब से मंडी गुलजार है। मंगलवार को मंडी में सभी गल्ला आढ़ती कारोबार में मशगूल रहे।

प्रभारी मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम ने बताया कि गत वर्ष गल्ला मंडी को अप्रैल मई जून में एक करोड़ 32 लाख 26000 का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस वर्ष अप्रैल मई में महज 49.84 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है। करीब 75 लाख राजस्व का नुकसान इस वर्ष मंडी में खरीद फरोख्त बंद होने के कारण हुआ है।

जून माह में इस राजस्व की भरपाई की कवायद अभी से शुरू कर दी गई है। ताकि पिछले वर्ष जून माह के राजस्व 39.36 लाख की भरपाई करके राजस्व के नुकसान की पूर्ति की जा सके।



गल्ला मंडी में ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो गई है। अमृत विचार

## युवक ने एसपी से लगाई न्याय दिलाने की गुहार

**हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के बंडा गांव निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर गांव के एक युवक से जान माल की रक्षा किए जाने की गुहार लगाई है।

बण्डा गांव निवासी तिलक सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि गत 5 जून को वह पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गया था। तभी गांव निवासी गुल्लू सिंह शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर उसके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत उसने 6 जून को बिवांर थाने में की। पुलिस ने किसी तरह की कार्यवाही नहीं की।

बीते 10 जून को रात करीब 8:00 बजे वह पड़ोसी गांव मवईजार से घर पर लौट रहा था। तभी नहर के समीप घात लगाकर गुल्लू सिंह ने उसके साथ फिर मारपीट की और जेब में पड़े रुपये छीनकर जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भुलसी विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर

पत्रांक .....1.0... / निविदा प्रकाशन / वित्त / 2024–25 दिनांक 10/06/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत भुलसी में वित्त योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0 / सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत / विकास खण्ड / जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रात: 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 12.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 20.06.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें ।

| क्र0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू0 में0) जी0एस0टी0 सहित | सामग्री अंश ( रू0 में0) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | सी0सी0/ नाली निर्माण कार्य भुन्नू वर्मा के घर से अरविन्द वर्मा तक | 363389.00 | 302631 | 6052 | 250+18 प्रति0 जी0एस0टी0 सहित | 3 माह |
| 2. | सी0सी0/नाली निर्माण कार्य बन्दर वर्मा से बाबू के दरवाजे तक | 366958.00 | 305746 | 6114 | 250+18 प्रति0 जी0 एस0टी0 सहित | 3 माह |
| 3. | सी0सी0/ नाली निर्माण कार्य रमाशंकर के घर से नरेन्द्र सिंह के घर तक | 220800.00 | 178525 | 3570 | 250+18 प्रति0 जी0एस0टी0 सहित | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :–** 1. निविदा प्रपत्र / कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा ।, 2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/ डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत भुलसी वि0ख0 मौदहा – हमीरपुर के नाम बंधक/ देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा ।3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा। , 4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।, 5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।, 6. प्रथक – प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।, 7. फर्म / सप्लायर कार्य स्थल का भली भांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा ।, 8. ग्राम पंचायत / समिति / अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है। , 9. उक्त सामग्री घट या बढ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा ।10. शासनादेश सं0 730 / 33–3–2022–11 / 2022 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये ।11. शासनादेश सं0 137 / अडतीस – 7 – 2022–63 नरेगा / 2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21. 03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें । 12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये ।13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये ।

**लल्लूराम (ग्राम प्रधान)** **नितेश कुमार सिंह (ग्राम पंचायत अधिकारी)**
ग्राम पंचायत भुलसी विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मनमकीखुर्द विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2024–25 दिनांक 10/06/2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/ सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 18/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत मनकीखुर्द विकास खण्ड कुरारा में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 12/06/2024 से दिनांक 17/06/2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 18/06/2024 को 11 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी तथा दिनांक 18/06/2024 को ही समय 12 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 12/06/2024 से दिनांक 17/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीखुर्द विकासखंड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफडीआर, सीडीआर के रूप में जो ग्राम विकास अधिकारी मनकीखुर्द के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 मे) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य + टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य राजेश पुत्र पप्पू के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |
| 2. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य बालेन्द्र पुत्र नवाब सिंह के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |
| 3. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य मुन्नू पुत्र गोपाल के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |

**अन्य शर्ते :–** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।, 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी।, 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। , 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।, 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।, 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। , 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एमएम–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।, 8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5, टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।, 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नही दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।

**(ग्राम प्रधान)** **ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत मनकीखुर्द विकासखण्ड कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### निर्माणाधीन मकान से गिर कर मजदूर की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना के बिहारी पुरवा निवासी 35 वर्षीय रामलखन पुत्र फूलचंद सोमवार की शाम पड़ोसी रामविशाल के निर्माणाधीन मकान में छत की ढलाई कर रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ जाने से रामलखन छत से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मकान मालिक ने उसे सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई मातादीन ने बताया कि रामलखन पांच भाईयों में छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी पुष्पा के अलावा दो पुत्र छोड़ गया है।

### पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला

**चिल्ला।** चिल्ला थाना क्षेत्र के महेदू गांव में पत्नी चुन्नी कुशवाहा (55) पति भजनलाल कुशवाहा (62) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पति के हमले से घायल पत्नी को परिजनों ने तिंदवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डाक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### मादक पदार्थ की तस्करी में छह माह की कैद

**हमीरपुर।** मादक पदार्थ की तस्करी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी को छह माह की सजा सुनाई है। वहीं पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस ने 27 जनवरी 2024 को मुस्करा थाना क्षेत्र के रौरी गांव निवासी सोहेल को एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी सोहेल को छह माह की सजा सुनाई है।

### बारिश से पहले कराएं नाला-नालियों की सफाई

**बांदा।** जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों व नगर पालिका और नगर पंचायत अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए गोवंश संरक्षण और बारिश से पहले नाला-नालियों से संबंधित कार्यों की प्रगति जानी। कहा कि माइक्रो प्लान बनाकर बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई कराएं। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण एवं वर्षा के पूर्व नाले नालियों की सफाई से संबंधित कार्यों को पूरा कराने संबंधी बैठक हुई। डीएम ने सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, एडीओ एवं स्वयं अपने अपने क्षेत्र की सभी गौशालाओं का निरीक्षण करें। किनियमित रूप से चेकिंग संबंधित कर्मियों के द्वारा करायी जाए। कोई भी गौवंश सड़क एवं रेलवे ट्रैक पर विचरण करते हुए नहीं पाया जाए। कहा कि वर्षा से पूर्व गौवंशों के बैठने के लिए गौशालाओं में पहुंचा बनवाया जाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें रखी जाएं। सभी बीडीओ व ईओ को निर्देश दिये कि बारिश से पहले ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सभी नाले नालियों की सफाई का काम माइक्रोप्लान बनाकर कराया जाए। उन्होंने सफाई एवं कूड़ा उठान का समय से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए धुलाई केंद्रों व आरओ प्लाटों में निरीक्षण करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रहे।

# प्रियंका लड़ती तो मोदी हार जाते वाराणसी से लोकसभा चुनाव : राहुल

संवाददाता, रायबरेली


आभार सभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं। लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर मेरी बहन प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। सभा में राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के सांसदों को जिताया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे। सांसद ने कहा कि यह पहली बार हुआ है की गठबंधन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा एक-एक कार्यकर्ता ने पूरी जान लगा दी एक इंच भी पीछे नहीं हटे। आभार सभा के मंच से एक बार फिर उन्होंने रायबरेली को अपने पारिवारिक रिश्तों से जोड़ते हुए कहा कि यहां से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना, वर्षों पुराना नाता है। यह रिश्ता सबसे पहले रायबरेली और अमेठी के खेतों से शुरू हुआ था। राहुल बोले इस चुनाव में देश के किसानों और नौजवानों ने जो बदलाव किया है, आगे उसके परिणाम सार्थक होंगे। राहुल के पहुंचने से पूर्व पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर राहुल और प्रियंका का स्वागत किया। राहुल गांधी ने दो लोकसभी सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने केरल की वायनाड के साथ-साथ यूपी की रायबरेली से भी चुनाव लड़ा था। रायबरेली से इससे पहले सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं।

### हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका

- आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी।। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। हमने यहां एक सेना बनाई और आपकी मजबूती से हमने जीत हासिल की।

**आभार सभा में ये थे मौजूद:** आभार सभा में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रायबरेली जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विधायक श्याम सुंदर भारती, राहुल लोधी, सुशील पासी, दीपक सिंह पूर्व एमएलसी, शत्रोहन सोनकर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक पंजाबी सिंह, पूर्व चेयरमैन इलियास, विजय शंकर अग्निहोत्री, आरपी यादव, अतुल सिंह, शैलजा सिंह, यूथ अध्यक्ष मोहित मौर्य, मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी, प्रवक्ता महताब सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जीत के बाद पहली बार पहुंचे राहुल- प्रियंका:** रायबरेली और अमेठी में मिली जीत के बाद आभार सभा के जरिये राहुल गांधी और प्रियंका ने एक बार फिर दो जिलों के लोगो के बीच अपने परिवारिक रिश्तों को जाहिर किया है। राहुल और प्रियंका के गेस्ट हाउस पहुंचते ही कार्यकर्ताओं का जोश सातवे आसमान पर रहा। दोपहर बाद से गेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू जो थोड़ी देर में ही कार्यकर्ताओ से भर गया।

## संस्थान के भेजे गए प्रस्ताव को यूपी कैबिनेट ने प्रदान की मंजूरी

# आईआईटी में खुलेगा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- दो साल में तैयार होगा स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर
- 2026 तक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना होगी
- चिकित्सा शोध व अनुसंधान में तकनीकी नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर प्रशासन ने परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एवं स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलोजी सेंटर खोलने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा था। मंगलवार को यूपी कैबिनेट में आईआईटी में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई। अब आईआईटी न सिर्फ मेडिकल स्कूल की मेजबानी करने वाला पहला प्रौद्योगिकी संस्थान बनेगा बल्कि चिकित्सा अनुसंधान में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। संस्थान में साल 2026 तक 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (एसएमआरटी) की स्थापना करने की कवायद चल रही है। आईआईटी परिसर में स्थापित होने वाले एसएमआरटी में आंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, काडियोवस्कुलर व थोरेसिक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी गैस्ट्रोएंट्रोलाजी, नेफ्रोलाजी यूरोलाजी व न्यूरोलाजी के सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इसकी मदद से मेडिकल क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कर नई तकनीक की खोज से चिकित्सकों को उपचार करने में मदद मिलेगी। इससे लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी के बेहतर प्रयोग से जटिल बीमारियों का उपचार आसानी से किया जा सकेगा। बेहतर तकनीक की मदद से इलाज भी सस्ता होगा। प्रदेश सरकार इस मद में 750 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

### पूर्व छात्रों ने दिया है सहयोग

- संस्थान में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व एसएमआरटी के संचालन के लिए आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्रों ने धनराशि दी है। कानपुर से जुड़े एक पूर्व छात्र ने 41 लाख रुपये की राशि दान की है। संस्थान परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व एचएमआरटी की आधारशिला तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थिति में रखी गई थी।

"आईआईटी में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (एसएमआरटी) खोलने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया था। जिसे यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सरकार के साथ मिलकर आगे भी कई प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा।

– प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, निदेशक आईआईटी कानपुर

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**महोबा।** कबरई मकरबई मार्ग पर अंडर ब्रिज से निकलते समय सामने से आ रहे डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहर्रा निवासी रामप्यारे 35 पुत्र बारेलाल बाइक से ग्राम मकरबई की तरफ जा रहा था तभी अंडर ब्रिज से निकलते समय सामने से आ रहे डंपर चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने बाइक सवार रामप्यारे को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। थोड़ी देर तक किसी ने उसे उठाने का साहस नहीं जुटाया। बाद में कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायल को जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि काफी खून बह जाने के कारण उसकी रास्ते में मौत हो गई। बाइक सवार की मौत से मृतक की परिजनों में कोहराम मचा है।

## सार-संक्षेप

### त्योहार में गड़बड़ी की तो होगी कार्रवाई

**कालपी उरई।** कोतवाली कालपी में बकरीद को लेकर शान्ति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल की अध्यक्षता में व पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर देवेन्द्र पचौरी की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें बकरीद का पर्व आपसी सदभावना से मानाने की अपील की गई। कुर्बानी, नवाज को लेकर व बिजली पानी तथा सफाई को लेकर गम्भीर चर्चा की तथा प्रतिबन्धित जानवरों को प्रतिबन्धित रखने की अपील की तथा गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाही की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक, तत्कालीन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, ईओ अवनीश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, एसडीओ आर्दशराज, राजेश सिंह, पूर्व चेयरमैन कमर अहमद, शिवबालक सिंह यादव, राम कुमार तिवारी, नमन अग्रवाल, अरविन्द सोनी, सुनील पटवा, दीपक शर्मा, राकेश पुरवार, हाजी अजीत, श्रवण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्थानांतरण होने पर कोतवाल को दी विदाई

**कालपी।** जालौन पुलिस प्रशासन में हुए फेरबदल के तहत कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर माधौगढ़ इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार पाठक ने पदभार ग्रहण कर लिया। मंगलवार को स्थानांतरित कोतवाल कामता प्रसाद को अधिकारियों, विभागीय कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों फूल माला पहनाकर विदाई दी। जब कि नावांतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक की अगुवानी की गई। कार्यक्रम का संचालन कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ ने किया। इस अवसर पर माधौगढ़ से स्थानांतरित होकर आये नवांगतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक की अगुवानी की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, रामगंज चौकी इंचार्ज मोहित यादव महमूदपुरा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

### युवराज का आईआईटी में चयन होने पर जताया हर्ष

**माधौगढ (जालौन)।** माधौगढ़ तहसील की सुदूर बीहड़वर्ती पहूज नदी के किनारे मध्य प्रदेश की सीमा से सटी ग्राम पंचायत मींगनी के मजरा भगवानपुरा निवासी युवराज सिंह का आईआईटी जी एडवांस में आल इंडिया रैंक 3196 आल इंडिया एसी रैंक 257 आने की खबर मिलते ही घर में बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। आई आई टी में चयनित विशाल का कहना है कि परिवारीजनों के सहयोग से उसे यह मंजिल मिली है जिसे आगे और बढ़ाने का निरंतर प्रयास करेगा।

### पांच व्हील चेयर व वाटर कूलर मेडिकल कॉलेज को दिया

**उरई, जालौन।** मेडिकल कालेज उरई में संचालित सरकारी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक द्वारा सोमवार को 5 व्हील चेयर व एक आरो वाटर कूलर, दान में दिया गया। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ आर के मौर्या नें जन औषधि केंद्र के इंचार्ज को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज को जो व्हील चेयर व वाटर कूलर दिया मिला है। जन औषधि केंद्र इंचार्ज रिषभ बाजपेई नें मेडिकल कालेज को नये पांच व्हील चेयर दिए जिससे कि मरीजों को आसानी से ले जाया जा सकेगा प्राचार्य आर के मौर्या व सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन ने वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र मिश्रा, डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ शैलेष वर्मा, डॉ चरक सांगवान, डॉ अरुण अहिरवार, डॉ सुमित सचान, मैट्रन रामा देवी, सपना कुमार, स्टॉफ नर्स में मृदुला सचान मौजूद रही।

### सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन कल

**उरई (जालौन)।** प्रभारी रोजगार सहायता अधिकारी भगवत नारायन ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई के द्वारा 13 जून, 2024 को कार्यालय के परिसर मंन प्रात: 10 :30 बजे से एक रोजगार मेला व कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा सहित जिला सेवायोजन कार्यालय उरई में उपरोक्त तिथि को साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

### नौजवानों की लड़ाई लड़ेगी आप

**हमीरपुर।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा| जिसमें राष्ट्रपति से नीट की परीक्षा की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में बताया कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था| परंतु आनन-फानन में 4 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को कराने के लिए इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये। कई बच्चों को 120 अंक दिये गये और कुछ को 718, 715 नंबर दिये गये| कहां की एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिए। तो 718 और 719 नंबर कैसे दिए जा सकते हैं।

# जीत पर कांग्रेसियों ने जताया सभी का आभार


मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अतर्रा।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की भारी जीत से उत्साहित कांग्रेसियों ने गांधी चौक में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं का आभार जताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देश पर धन्यवाद कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कस्बे के गांधी चौक में नगर कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नफरत की राजनीति करने वालों के खिलाफ इंडिया गठबंधन संविधान बचाने को लेकर इस लड़ाई को लड़ रहा है। यह लड़ाई लोकतंत्र की आगे भी जारी रहेगी।

# ब्लाक कार्यालय का वाटर कूलर खराब पड़ा

**सुमेरपुर।** विकासखंड कार्यालय प्रांगण में लगा फीजर भीषण गर्मी में खराब होने से कर्मचारियों सहित फरियादियों को गला तर करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद खंड विकास अधिकारी ने इसको ठीक करना मुनासिब नहीं समझा है।

विकासखंड कार्यालय प्रांगण में मनरेगा कंप्यूटर सेल के समीप प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगा है। यह वाटर कूलर कई माह से खराब पड़ा है। इसके खराब होने से ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी प्यास बुझाने के लिए घरों से पानी लेकर आते हैं। वही ब्लॉक कार्यालय में आने वाले फरियादियों को प्यास बुझाने के लिए इधर से उधर भटकना पड़ता है। ब्लॉक कर्मी साहबलाल, रामनरेश, यशवंत, गुड्डू कुशवाहा, अमोल सिंह आदि ने बताया कि वाटर कूलर खराब होने से घरों से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं।


समर कैंप में मस्ती करते कबड्डी खिलाड़ी। अमृत विचार

# कबड्डी के समर कैंप का हुआ समापन

**बांदा।** कबड्डी समर कैंप के सातवें दिन क्रॉस कंट्री तथा मंदिर में जाकर सीढ़ियों पर रनिंग तथा रोड रनिंग करते हुए खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। पहाड़ पर चोटी पर बैठकर खिलाड़ियों ने पौष्टिक आहार और दूध का लुत्फ उठाया। कोच ने समर कैंप का महत्व बताया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम से कबड्डी खिलाड़ी नया ओवरब्रिज, पदमाकर चैराहा, बलखंडी नाका, कैलाशपुरी होते हुए बांबेश्वर पहाड़ पहुंचे। यहां तेज रफ्तार से सीढ़ी चढ़ते हुए पहाड़ की चोटी पर चढ़े। खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। खिलाड़ियों ने कुछ देर विश्राम के बाद पौष्टिक आहार के साथ दूध का लुत्फ उठाया। इस मौके पर पुरुषोत्तम पुरवार, लालू शिवहरे, महेंद्र देवपुरिया, सौरभ जैन, नीलू, सतपाल, शैलेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

किया स्वागत | पूर्व मुख्यमंत्री ने सैफई में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# करहल से इस्तीफा दे संसद में हुंकार भरेंगे अखिलेश

संवाददाता, सैफई (इटावा)


सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार


स्वागत के दौरान मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनावा के नतीजे आने के बाद समाजवादी पार्टी अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो रास्ता डॉ. लोहिया और नेताजी ने समाजवादियों को दिखाया है उसी रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी दलित, किसान, मजदूर और कमजोर तबके से जुड़े हुए लोगों की आवाज बनेगी और पार्टी की गूंज दिल्ली की संसद में सुनाई देगी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने ये बातें सैफई पहुंचकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि दो स्थानों से चुनाव जीतने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के तहत एक जगह से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष वह अपना इस्तीफा पेश करेंगे। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कौन व्यक्ति महत्वपूर्ण होगा यह पार्टी स्तर पर तय किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष बनाने की कोशिश होगी जिसके जरिए पार्टी को मजबूती मिले और पार्टी का वोट बैंक बढे। उन्होंने प्रदेश की जनता को पार्टी को मजबूती देने के लिए बधाई दी और कहा कि आम मतदाताओं ने संविधान बचाने के मुद्दों पर अपने-अपने घरों से निकलकर के समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि पार्टी ने चुनाव में अब तक का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया।

### हार से बौखलाए भाजपाई कर रहे सपाइयों का उत्पीड़न

**कन्नौज।** प्रदेश में भाजपा की हुई करारी हार से बौखलाए भाजपाई समाजवादियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। कई जनपदों से इस तरह की शिकायतें मिल रहीं हैं। जल्द ही इस बारे में रणनीति तैयार की जाएगी। मंगलवार को यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज से नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कही। सपा शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने भी उत्पीड़न की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार की शाम को सैफई से लखनऊ जाते वक्त सपा कार्यकर्ताओं ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रोककर स्वागत किया।

# लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जमीन की पैमाइश के नाम पर लेखपाल द्वारा लिए गए दस हजार रुपये के साथ एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल के पास से रंग लगे 10 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किए है। लेखपाल संघ के पदाधिकारी व लेखपालों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए एंटी करप्शन टीम लेखपाल को कुलपहाड़ से थाना कबरई ले गई। वहां लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

तहसील कुलपहाड़ के ग्राम सरकारी निवासी सुरेंद्र सिंह सेंगर ने तहसील चरखारी में तैनात लेखपाल देवेंद्र राजपूत पुत्र नारायण सिंह राजपूत के खिलाफ एंटी करप्शन टीम को शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में लेखपाल देवेंद्र राजपूत ने कहा कि भूमि की पैमाइश करने के नाम पर 10 हजार की मांग लेखपाल द्वारा की गई है। एंटी करप्शन टीम ने महोबा आने की बात कह कर शिकायतकर्ता को वापस भेज दिया। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम बांदा के इंचार्ज राजेश सिंह यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश और पुलिस कर्मचारियों के साथ पांच लोगों की टीम महोबा पहुंची। टीम ने जिलाधिकारी से दो अधिकारियों की साथ ले जाने की मांग की। जिलाधिकारी के आदेश के बाद दो अधिकारी मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम कुलपहाड़ पहुंची। इसी बीच शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह और लेखपाल देवेंद्र राजपूत की बातचीत चलती रही। बाद में सुरेंद्र सिंह सिंगर ने लेखपाल देवेंद्र राजपूत को कस्बा कुलपहाड़ के गोंदी चौराहा के एक रेस्टोरेंट में पैसा देने के लिए बुलाया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन टीम के इंचार्ज को फोन कर गोंदी चौराहा के रेस्टोरेंट में आने की बात बताई। एंटी करप्शन टीम गोंदी चौराहे के पास घूमती रही। इसी बीच जैसे ही सुरेंद्र सिंह सिंगर ने लेखपाल को 10 हजार दिए, टीम ने रेस्टोरेंट में घुसकर लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल को एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े जाने की खबर कुलपहाड़ कस्बे में फैल गई। लेखपाल संघ के पदाधिकारी और लेखपालों की भीड़ जुटने लगी।

### गिरफ्तारी से लेखपाल संघ नाराज

लेखपाल की गिरफ्तारी के विरोध में लेखपाल संघ थाना कबरई जाकर लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की मनमानी के खिलाफ जमकर हो-हल्ला मचाया। लेखपाल संघ ने शिकायतकर्ता प्रारूप लगाया थी कि शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह सिंगर ग्राम सरकारी में अवैध कब्जा किए हुए था। अधिकारियों के आदेश पर लेखपाल देवेंद्र राजपूत ने उसका अवैध कब्जा हटवाया था। तब से वह लेखपाल को फसाने की धमकी दे रहा था। लेखपालों ने इसे एक साजिश बताया है और इसकी लड़ाई प्रदेश स्तर पर लड़े जाने की घोषणा की है।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुनः हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

# विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पर आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

# मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है, जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झूठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं। 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा, जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी, एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए, खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंगनुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई, जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया, काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

प्रसंगवश

# आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं, लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है, जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं, लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था, वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो, क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

# महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं, कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।

थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है, संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

बापू की पहली मूरतः इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां, वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

बाबा साहेब की मूरत कब सेः बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्नन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। छत्रपति महाराज 2003 सेः छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है, वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी, बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है, उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

सोशल फोरम

# मित्रता

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो ज़िंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

-फेसबुक वॉल से

# यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद, यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया, तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था, पर अब हालात दूसरे हैं।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं, लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी, लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है, जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं, युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है, जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा, जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम, नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

# नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता, लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे, किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था, समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको, उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ, लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं, वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

# डीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक, लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की बैठक कर राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिए गए लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में लक्ष्य तक ही सीमित न रहे, लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने मंडी व नगर निकायों को आय के स्रोत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन अधिकारी सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्य करें और चेकिंग बढ़ाने के साथ ही अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की कार्य योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग को निर्देश दिए कि सुनिश्चित किया जाए जनपद में करापवंचन न होने पाए। जिन विभागों की प्रगति धीमी है वह पूरी सक्रियता के साथ राजस्व वसूली कर लक्ष्य को प्राप्त करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 03 व 05 वर्ष पुराने राजस्व वादों को यथाशीघ्र निस्तारण करें,साथ ही तहसीलों द्वारा जारी किए जाने वाले जन्म, मृत्यु, आय, निवास आदि प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्गत किए जाएं। विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाध विद्युत आपूर्ति रोस्टर अनुसार सुनिश्चित कराई जाए, जर्जर पोल व तारों की समस्याओं गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करें, साथ ही समस्त सबस्टेशन प्रभारी, एसडीओ, एक्सीयन आदि अधिकारियों के मोबाइल नंबरों को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें जिससे विद्युत संबंधी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जा सके सभी अधिकारी आमजन का फोन रिसीव अवश्य करें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, समस्त उप जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार



बैठक में निर्देश देते एसडीएम, तहसीलदार और साथ में नायब तहसीलदार।

### हदबंदी के मामलों को जल्द निपटायें : एसडीएम

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को तहसीलदार अभिनव तिवारी की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान हदबंदी के मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए जोर दिया गया। तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में नायाब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक, स्टैनो सलीम खान, सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसी प्रत्येक विधानसभा में निकालेंगे धन्यवाद यात्रा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय शहीद भवन में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में हुई जीत पर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा मुख्यालय पर धन्यवाद यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि 13 जून को कालपी विधानसभा क्षेत्र में मुन्ना फुलपावर चौराहे से वनखंडी मंदिर तक, 14 जून को कोंच विधानसभा क्षेत्र में सरोजनी नायडू पार्क से चंदकुआ मंदिर तक यात्रा निकाली जाएगी। इसी तरह 15 जून को शाम छह बजे माहिल तालाब से आंबेडकर चौराहे तक यात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन कोतवाली के सामने स्थित गांधी चबूतरा पर होगा। बैठक में अनुज मिश्रा, रेहान सिद्दीकी, राघवेंद्र तिवारी, सरिता वर्मा, फैजानुल हक, ब्रजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।


धन्यवाद यात्रा की रणनीति बनाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# सुबह-सुबह की गई बिजली चेकिंग

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** उ.प्र. पावर कारपोरेशन के निर्देश पर विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की अलग अलग टीमों के द्वारा बिजली चोरी रोकने तथा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के संयोजन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई।

मंगलवार को उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, महेवा के अवर अभियंता अमन खान की टीमें सुबह 5 बजे पहुंच गई। टीमों के द्वारा रावगंज, मनीगंज, दमदमा, मिर्जा मंडी आदि मुहल्लों में घर घर जाकर बिजली चेकिंग की गई। इस दौरान 30 से अधिक बड़े बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए। तथा बिजली की गड़बड़ी करने के मामले प्रकाश में आए हैं। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 5 हजार से ज्यादा के बड़े बकायदारों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्युत की आपूर्ति व्यवस्था दिन में निरंतर चलती रहे इसी वजह से सुबह सुबह ही बिजली की चेकिंग की जा रही है।

विभागीय टीमों ने चिह्नित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।


चेकिंग अभियान में विद्युत कनेक्शन काटते अधिकारी तथा कर्मचारी।

## 400 केवी का ट्रांसफार्मर फुंका, गर्मी में परेशान हुए ग्रामीण

**उरई (जालौन)।** डकोर विकासखंड के बगल में रखा 400 केवी ट्रांसफार्मर फुंकने से आधे गांव में अंधेरा पसरा हुआ है। जिससे इस भीषण गर्मी में लोग परेशान तो हो ही रहे है इसके साथ ही ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं।

बिजली न मिलने से लोगों का जीवन दुर्लभ हो गया है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं लोगों का बुरा हाल है । ग्रामीणों का कहना है की जल्दी से जल्दी ट्रांसफार्मर नहीं आया तो लोगों का गर्मी के कारण बुरा हाल हो जाएगा ऐसी भीषण गर्मी में लोग दूर-दूर से जानवरों को पानी भर भर ला रहे हैं और जानवरों को नहला रहे हैं। लोगों का कहना है कि जल्दी से जल्दी ट्रांसफार्मर भिजवाया जाए इसी ट्रांसफार्मर से विकासखंड कार्यालय में भी सप्लाई होती है।

# जालौन के दो सिपाहियों को किया गया बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता उरई,

- एक सिपाही 17 अक्टूबर 2023 को 6000 रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था
- दूसरा सिपाही 27 जून 2023 को दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देते धरा गया था

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 17 अक्टूबर 2023, को भ्रष्टाचार निवारण संगठन उत्तर प्रदेश पुलिस की झांसी यूनिट ने कालपी कोतवाली में तैनात आरक्षी प्रमलेश कुमार पीएनओ 182370065 को 6000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, आरक्षी प्रमलेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जिसकी विभागीय जांच भी चल रही थी, प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर आज सोमवार को बर्खास्त किया गया है ।

दूसरा मामला 27 जून 2023 का है, इस दिन आयोजित ग्राम विकास अधिकारी की आयोजित लिखित परीक्षा में आरक्षी जसवेंद्र पीएनओ 162370212 दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था, जिसमे विधिक कार्यवाही की गई थी, इसके अलावा विभागीय जांच भी प्रारंभ की गई थी, जिसमे प्रारंभिक जांच में आरक्षी जसवेंद्र को दोषी पाया गया, जिससे मौजूदा समय में पुलिस लाइन उरई में तैनात आरक्षी जसवेंद्र को उसके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि विभागीय जांच चल रही थी जिसमें दोनों सिपाही दोषी पाये गये हैं।

## सार-संक्षेप


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते वार्ड नंबर 6 व 11 के लोग। अमृत विचार

### जल निकासी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उरई (जालौन)।** शहर के वार्ड नम्बर-6 व 11 तुफैलपुरवा तथा इंदिरानगर के दर्जनों लोगों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि नाले की जल निकासी सरबती राजपूत के मकान तक ही नाले का निर्माण है। इसके बाद पानी फील्ड की बीच बस्ती में बह रहा है। जिससे पानी खेतों में जा रहा है तथा वार्ड नम्बर-6 की मुख्य गलियों में जल भराव होने लगा है। जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । मुहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त नाले से बह रहे पानी को ब्लू हैविन पार्क के पीछे से रेलवे लाइन तक नाले की खुदाई करवा कर नया नाला बनवाया जाये , जिससे जनता को जल भराव से निजात मिले। ज्ञापन देने वालों में वार्ड नम्बर- 11के सभासद ज्योति नरेश कुमार, मंजू रविन्द्र राजपूत सभासद वार्ड नम्बर-6, रमेशचंद्र, रामदास, लेखपाल, सीताराम, मकुंदीलाल, मइयादीन, रामबिहारी, बृजकिशोर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


राधे पाठक के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

### राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने प्रकट की शोक संवेदना

**कालपी उरई।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कालपी पहुंचकर संगठन के जिलाध्यक्ष राजू पाठक के छोटे पुत्र के निधन पर शान्तिपाठ में शामिल होकर शोक संवदेदना व्यक्त की। सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे के करीब अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी राष्ट्रीय सचिव विशम्भर नारायण तिवारी तथा प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष के साथ जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष राजू पाठक के कागजीपुरा स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की तथा उनके छोटे पुत्र राधे पाठक के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया इस दौरान लक्ष्मी नारायण मंदिर के महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 रामकरन दास जी महाराज, बृज गोपाल द्विवेदी, राम कुमार तिवारी, सज्जन त्रिपाठी, राघव अग्निहोत्री, हरिश्चन्द्र दीक्षित, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अवधेश बाजपेई, राम नारायण शुक्ला, विवेक तिवारी, शरद शुक्ला, आन्नद शर्मा, जय नारायण अवस्थी, लक्ष्मी शंकर अमीन, अमित पाण्डेय, आम नारायण शुक्ला, अनुराग दुवे, आशुतोष चतुर्वेदी, कुंवर जू, कन्हैया मिश्रा, ऋषभ द्विवेदी, कृष्ण कुमार दीक्षित, छोटू तिवारी, राकेश तिवारी, अशोक गोस्वामी, रामदास तिवारी, छोटू द्विवेदी, पवनदीप आदि लोग मौजूद थे।

### नाबालिग पुत्री को बहला कर भगा ले जाने का आरोप

**जालौन ।** नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में दी है। । कोतवाली क्षेत्र के एक पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को उरई लहरिया पुरवा निवासी शाहरुख बहला फुसलाकर 8 जून को भगा ले गया ,उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका आज तक पता नहीं लग सका । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# ताश के पत्तों की तरह फेंटे गये थाना प्रभारी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने तमाम थाना प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है।

मुख्यालय की उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र पटेल को भी हटा कर जालौन कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि उरई कोतवाली का निरीक्षक कोंच कोतवाली के निरीक्षक अजय ब्रम्ह तिवारी को बनाया गया है। आटा प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र सिंह को कोंच कोतवाली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि एट से उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह को आटा का प्रभारी बनाया गया। जालौन के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक एट बनाया गया है, जबकि माधौगढ़ प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक को कालपी कोतवाली का प्रभारी नियुक्त किया गया। निरीक्षक सुनील वाचक पुलिस अधीक्षक को माधौगढ़ कोतवाली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद को पुलिस लाइन भेजा गया है। एसआई योगेंद्र पटेल को थानाध्यक्ष रामपुरा जबकि एसआई अर्जुन सिंह थानाध्यक्ष रामपुरा से थानाध्यक्ष चुर्खी बनाया है। एसआई नीलम को थानाध्यक्ष कैलिया से थानाध्यक्ष रेंढर बनाया गया । एसआई राजीव बैस को थानाध्यक्ष रेंढर से थानाध्यक्ष कैलिया भेजा है।

## रुपयों के लेन-देन में दो पक्ष भिड़े

**जालौन।** पैसे के लेन देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े ,दोनों ने कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ दी तहरीर ,पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

एदलपुर निवासी चरण सिंह व विजय सिंह के बीच मंगलवार को पैसे के लेनदेन के चलते आपस में विवाद होने लगा ,विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच गाली गलौज तथा मारपीट शुरू हो गई।

इसकी सूचना 112 पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों को पकड़कर कोतवाली लाई ,जहां दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी । पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर शांति भंग में चालान किया।

# स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने महाविद्यालय की परीक्षाओं का किया निरीक्षण

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्राचार्य डॉ सूर्य नरायण सिंह की देखरेख में कालपी कालेज में आयोजित की जा रही है। मंगलवार को स्टेटिक मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया ।

उल्लेखनीय हो कि विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 24 मई से शुरू हुई हैं जो कि 27 जून तक तीन पालियों में संचालित की जा रही हैं। मंगलवार 11 जून को पहली पाली में पंजीकृत विधार्थियों में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एग्रीकल्चर ऑनर्स एवं बीए सेमेस्टर अंग्रेजी के 180 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पारी में बीए द्वितीय वर्ष सेमेस्टर गृह विज्ञान की परीक्षाएं कुशलता पूर्वक संपन्न हुईं। जिलाधिकारी के द्वारा नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह ने परीक्षा कक्षों का औचक निरीक्षण किया ।

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी परीक्षा कक्षों में परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही है। सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सुधा गुप्ता, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. सोमचंद चौहान, कीर्ति पुरवार की चाक चौबंद व्यवस्था में संपन्न कराई जा रही हैं।


परीक्षा का औचक निरीक्षण करते सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह। अमृत विचार

**मांग** लोकतंत्र संग्राम सेनानी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, केवल 35 किलोमीटर की दूरी है दोनों टोल प्लाजा के बीच

# दो नहीं एक ही प्लाजा पर टोल टैक्स देने की हो व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** लोकतंत्र संग्राम सेनानी मत्स्येंद्र गोस्वामी के नेतृत्व में विकास गुप्ता, हरनारायण वर्मा जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति उरई, लम्बरदार पटेल, पवन गुप्ता, दिलीप सोनी आदि ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि जनपद जालौन में जो दो टोल प्लाजा हैं उनमें 58 किलोमीटर से भी कम दूरी है, जो कि एनएचएआई नियम के अनुसार नहीं है। इन दोनों के बीच मात्र 35 किलोमीटर की दूरी है। जबकि एक टोल लिहाजा मानक के अनुसार नहीं है।

उन्होंने बताया कि हमारे जनपद की जनता को जिले में ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए दो बार टोल टैक्स देना पड़ता है।

- एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए दो बार देना पड़ता है टोल टैक्स

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग उठाई है कि एक टोल प्लाजा पर टैक्स को समाप्त किया जाये, जिससे जनपद की जनता को परेशानी से निजात मिल सके।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते लोकतंत्र संग्राम सेनानी। अमृत विचार


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### ट्यूबवेल की बोरिंग रोकेने की कांग्रेस ने उठाई मांग

**उरई (जालौन)।** शहर के अजनारी रोड रामनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने कराई जा ट्यूबवेल की बोरिंग को रोके जाने को लेकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में अरविंद सेंगर, चांद मियां, राजकुमार गुप्ता दमरास, लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी, नारायण कुमार, मो. फैजानुल हक, शेरसिंह दोहरे, बाबू खां मंसूरी, मु. नफीस पठान, मुख्तार माइकल, समीर खान, बाबू खां, अजय बरार, राजाभैया दोहरे, अयूब अंसारी सहित आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि ट्यूबवेल मशीन को बोरिंग करने हेतु कांग्रेस कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगायी जा रही है और बार बार मना करने पर हमारी बातों को नज़र अंदाज़ किया जा रहा है । इस ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य बिना अनुमति ज़िला / शहर कांग्रेस कमेटी को आपत्ति है। बार बार मना करने पर मशीन हटाने का आश्वासन देते है लेकिन ,शक है कि रात्रि को कार्य की शुरुआत की जा सकती है। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम से मांग की है कि बोरिंग को तत्काल रोका जाये।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ट्रक चालक घायल

**जालौन।** ट्रैक्टर चालक ने सड़क पर खड़े ट्रक ड्राइवर को टक्कर मार दी , जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया।

कुसमा देवी पत्नी रामस्वरूप निवासी विलाया थाना एट ने कोतवाली जालौन में तहरीर देते हुए बताया कि उसका बेटा प्रशांत कुमार एक ट्रक ड्राइवर है मंगलवार को वह अपना ट्रक लेकर जालौन से औरैया की ओर जा रहा था तभी सहाव मोड़ पर उसने अपना ट्रक खड़ा कर किसी काम से ट्रक से नीचे उतर गया। तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने उसके टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे बैंक आफ बडौदा खाते में मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पैनकार्ड, आधार कार्ड में बीरेन्द्र कुमार राजपूत दर्ज है। जो दोनों नाम मेरे ही है अन्य किसी भी व्यक्ति के नहीं हैं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **– बीरेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र जसीराम, निवासी–सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पिता साहित्य भूषण सिंह पुत्र स्वर्गीय गिरजा कुमार सिंह, निवासी–ग्राम सिकटिया, पोस्ट–लगडी कुशीनगर के निवासी थे, उनकी मृत्यु दिनांक 22– 01–2016 को हो गयी है तथा मेरी माता सारदा देवी पत्नी साहित्य भूषण सिंह की भी मृत्यु 02–06– 2016 को हो गयी है यदि इस मृत्यु तिथि पर किसी को आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर रजिस्टार जन्ममृत्यु सिकटिया के यहां आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मृत्यु को सही मानते हुए अग्रिम कार्रवाई करें। – **अनिल सिंह पुत्र साहित्यभूषण सिंह, ग्राम सिकटिया, मोतीचक, कुशीनगर**

आवश्यकता है
**सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा में**
**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कानपुर प्रान्त से सम्बद्ध**
1– प्रशिक्षित प्रवक्ता भौतिक विज्ञान–(योग्यता– B-Tech/M.Sc/B.ed)
2– प्रशिक्षित स्नातक (योग्यता– किसी एक वर्ग से स्नातक साथ में Computer / संगीत में दक्ष को वरीयता) आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 29 जून 2024, साक्षात्कार–––01 जुलाई 2024 सुबह 09: 00 बजे से
C.B.S.E बोर्ड से शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियो के लिए वरीयता
**प्रधानाचार्य**
**मोबा–9305446767**
**प्रबन्धक**
**सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा, पिन–कोड–206001**

# एक क्लिक में दिखेगा यूपी बोर्ड के 80 वर्षों का रिकॉर्ड

## 1923 से 2003 तक के सारे अभिलेख होंगे ऑनलाइन

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- निःशुल्क ऑनलाइन देख सकेंगे छात्र-छात्राएं
- अंकपत्र व प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति बनवाई जा सकेगी

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के कमरों में धूल फांक रहे 80 वर्ष पुराने अभिलेखों के डिजिटलीकरण का काम शुरू हो गया है। कुछ माह में इन अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर दिया जाएगा। उसके बाद से इसे निःशुल्क ऑनलाइन देखा सकेगा। इसके साथ अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों की दूसरी प्रति बनवाई जा सकेगी। साथ ही कागजों के रखरखाव का झंझट खत्म हो जाएगा।

परीक्षा कराने वाली देश की सबसे पुरानी संस्था यूपी बोर्ड की स्थापना 1921 में हुई थी। यूपी बोर्ड ने पहली परीक्षा 1923 में कराई थी। तब से अब तक 101 वर्षों के अंक पत्र, प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेख मुख्यालय में मौजूद हैं। 21वीं सदी में कंप्यूटर का प्रचलन बढ़ा तो 2003 के बाद के दस्तावेज ऑनलाइन किए गए। 2003 से पहले के दस्तावेज फाइलों में बंडल बनाकर रखे गए हैं। 80 वर्षों की फाइलों को संभालकर रखना बोर्ड के लिए चुनौती है।

इनको बचाने के लिए समय-समय पर दवाओं का छिड़काव करना पड़ता है। इसके बावजूद कई वर्ष के अभिलेख सीलन से या चूहों के कुतरने से खराब होने का डर रहता है। 2003 से पहले यूपी बोर्ड से हाईस्कूल या इंटर कर चुके लोगों को अगर इसकी दूसरी प्रति चाहिए तो उन्हें लिपिकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। अब अभिलेखों के डिजिटल होने पर यह प्रमाण पत्र आसानी से बनवाए जा सकेंगे। प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और बोर्ड के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### केंद्र सरकार की योजना से हो रहा डिजिटलीकरण

मध्यमिक शिक्षा विभाग की माने तो केंद्र सरकार की योजना स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेटस फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (इनिशिएटिव फॉर डिजिटाइजेशन) के तहत यूपी बोर्ड के अभिलेखों का डिजिटाइजेशन व उनके लेमिनेशन का कार्य शुरू कराया गया है। इससे अभिलेख हमेशा के लिए सुरक्षित होंगे। साथ ही साथ अंकपत्र और प्रमाणपत्र बनाने की कार्रवाई व अभिलेखों के सत्यापन आदि की प्रक्रिया तेज हो जाएगी।



थाने पर खड़े सीज ओवरलोड मौरंग लदे ट्रैक्टर । अमृत विचार

# मौरंग मंडी में खाकी का सिक्का

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मौरंग वाहनों से टोकन मनी वसूल रही

**अमृत विचार।** खाकी के खेल के आगे बड़े-बड़े फेल हैं। बात हो रही खनन व परिवहन से दूर रहने वाली खाकी मौरंग वाहनों से टोकन वसूल मंडी संचालित करा रही है। ओवरलोड वाहन से सड़कें क्षतिग्रस्त होने के साथ राजस्व को भी क्षति पहुंचा रहे हैं।

थाना चांदपुर क्षेत्र में मौरंग की मंडी सजती है। हमीरपुर के बरी पारा और कानपुर से रोज आधा सैकड़ा मौरंग लगे ट्रैक्टर सरहन कहिजरा मार्ग और गौरी गांव के पास खड़े होते है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर वाहन बिना नंबर कागजात और बिना रवन्ना के दोगुनी क्षमता मौरंग लोड कर आते हैं। इस एवज में पुलिस इन वाहनों से पुलिस प्रतिमाह 34 सौ से चार हजार तक टोकन मनी लेती है। स्थानीय पुलिस टोकन के नाम पर सुरक्षा मुहैया कराती है।

> अवैध मौरंग मंडी का मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अभिजीत कुमार- एसडीएम बिंदकी

**सड़कें हो रही हैं खस्ताहाल :** ट्रैक्टर में सौ फीट मौरंग लोड करने का मानक होता है लेकिन यह सड़कों पर दोगुना भार लेकर दौड़ते हैं। रोजाना आधा सैकडा ओवरलोड वाहनों के निकलने के कारण सड़कें टूट रही हैं। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। पुलिस का संक्षरण होने के कारण आम आदमी इन वाहन चालकों को रोकने टोकने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

# लगाते ही फुंक जा रहे हैं ट्रांसफॉर्मर

कार्यालय संवादाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** वर्कशाप से रिपेयर होने वाले ट्रांसफार्मर लगाते ही फुंक रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं की परेशानियां कम नहीं हो रही। वहीं रिपेयर ट्रांसफार्मर के लीकेज होने से आग लगने का भी खतरा भी रहता है। वर्कशाप की कमियों का खामियाजा वितरण खंड को भुगतना पड़ रहा है।

शहर या ग्रामीण में लगने वाले रिपेयर ट्रांसफार्मर जलने का भय हर समय बना रहता है। बाद उसे बदलवाया गया। जिससे उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियां कम नहीं हो सकी। पिछले दिनों असोथर कस्बे में लगा ट्रांसफार्मर जलने के बाद उसे बदलवाया गया। लेकिन कुछ दिन बाद फिर वह जल गया। इसी प्रकार झाल तिराहे के पास रखे ट्रांसफार्मर की खूंटी ढ़ीली होने के बावजूद उसे दुरुस्त न करने से लगातार स्पार्किंग की समस्याएं बनी हुई है। रिपेयर होने वाले ट्रांसफार्मरो में लगाते ही आने वाली समस्याओं के कारण वितरण खंड सहित उपभोक्ताओं की परेशानियां कम नहीं हो पा रही। एक्सईएन वर्कशाप दिनेश सिंह ने कहा कि ट्रांसफार्मर यदि सही रिपेयर नहीं होगा तो वह साइड में होल्ड ही नहीं होगा। अधिक लोड पड़ने के कारण ऐसी समस्याएं आएंगी।



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी । अमृत विचार

### क्षमतावृद्धि की मांग

सोनारी गांव में 25 केवीए के ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने से आपूर्ति में आए दिन फाल्ट के साथ लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशानियां उठानी पड़ रही है। गांव के लोगों ने जेई को पत्र देकर क्षमता बढ़ाने ने की मांग की है। जेई ने शीर्ष अफसरों को अवगत करा कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

### ओवरलोड के कारण फुंकते ट्रांसफार्मर

ओवरलोड व जर्जर तारों से फाल्ट के कारण एक माह में एक सैकडा ट्रांसफार्मर फुंक चुके है। जिससे उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति नहीं मिल पा रही। गर्मी के समय होने बाधित होने वाली बिजली आपूर्ति के लड़खड़ाने से हलकान उपभोक्ता आंदोलन का मन बना रहे है।

# मझगवां खदान में 'लाल सोना' की लूट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ग्रामीणों ने खनन का एक वीडियो भी किया वायरल
- जुर्माना 5 लाख, माफियाओं के हिस्से मौरंग 50 लाख

**अमृत विचार।** जिले में लाल सोना यानी मौरंग लूट का खेल जारी है। जिम्मेदार मात्र जुर्माना की कार्रवाई करके कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं। अवैध मौरंग खनन के खेल में जुर्माना पांच लाख का और माफियाओं के हिस्से मोरंग पचास लाख की। शायद यही कारण है कि मोरंग माफिया की सेहत पर जुर्माना लगाने का कोई असर नहीं पड़ रहा है। लगातार जुर्माना लगने के बाद भी मझगवां खदान से सीधे ट्रकों की ओवर लोडिंग के साथ ही यमुना की जलधारा से खनन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें हैं और खनन विभाग के साथ ही जिले के जिम्मेदार मौन साधे हुये हैं।

मझगवां खदान की अनिमितताओं के वीडियो आयेदिन सोशाल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों में वायरल होते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने जैसे इस खदान की ओर से मुंह फेर रखा है। अखबारों और टीवी न्यूज चैनलों में अक्सर सुर्खियां बटोरने वाले इस खदान पर बीते दिनों मात्र पांच लाख रूपये का जुर्माना करके खनन अधिकारी ने अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लिया।

जुर्माना की कार्रवाई के बाद भी खदान संचालक की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ते दिखा और दूसरे दिन से फिर लगातार जलधारा से खनन करते, ओवरलोडिंग वाहनों का खदान से निकलते वाहनों के वीडियो वायरल हो रहे हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य नजर आती है। वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया जानने के लिये जिले के खनन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका। सूत्र बताते हैं तीस जून से बंद होने वाले मोरंग खनन को लेकर खदान संचालक पूरी तरह से लूट मचाये हुये हैं। मोरंग परिवहन से लेकर डंप कर बरसात के मौसम भारी मुनाफा कमाने की योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिये संचालक हर हथकंडा अपना रहे हैं।

स्थानीय जनता की जुबानी पर गौर करें तो खनन माफियाओं को न तो शासन-प्रशासन का कोई भय है और न ही एनजीटी के मानकों को तार-तार करने की चिंता है। ओवरलोडिंग पर स्थानीय ग्रामीण अगर एतराज जताते हैं तो संचालक के षडयंत्रों का शिकार होना पड़ता है। ऐसी दशा में वह भी शांत हो जाते हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों से शिकायत करने का भी कोई फायदा नहीं हैं।

# जिला अस्पताल के कर्मियों ने राहगीरों का गला कराया तर

**फतेहपुर।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आम जनमानस को गर्मी से राहत देने के लिए एक दिवसीय कैम्प लगाकर लोगों को पानी व शर्बत पिलाने का काम किया जा रहा है। जिला अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्टाल लगाकर राहगीरों को पानी व शर्बत पिलाने का काम किया।


जिला अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों के नेतृत्व में एक दिवसीय कैम्प लगाकर आम जनमानस को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए पानी और शर्बत पिलाने का काम किया जा रहा है। भंडारे में जिला अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी, ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और आम जनमानस को गर्मी से राहत देने के लिए पानी व शर्बत पिलाने का काम किया।

# बिजली आपूर्ति को झटका, लाइनलॉस बढ़ा

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली विभाग उपभोक्ताओं को राहत देने के बजाय छीन रहा है। गर्मी से पूर्व की जाने वाली तैयारियों में लेटलतीफी के कारण इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक बिजली की त्राहि-त्राहि मची है। बिजली चोरी संग बिना लोड बढ़वाए एसी का चलाना विभाग संग आम उपभोक्ताओं को दर्द दे रहा है। वहीं लोड बढ़ने से होने वाली फाल्टों संग ट्रिपिंग में भी इजाफा हो चुका है।

शहर व ग्रामीणांचलों में जर्जर तारों से होने वाली आपूर्ति उपभोक्ताओं की परेशानी का सबब बनी हुई है। आलम यह है कि हल्की हवा में ही तारों के टूटने से घंटों आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे विभगीय कर्मियों के साथ ही उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले में सालों पुराने 33 हजार के तारों को न बदले जाने के कारण परेशानियां हो रहीं। आबूनगर शांतीनगर राधानगर मुराइनटोला उपकेंद्रो में जर्जर तारों में फाल्ट से बिजली की त्राहि-त्राहि हो रही है। उधर हथगाम क्षेत्र में दर्जनों बार ट्रिपिंग के साथ महज 14 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जाफरगंज उपकेंद्र में दस घंटे की आपूर्ति में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। जबकि चौडगरा क्षेत्र में आधा दर्जन बार ट्रिपिंग के साथ महज 10 घंटे की आपूर्ति हो रही है।



- ओवरलोड ने बढ़ाया ट्रिपिंग का संकट

### बिना कनेक्शन ई-रिक्शा की चार्जिंग

बिना कनेक्शन ई-रिक्शा किए जा रहे चार्ज विभागीय जानकारों की माने तो एक ई-रिक्शा चार्ज करने में एक किलोवॉट की बिजली का खर्च होता है। शहर सहित ग्रामीणांचलों में खाली हातों में चोरी की बिजली से बड़ी संख्या में ई-रिक्शों को चार्ज किया जाता है। जिसका बकायदा भवन स्वामी द्वारा तय रकम भी वसूल की जाती है। इसके बावजूद इन पर लगाम न लगाने से लाइन लॉस कम होने का नाम नहीं ले रहा।

### बिजली की चोरी

शहर के कई स्थानों पर मीटरों को टैम्पर्ड करने के साथ ही उन्हे शंट कर बिजली की चोरी की जा रही है। वहीं कटियाबाजों सहित बाईपास कर बिजली चोरी कर एसी चलाने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जिससे करीब-करीब हर ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण उसमें फाल्ट आने से आम जनमानस को परेशानियां उठानी पड़ रही है। बताते हैं कि बिजली प्रवाह व मौसम के कारण पहले ही तार हीट हो रहे हैं। ऐसे में अधिक लोड के कारण उनके टूटने का खतरा अधिक रहता है।

> जर्जर तारों व ओवरलोड ट्रांसफार्मरों को ठीक करवाने के साथ अन्य कामों को आरडीएसएस के तहत शामिल किया गया है। जल्द ही राहत दिलवाई जाएगी बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चल रहा है जिसे अधिक धार दी जाएगी।
>
> -विनोद कुमार गंगवार, मुख्य अभियंता प्रयागराज

# 'जलनिधियों को जीने दो' पुस्तक का विमोचन हुआ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खागा नगर में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने प्रवीण पांडेय की लिखित 'जलनिधियों को जीने दो' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं है, बल्कि जीवन धाराएं हैं। हमारे पूर्वज भटकते हुए इन्हीं जल धाराओं के किनारे बेहतर जीवन की आस लेकर बस गए थे। उन्होंने यहीं से खेती की और गांव बसाया। समाज और जल धाराओं को गंभीरता से मजबूत किया। यह पुस्तक समाज के लिए चेतावनी है। पानी सहेजने का माध्यम है। किताब के लेखक प्रवीण पांडेय सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। एमसीए करने के बाद आपकी रुचि नदी झील तालाब पर्यावरण प्राचीन एवं धार्मिक धरोहरों को सहेजने में है। जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। अपने पैतृक गांव को शिक्षा और संस्कार के माध्यम से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पानी की समझ रखने वाले पानी के मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले पंकज चतुर्वेदी की देखरेख में उन्होंने इस पुस्तक का लेखन किया है।

# नशेबाज ने एक को किया घायल

**औंग, फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम अभयपुर के मजरे मल्हूखेड़ा निवासी राजू पिछले दिन कानपुर से मजदूरी करके लौटा था और अपने घर जा रहा था। रास्ते में मदारपुर के पास नाश्ता करने लगा। तभी गांव का रज्जन पुत्र रामकुमार शराब के नशे में आया और बेवजह उससे उलझने लगा। अचानक शराबी ने उसके मुंह में उंगली डालकर अन्दर की खाल को फाड़ दिया जिससे पीडित लहूलुहान हो गया । मामले की जानकारी परिजनों को हुई लेकर अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने की पंचायत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मध्यांचल जोन अध्यक्ष ज्ञान सिंह गौर की अध्यक्षता में बंधवा मोड़ पर किसानों ने पंचायत का आयोजन किया। किसान समस्याओं को लेकर भाकियू नेताओं ने तेवर दिखाए।

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए श्री गौर ने कहा कि जिले का किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए समय-समय पर भाकियू की ओर से पंचायत का आयोजन किया जाता है। उन्होने कहा कि बहुआ विद्युत उपकेंद्र द्वारा क्षेत्र के किसानों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नही हो रही है। क्षेत्रीय किसानों की मांग है कि बंधवा में विद्युत उपकेंद्र की स्थापना सुनिश्चित कराई जाए। ग्राम महाखेड़ा मजरे कोंडार में महिलाओं के सरकारी आवास की प्रथम किश्त मिल जाने के बाद दूसरी किश्त रोक दी गई है। दूसरी किश्त आवास धारकों के खाते में तत्काल प्रभाव से भेजी जाए।



बंधवा मोड़ पर होती भाकियू की पंचायत। अमृत विचार

# नौ माह से अनुपस्थित चल रहे अनुदेशक

संवाददाता, फतेहपुर

- लगातार अनुपस्थित रहने के चलते विभान वेतन आहरण भी नहीं करा पा रहा

**अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहानाबाद के नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि अनुदेशक विद्युत रमाकान्त शुक्ला पुत्र रामेश्वर दयाल शुक्ला निवासी सेनापति कूचा फरूखाबाद जनपद फरूखाबाद 21 सितंबर 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहानाबाद की जनशक्ति में सम्मिलित होने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त 6 जून तक लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।

प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। संस्थान में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण संबंधित का वेतन आहरण भी संभव नहीं हो पा रहा है।

मार्च 2025 तक का समय

भाषा व गणित में दक्ष बनाने का अभियान चलेगा, डीएलएड प्रशिक्षुओं से तीन बार कराया जाएगा मूल्यांकन


# अबकी 80 फीसदी परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को मार्च 2025 तक 80 प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह अभियान कक्षा एक से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों को भाषा व गणित में दक्ष बनाने के लिए चलाया जा रहा है। ऐसे में अब डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षुओं के माध्यम से तीन बार मूल्यांकन कराया म जाएगा। इस वर्ष अक्टूबर व दिसंबर और मार्च 2025 में मूल्यांकन कराया जाएगा। सभी स्कूलों को इसके संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी गई है।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार जिले के जिम्मेदार अधिकारी निपुण बनाने की तैयारियां शुरू कर दिया है। विभाग के अनुसार केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 तक सभी परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कमर कस चुका है। जिले में कुल 2126 परिषदीय स्कूल हैं और इसमें से 80 प्रतिशत स्कूलों को अभी निपुण बनाने पर फोकस किया जाएगा। वहीं 60 प्रतिशत तक विद्यार्थियों की उपस्थिति रहती है। अब इसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक किया जाएगा। भाषा व गणित में कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कक्षाएं खत्म होने के बाद इन्हें अलग से कक्षाएं लगाकर पढ़ाया जाएगा। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन व शिक्षक संकुल को आवंटित किए गए विद्यालयों को विशेष रूप से निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। फिलहाल विद्यालयों का निरीक्षण टास्क फोर्स गठित कर कराया जाएगा। जो कमियां मिलेंगी उसे दूर किया जाएगा।




### क्या है निपुण भारत मिशन

केंद्र सरकार देश के हर बच्चे को शिक्षित करने के प्रयास में है। छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2021 में निपुण भारत मिशन की क शुरुआत की है। इसके माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना में है, जिससे आगे चलकर बच्चों का कारगर विकास हो सके। सरकार का प्रयास है कि देश के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, बुनियादी शिक्षा प्रदान 1 कर बच्चों में शिक्षा का पूर्ण सदुपयोग किया जा सके। इस मिशन के माध्यम से कक्षा 3 से कक्षा 6 तक के छात्रों में आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मक का ज्ञान प्रदान किया जाएगा। सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में इसके अंतर्गत सहयोग दिया जाएगा। जिससे कि बच्चों में बुनियादी शिक्षा मजबूत हो सके।

> स्कूलों को निपुण बनाने की दिशा में तेजी से काम कराया जा रहा है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। स्कूल खुलने के बाद पूरी मॉनिटरिंग की जायेगी।
>
> -पंकज यादव, बीएसए

# स्कूल खुलते ही धमाल मचाएंगे बच्चे

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- 25 जून तक चलने वाले समरकैंप में बच्चों की कलात्मक क्षमता का विकास होगा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राइमरी और जूनियर स्कूल 18 जून से खुल रहे हैं। इस बार स्कूल खुलते ही शिक्षकों और बच्चों का दिन हंसी ठिठोली में बीतेगा। 25 जून तक चलने वाले समरकैंप में बच्चों की कलात्मक क्षमता का विकास किया जाएगा। शैक्षिक कैलेंडर के मुताबिक जिले के प्राइमरी और मिडिल स्कूल 16 जून को खुलने थे। 16 जून को रविवार और 17 जून को बकरीद का अवकाश होने के कारण अब 18 जून को खुलेंगे। शासन ने पहली बार आदेश जारी करके कहा है कि 18 से 25 जून तक सभी स्कूलों में समरकैंप का आयोजन करके बच्चों की कलात्मक, क्रियात्मक क्षमता का विकास करना है। एक सप्ताह के इस कैंप में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण, सफाई व स्वास्थ्य, पर्यटन स्थलों का भ्रमण, पौधरोपण कर जागरूक करना होगा। विद्यालयों में स्थगित किया गया पर्यावरण जागरुकता समर कैंप का आयोजन अब 18 से 25 जून के बीच होगा। गर्मी की छुट्टियों के बाद 18 जून से विद्यालय खुल रहे हैं। विद्यालय अवधि के आखिरी एक घंटे में इससे जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही बच्चों को गर्मी से बचाने के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों पांच से 12 जून तक पर्यावरण जागरूकता से संबंधित समर कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया था। गर्मी की छुट्टियां होने के कारण शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध किया। इसके बाद विभाग ने इसे स्थगित कर दिया था। अब विभाग ने संशोधित आदेश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालय खुलने पर 18 से 25 जून के बीच इससे जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएं।

बीएसए पंकज यादव ने कहा है कि प्राचार्य डायट, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बीएसए, वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट मेंटर, एआरपी-एसआरजी इस अवधि में विद्यालयों में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के संबंध में जागरूक करेंगे। इसमें विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा। इसमें बच्चों को प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण, पौधरोपण, विद्यालय में किचेन गार्डेन, ई-कचरा के दुष्प्रभाव, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, बिजली बचत, सिंगल यूज प्लास्टिक से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम होंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कार चोरी होने की रिपोर्ट

**पुखरायां।** एक युवक ने उसकी कार चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली पहुंचे जयदीप यादव निवासी सिलोदर थाना केसुद जनपद जूनागढ़ ने पुलिस को बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चेक पोस्ट के समीप उसकी कार खड़ी थी। जिसे चोरों ने चोरी कर ली है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**रूरा।** चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रूरा कस्बे के बाजार वार्ड के रहने वाले अरविंद कौशल ने बताया कि बीती रविवार की रात को पड़ोस का रहने वाला रंजीत उनके घर में घुस आया और जेब में पड़े 5900 चोरी कर भाग रहा था। जिसको पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया की मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### झांसी जा रहे टैंकर चालक की बिगड़ी हालत, मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाईवे पर टैंकर चालक की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लाया गया। जहां ईएमओ ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मध्य प्रदेश के जनपद देवास के चौबरा गांव निवासी भाय्यू मानकर (35) मंगलवार को टैंकर लेकर झांसी-कानपुर हाईवे से झांसी की ओर जा रहा था। तभी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के पास अचानक टैंकर चालक की हालत बिगड़ गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना मिलने पर टैंकर चालक को सीएचसी भेजा। जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. रेनू जयसवाल ने जांच के बाद चालक को मृत घोषित कर दिया गया। सीएचसी से मेमो भेजकर सूचना पुलिस को दी गई। संभावना जताई जा रही कि गर्मी के चलते चालक की हालत बिगड़ी थी।

### इंटरसिटी में मिला अधेड़ का शव

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म 10 पर 14109 सेंट्रल इंटरसिटी में 9 जून को एक अधेड़ का शव मिला। जिसकी शिनाख्त उनके बेटे आदर्श सिंह ने गुलाब सिंह (53) निवासी ग्राम धमना थाना माधवगढ़ जिला जालौन के रूप में की है। जीआरपी ने गर्मी से मौत की आशंका जताई।

# 248 अमृत सरोवर व तालाबों में होगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सर्वे के बाद जनपद के 145 तालाबों की खोदाई के साथ अन्य काम हुए शुरू

**अमृत विचार।** सर्वे के बाद जनपद के 487 अमृत सरोवर व सामान्य तालाबों में बारिश से पूर्व खुदाई, साफ-सफाई समेत अन्य कार्य होंगे। इनमें से 145 तालाबों में काम शुरू करा दिया गया है, जिससे बारिश के पानी का संचयन होने के साथ ही पशु-पक्षियों के पेयजल की समस्या भी दूर होगी।

उपायुक्त मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि बीडीओ द्वारा तालाबों का सर्वे कराया गया था, जिसमें पूर्व में चयनित 287 अमृत सरोवरों के अतिरिक्त प्रत्येक ब्लाक के 20-20 तालाबों का चयन कर प्राकलन तैयार किया गया है। 145 तालाबों पर कार्य प्रारंभ है। तालाबों के किनारे पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार की गई है। बरसात के पूर्व ही मनरेगा से इसकी खुदाई का कार्य पूर्ण कराने की कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू करा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अमृत सरोवरों के अतिरिक्त सामान्य तालाबों की भी खुदाई की जा रही है। जिसमें मनरेगा योजनाउ अंतर्गत वर्तमान में लगभग 15 हजार मजदूर कार्य कर रहे हैं। इनमे से 4200 महिलाएं, 9200 पुरूष व 1600 अनुसूचित जाति/जनजाति 1600 के मजदूर कार्यरत है। इन तालाबों की खुदाई से जनपद का भू-गर्भ जलस्तर बढेग़ा।

# मनरेगा से पांडु नदी की जल्द संवरेगी तस्वीर

**तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पांडु नदी के जल्द ही दिन बहुरने वाले हैं। अमृत विचार

- बारिश से पहले होगी सफाई नदी के दोनों तरफ किया जाएगा पौधरोपण

**अमृत विचार।** जनपद से निकली पांडु नदी की 70 किलोमीटर की जल धारा को अविरल बनाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके तहत नदी के दोनों तरफ पौधरोपण, बरसात के पूर्व सफाई आदि कार्य कराए जाएंगे।

पांडु नदी गंगा की सहायक नदी है और जनपद औरैया के तहसील बिधूना के ग्राम शबहद से एक झील से निकली है। इस नदी की कुल लंबाई 232 किमी है। पांडु नदी जनपद औरैया, कन्नौज से होते हुए कानपुर देहात में प्रवेश करती है और कानपुर नगर होते हुए जनपद फतेहपुर में गंगा नदी में गिरती है। जनपद में इसकी कुल अनुमानित लंबाई 70 किमी है। जिसपर कार्य किया जाना है। उपायुक्त मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पांडु नदी के उत्तरी भाग में कानपुर शाखा एवं दक्षिणी भाग में पश्चिमी इलाहाबाद शाखा नहर स्थित है।

इस नदी में स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे नाले भी मिलते हैं। नदी में सिवार, जलकुंभी, जमा मिट्टी के टीले व डेल्टा होने के कारण जल प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होता है। पांडु नदी रसूलाबाद ब्लाक की कुल 10 ग्राम पंचायतों एवं विकास खंड मैथा की 12 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरती है। उन्होंने बताया कि बारिश के समय नदी के आसपास के खेतों में बाढ़ आने के कारण फसलों का भी नुकसान होता है। साथ ही आसपास के गांवों में बाढ़ से लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है।

मनरेगा उपायुक्त ने बताया कि डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन के मार्गदर्शन में संबंधित ब्लाक के खंड विकास अधिकारियों से पिछले दिनों सर्वे कराया गया था। जिसके तहत पांडु नदी की धारा को अविरल बनाने के लिए मनरेगा अंतर्गत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जल्द ही नदी के दोनों तरफ पौधरोपण, साफ-सफाई आदि कार्य प्रारंभ करा दिए जाएंगे।

### 22 ग्राम पंचायतों में होंगे 25 तरह के काम

उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि पांडु नदी जीर्णोद्धार के तहत विकासखंड रसूलाबाद की ग्राम पंचायत मिर्जापुर लकोठिया, रेवरी, मैजू समस्तपुर, घाघू, अंता, पलिया बांसखेडा, खेड़ाकुर्सी, औरंगपुर गहदेवा, थान हमीरपुर व भीतर गांव तथा विकासखंड मैथा की ग्राम पंचायत सिंहपुर शिवली, करोम, मवैया, कैलई, हीरामन शिवली, ढाकन शिवली, असई, शोभन, जुगराजपुर बिठूर, बाघपुर, टोडरपुर, मलिकपुर समेत कुल 22 पंचायतों में कुल 25 कार्यों की कार्ययोजना तैयार की गई है।

# नहीं आई बारात, दुल्हन ने निगला जहर

## सिकंदरा क्षेत्र के जमुआ गांव का मामला, दुल्हन जिला अस्पताल में भर्ती, घर में खुशियों की जगह गम

संवाददाता, राजपुर

- दूल्हा पक्ष के लोगों को फोन मिलाते रहे कन्या पक्ष के लोग
- धरी रह गईं शादी की तैयारियां रात भर सूना पड़ा रहा मंडप

**अमृत विचार।** बेटी को हंसी-खुशी विदा करने के लिए पिता ने शादी के भरपूर इंतजाम किए। बारातियों के स्वागत से लेकर जनातियों के सत्कार के लिए पांडाल लगाकर तैयारियां की गईं, लेकिन ऐन वक्त पर बारात नहीं आई। दूल्हा पक्ष के लोगों के फोन मिलाए जाते रहे, लेकिन सबके सब नंबर स्विच ऑफ रहे। शादी की आस टूटने से आहत होकर दुल्हन ने जहर निगल लिया। इसकी जानकारी होते ही शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कि दहेज की डिमांड बढ़ने पर बारात नहीं आई।



भर्ती खुशबू।

मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के जमुआ गांव का है। यहां के भारत सिह ने अपनी बेटी खुशबू की शादी इटावा जनपद के सुनवराशा गांव निवासी लल्लन बाबू दोहरे के बेटे अंकुश के साथ तय की थी। सोमवार को बारात आनी थी। बारात को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। शादी में शामिल होने के लिए नाते-रिश्तेदारों के साथ गांव के लोग एकत्र हो गए थे। बारातियों का स्वागत करने के लिए कन्या पक्ष के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक बारात ही नहीं आई। समय ज्यादा होने और इंतजार का सब्र टूटने के बाद लड़की के पिता भारत सिंह ने लड़के वालों को फोन किया तो सभी के फोन बंद मिले। यह बात पूरे गांव में फैल गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।



शादी के लिए घर में गड़ा मंडप सूना पड़ा रहा। अमृत विचार

### लड़के वालों ने दहेज की बढ़ाई डिमांड

दुल्हन के पिता भारत सिंह का कहना है कि वह दहेज के एक लाख 80 हजार रुपये पहले ही वर पक्ष को दे चुके थे। शादी में देने के लिए काफी सामान रखा है। उनका आरोप है कि वर पक्ष के लोग अचानक से दहेज की अतिरिक्त मांग करने लगे थे, जिसे पूरा करने में उन्होंने असमर्थता जताई थी। इसी वजह से लड़के वाले बारात लेकर नहीं आए और न ही इसकी कोई सूचना दी।

इस बीच शादी के हसीन ख्वाब संजोए दुल्हन खुशबू घर के कमरे में तैयार हो रही थी। जब उसे बारात नहीं आने की भनक लगी तो उसने भी दूल्हे को फोन मिलाया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने से संपर्क नहीं हो सका। देर रात तक इंतजार करने के बाद भी जब बारात नहीं आई तो आहत होकर दुल्हन खुशबू ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन फौरन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

### खाना हुआ बर्बाद, बिना खाए लौट गए नातेदार

लड़की के पिता भारत सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी में 1500 लोगों के लिए खाने की व्यवस्था कराई थी। धूमधाम से बेटी की शादी करने के लिए टेंट भी लगवाया था। लड़के वालों की डिमांड पर खुद ही बैंडबाजा तय किया था। आगवानी के लिए बैंडवाले आ चुके थे, लेकिन ऐन वक्त पर बारात नहीं आने से सब कुछ धरा का धरा रह गया। पूरा खाना बर्बाद हो गया। नाते-रिश्तेदार बिना खाना खाए ही लौट गए। नाते-रिश्तेदारों को कोई जवाब भी नहीं दे सके। शादी की तैयारी में उनका बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करने की बात कही है।

## सार-संक्षेप



कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### आईटीआई में छात्रों की कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान रसूलाबाद में छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें काउंसलर भावना सैनी ने तकनीकी विषयों पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में सेवायोजन निदेशालय द्वारा जनपद की सभी आईटीआई में ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। जिसमें सभी राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान के अभ्यर्थियों को जोड़ा गया और उनका मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी, नोडल आईटीआई प्राधानाचार्य राजकुमार, सुनील कुमार मौर्या, अनुज यादव, राम किशोर सोनकर कनिष्ठ सहायक व संस्थान के शिक्षक उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, आठ घायल

**रूरा।** क्षेत्र के तिगाई गांव में दो लोगों के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमे दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए हैं। एक पक्ष के बबलू सिंह ने बताया कि गांव के रानू, राघवेंद्र, जितेंद्र व आदर्श ने जमीन के विवाद में घर पर आकर हमला बोल दिया। जिससे उनके घर के लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की प्रतिभा ने बताया कि जितेंद्र, विनय व पीयूष ने घर पर हमला बोल दिया। जिससे उसके घर वाले घायल हो गए है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, युवक गंभीर

**डेरापुर।** क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के पास वाहन की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर छानबीन की है। डेरापुर थाना क्षेत्र के मंगलपुर तिराहा व फत्तेपुर गांव के बीच आईटीआई के सामने एक मोपेड में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोपेड सवार आशापुरवा निवासी कुंवरलाल (60) व छोटे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए डेरापुर सीएचसी भेजा। जहां उपचार के दौरान कुंवरलाल की मौत हो गई। छोटे का प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से उसे कानपुर हैलट भेज दिया गया। हादसे की सूचना पर परिजन बदहवास हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### पति समेत नौ ससुरालियों पर केस दर्ज

**पुखरायां।** चांदापुर गांव निवासी एक महिला ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पिछले साल 30 जून को राहुल पुत्र महेश निवासी ग्राम चिकारा थाना महोबा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजनों के द्वारा दहेज में दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने के चलते उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके जेठ व जीजा ने उसके साथ छेड़खानी करना भी शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति राहुल, ससुर महेश, सास शिया प्यारी, जेठ राजेंद्र, जेठानी रितु, नंद प्रीति, आरती, बहनोई लाखन, दोस्त रवि निवासी राठ हमीरपुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### बनीपारा महाराज के तालाब में अवैध कब्जे पर रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के बनीपारा महाराज गांव के तालाब पर अवैध निर्माण की शिकायत पर लेखपाल ने जांच कर पुलिस को तहरीर दी है। बनीपारा महाराज ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 97 तालाब के नाम पर दर्ज है। जिसमे गांव का राजू उर्फ लाखन बीस वर्ग मीटर में कब्जा कर नया निर्माण कार्य करा रहे थे। जबकि अजयपुर बनीपारा के रहने वाले शिवश्याम अग्निहोत्री का वहीं खेत होने के चलते पीछे तरफ कुछ कब्जा किया जा रहा था। इसकी शिकायत पर लेखपाल ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर जांच की तो अवैध कब्जा पाया गया। जिसपर उन्होंने थाने में तहरीर दी। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# जल निगम एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- समस्या का निस्तारण न करने पर सीडीओ ने मांगा जवाब

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या के निस्तारण में लापरवाही करना जलनिगम एक्सईएन को भारी पड़ गया। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

जनपद में गर्मी से आम जनजीवन के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। हालत यह है कि कई ग्राम पंचायतों में बन रही पानी की टंकियों का निर्माण समयावधि पूरा होने के बावजूद शुरू तक नहीं हो सका है। जिससे हजारों लोगों के सामने पेयजल का संकट बना हुआ है। डीएम व सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्र में पानी टंकियों वे जलापूर्ति व खराब हैंडपंपों की मरम्मत के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। इसके बावजूद हालत जस के तस रहे। सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन ने कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या निस्तारित न होने पर नाराजगी जताई है।

सीडीओ ने एक्सईएन को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या निस्तारण के लिए अपने अधीनस्थ सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता से स्थलीय सत्यापन कराते हुए पाई गई कमियों को पूर्ण कर सत्यापन आख्या एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं अधिशासी अभियंता जल निगम मुकेश सिंह को निर्देशित किया है कि वे इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण शीघ्र ही उपलब्ध कराएं।

# गैस भरा टैंकर टकरा कर पलटा, गर्भवती घायल

संवाददाता, डेरापुर



खड्ड में पलटा गैस भरा टैंकर। अमृत विचार



गैस टैंकर पलटने के बाद मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

- गैस रिसाव की आशंका से हड़कंप, तीन हिरासत में
- एसडीएम, सीओ, कई थानों का फोर्स व दमकल टीम पहुंची

**अमृत विचार।** मुंगीसापुर रोड पर तेज रफ्तार गैस का टैंकर अनियंत्रित होकर एक मकान में टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आकर एक गर्भवती गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद टैंकर खड्ड में पलट गया। गैस रिसाव की आशंका से हड़कंप मच गया। एसडीएम, सीओ कई थानों का फोर्स व दमकल मौके पर पहुंची। घायल महिला को अस्पताल भेजा है।



घायल गर्भवती।

डेरापुर क्षेत्र के लालपुर पैठ के सामने रहने वाले राम लखन की गर्भवती सजुबा (24) मंगलवार दोपहर अपने घर में काम निपट रही थी। तभी मुंगीसापुर की तरफ से आए तेज रफ्तार एचपी गैस टैंकर के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और घर में टक्कर मारते हुए टैंकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। हादसे के दौरान घर में काम कर रही गर्भवती घायल हो गई। वहीं टैंकर से गैस रिसाव की आशंका को लेकर आसपास के लोग दहशत में दिखे। पुलिस ने गर्भवती को सीएससी डेरापुर भेजा।

गैस भरा टैंकर पलटने की सूचना पर एसडीएम भूमिका यादव, सीओ शिव ठाकुर, एसओ अनिल कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने चालक सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं अनहोनी की आशंका को देखते हुए डेरापुर, मंगलपुर, बरौर सहित कई थानों का फोर्स मौके पर बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक टैंकर को खड्ड से निकाले जाने के प्रयास किए जा रहे थे। एसडीएम भूमिका यादव ने बताया कि गैस टैंकर पलटने से अनहोनी की आशंका थी। हालांकि स्थिति नियंत्रण में है। एचपी पेट्रोलियम की टीम मौके पर पहुंच गई है और टैंकर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने बताया है कि कोई लीकेज नहीं है। टैंकर को निकालने के बाद पूरे मामले की जांच होगी और चालक के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**बेसिक शिक्षा** मार्च 2025 तक 80 फीसदी स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य

# अक्तूबर-दिसंबर में निपुण टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को मार्च 2025 तक 80 प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य शिक्षकों को दिया गया है। यह अभियान कक्षा एक से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों को भाषा व गणित में दक्ष बनाने के लिए चलाया जा रहा है। ऐसे में अब डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षुओं के माध्यम से तीन बार मूल्यांकन कराया जाएगा। इस वर्ष अक्टूबर व दिसंबर और मार्च 2025 में मूल्यांकन कराया जाएगा। सभी स्कूलों को इसके संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी गई है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का निर्देश है कि जिम्मेदार अधिकारी निपुण बनाने की तैयारियां शुरू करें। केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 तक सभी परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य रखा है। विभाग इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कमर कस चुका है। जिले में कुल 1925 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें से 80 प्रतिशत स्कूलों को अभी निपुण बनाने पर फोकस किया जाएगा। 60 प्रतिशत तक विद्यार्थियों की उपस्थिति रहती है। अब इसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक किया जाएगा। भाषा व गणित में कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कक्षाएं खत्म होने के बाद इन्हें अलग से कक्षाएं लगाकर पढ़ाया जाएगा। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन व शिक्षक संकुल को आवंटित किए गए विद्यालयों को विशेष रूप से निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। फिलहाल विद्यालयों का निरीक्षण टास्क फोर्स गठित कर कराया जाएगा जो कमियां मिलेंगी उसे दूर किया जाएगा। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्कूलों को हरहाल में निपुण बनाने के लिए बीईओ व प्रधानाध्यापकों को कहा जा रहा है।

### क्या है निपुण भारत मिशन

केंद्र सरकार देश के हर बच्चे को शिक्षित करने के प्रयास में है। छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2021 में निपुण भारत मिशन की शुरुआत की गई थी। इसके माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है। जिससे आगे चलकर बच्चों का सम्पूर्ण विकास हो सके। इस मिशन के माध्यम से कक्षा 3 से कक्षा 6 तक के छात्रों में आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मक का ज्ञान प्रदान किया जाएगा। सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में इसके अंतर्गत सहयोग दिया जाएगा। जिससे कि बच्चों में बुनियादी शिक्षा मजबूत हो सके।

# ताला खोल क्लीनिक से निकाल ले गए सामान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- गर्भपात के आरोप में पीएचसी प्रभारी ने चस्पा की थी नोटिस

**अमृत विचार।** महिला की मौत के बाद सिकंदरा के निजी हेल्थ सेंटर में नोटिस चस्पा करने के बावजूद संचालक ताला खोलकर सामान निकाल कर ले गया। जानकारी पर पीएचसी प्रभारी ने सरकारी ताला डलवाने के साथ ही मामले में कार्रवाई के लिए जांच शुरू की है।

सिकंदरा कस्बे के मालवीय नगर निवासी नौशाद ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि पत्नी रिहाना (30) दो माह की गर्भवती थी। बीती 25 मई को उसकी हालत बिगड़ने पर वह संदलपुर मार्ग स्थित मां पीतांबरा हेल्थ केयर सेंटर ले गया था। जहां एक महिला स्टाफ ने अधिक रक्तस्राव होने की बात कहकर पत्नी का गर्भपात कर दिया था। जिससे पत्नी की हालत बिगड़ गई। बाद में पत्नी को अकबरपुर के एक निजी अस्पताल अस्पताल में भेजा। यहां कुछ दिन भर्ती रखने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसपर निजी अस्पताल के डाक्टर ने सैफई ले जाने की सलाह दी। सैफई ले जाते समय सिकंदरा में रिहाना ने दम तोड़ दिया था। परिजनों की मांग पर हुए पोस्टमार्टम में मृतक की बच्चेदानी से छेड़छाड़ पाई गई थी। वहीं हेल्थ सेंटर में गर्भपात पर सीएमओ ने राजपुर पीएचसी प्रभारी को जांच सौंपी थी। जिसपर प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने 8 जून को मौके पर जाकर मां पीतांबरा हेल्थ सेंटर में नोटिस चस्पा कर बंद करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद संचालक चुपचाप ताला खोलकर सेंटर में रखा सामान लोडर में भरकर ले गया। पीएचसी प्रभारी दोबारा मौके पर पहुंचे और हेल्थ सेंटर में सरकारी ताला डलवाया।

# जिला स्तरीय ट्रायल के लिए संपर्क करें फुटबाल खिलाड़ी

**कानपुर देहात।** जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता 19 से 26 जून तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर में आयोजित की जा रही है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व जिला स्तरीय ट्रायल्स/चयन जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में व मंडल स्तरीय ट्रायल्स/चयन ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित किए जाएंगे।

जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल्स की तिथि 13 जून को शाम तीन बजे व मंडल स्तरीय ट्रायल की तिथि 14 जून की शाम तीन बजे है। इच्छुक खिलाड़ी जिला स्तरीय ट्रायल्स तिथि व समय पर जिला खेल कार्यालय में संपर्क करे। खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड मूल रूप में व उसकी प्रमाणित छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

# किशोरी ने फंदा लगा कर आत्महत्या की

संवाददाता, मूसानगर

- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य परिवार ने शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार
- पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को परिवार वालों को सौंपा घर में पसरा गम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के किशवा गांव के खेतों में बबूल के पेड़ पर किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों ने शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया।



प्रियंका।

किशवा गांव के खुशीराम ने बताया कि वह अपनी पत्नी ममता का इलाज कराने के लिए कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र गए था। मंगलवार दोपहर घर पर पुत्री प्रियंका व शमा थी। तभी पुत्री प्रियंका (17) अपनी छोटी बहन शमा से शौच क्रिया की बात कहकर खेत पर गई थी। चारवाहों ने गांव के बाहर खेतों में बबूल के पेड़ में दुपट्टे के सहारे प्रियंका का शव फंदे से लटकने की सूचना दी।

मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका ने इसी सत्र में इंटर की परीक्षा पास की थी और पांच भाइयों के बाद छठवें नंबर की थी। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया था। फॉरेंसिक टीम ने नमूने संकलित किए हैं।

## एक नजर

### सेतु निगम में अभियंताओं के 300 पद खाली

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश सेतु निगम में अभियंताओं के करीब 300 पद खाली है। इसमें 200 पद जूनियर इंजीनियर व 100 पद सहायक अभियंता के हैं। निगम में वर्ष 2009 के बाद कोई भर्ती नहीं हुई है। स्थिति यह है कि जहां एक पुल पर तीन जूनियर इंजीनियर तैनात होने चाहिए, वहां तीन से चार पुलों की जिम्मेदारी एक जूनियर इंजीनियर पर है। निगम में सहायक अभियंता (सिविल) के 184, सहायक अभियंता (यांत्रिक) के 56, जूनियर इंजीनियर (सिविल) के 272, जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के 130 पद हैं। इनमें से 50 फीसदी पद रिक्त हैं। भर्ती न होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं।

# अभियान तक ही सिमटा मोटा अनाज

## बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के बच्चों को नहीं मिला लाभ

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन में मोटा अनाज अभी तक शामिल नहीं हुआ है। जबकि इसके लिए पिछले वर्ष जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने इसे मध्यान्ह भोजन में शामिल करने के लिए कहा था। लेकिन मोटा अनाज अभियान तक ही सिमट कर रह गया।

जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों का कहना है ये अनाज केंद्र सरकार की ओर से मिलना था जो कि अभी तक नहीं मिला है। पूरे प्रदेश में 1.33 लाख से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों का संचालन होता है इनमें 1.75 करोड़ बच्चे पढ़ाई करते हैं।

▶▶ लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की है जरूरत

**बाजरे की रोटी या खिचड़ी दी जानी थी:** योजना के मुताबिक, मध्याह्न भोजन में छात्रों को बाजरे की रोटी या खिचड़ी परोसी जानी थी। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की जरूरत है। वर्तमान में सप्ताह में छह दिन बच्चों को सब्जियों या दाल के साथ गेहूं या चावल से बने व्यंजन परोसे जाते हैं।

### एफसीआई को भेजा था प्रस्ताव

अधिकारियों ने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए बाजरा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को एक प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने अपना निर्णय इस पर नहीं लिया है। यूपी में मध्याह्न भोजन का कुल बजट लगभग 3,000 करोड़ रुपये है। केंद्र सरकार लागत का 60 प्रतिशत देती है बाकी 40 प्रतिशत राज्य सरकार देती है।

> मोटे अनाज को लेकर विद्यालयों में बच्चों को जागरूक भी किया गया लेकिन मध्यान्ह भोजन में अभी तक इसे नहीं शामिल किया गया है।
>
> –**विनय कुमार सिंह**, अध्यक्ष, प्रा. शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसो.

> मोटा अनाज बच्चे-बड़े सभी के लिए जरूरी है। ये हमारे शरीर में कैल्शियम की पूर्ति तो करता ही है साथ में वजन भी नियंत्रित करने में सहायक है।
>
> –**डॉ. हर्षिता**, सीनियर डायटिशियन

# उपेक्षित जिलों में विवि खोलने को बनेगी नई नीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


अधिकारियों के साथ बैठक करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के उपेक्षित जिलों में विश्वविद्यालय खोलने के लिए राज्य सरकार नई नीति बनाएगी। देश के टॉप विश्वविद्यालयों व विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये। वह मंगलवार को विधानभवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार समुचित सुविधाएं व सहायता उपलब्ध कराएगी। बैठक में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

▶▶ विदेशी विश्वविद्यालयों को उप्र में विश्वविद्यालय खोलने के लिए किया जाएगा आमंत्रित

# ओबरा पावर प्लांट की अनुमानित लागत बढ़ी, 1000 करोड़ का लोन लेंगे

## मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी मिली हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के दौरान शिथिल पड़ गईं परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। मंगलवार को लोकभवन में राज्य मंत्रिमंडल की चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने ओबरा के पावर प्लांट की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी। पहले इसकी लागत 11705 करोड़ रुपए थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है। इसी के साथ बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 फीसद की दर से हुडको से लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हुडको से 1000 करोड़ के लिए लोन की गारंटी सरकार लेगी। वहीं, बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।


लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### जेवर के किसानों के लिए मुआवजे की स्वीकृति

एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की गई किसानों की जमीन के लिए मुआवजे की राशि को मंजूरी दी गई। इसका लाभ हजारों किसानों को मिलेगा। दरअसल, जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम काफी तेजी से चल रहा है। लगभग आधा काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 2024 में पहले रनवे से विमान उड़ान भरेगा। इसके साथ दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की भी तैयारी शुरू हो गई है। अब तीसरे-चौथे चरण के लिए जमीनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है। जेवर के 14 गांव में करीब 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें तीन रनवे बनेंगे। इस प्रक्रिया में गांव वालों को मुआवजा देने और जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 15 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

### मंत्रिमंडल की पहली पेपरलेस बैठक

मंत्रिमंडल की बैठक में जिन 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक हुई है। इसमें सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के चलते चार महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी। चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी।

मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायी गई। इनमें ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर, महोबा जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं को मिली मंजूरी मिली है। ज्यादा परियोजनाएं नमामि गंगे से जुड़ी हैं।

वहीं, लखीमपुर में हवाई पट्टी के विस्तार को भी कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। यहां हवाई अड्डा बनाए जाने के तहत गांवों की 655 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण की जाएगी। इसके लिए 271 करोड़ रुपए को मंजूरी मिली है। उधर, मथुरा में जनसुविधाओं व शिल्पग्राम के लिए ग्राम समाज की 6.859 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क सौंपी जाएगी।

## 125 करोड़ से बदलेगी छात्रावासों की सूरत

अमृत विचार, लखनऊः बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के तहत प्रदेश में छह नए छात्रावास बनेंगे। साथ ही प्रदेश में संचालित 221 छात्रावासों को 125 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के लिए समस्त छात्रावासों को 2-2 लाख एवं सर्वोदय छात्रावासों को 5-5 लाख की धनराशि समान रूप से दी जा रही है। उन्होंने विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मेस, शौचालय जैसी सुविधाएं मानक के अनुरूप प्रदान करने के लिए विभाग अन्य राज्यों में किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कर रहा है। जिसके आधार पर सभी छात्रावास मॉडल के रूप में होंगे। उन्होंने भारत सरकार की ओर से संचालित बाबू जगजीवन छात्रावास योजना के तहत प्रदेश को जौनपुर में 1, फिरोजाबाद-3, हाथरस-1 एवं सुल्तानपुर में 1 छात्रावास का भी निर्माण किए जाने की स्वीकृति मिल गई।

# विद्यालय आये हैं या नहीं, बता देगा चेहरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापक समय से पहुंचें और कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें इसके लिए बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) लगा दी गई हैं। अध्यापकों की उपस्थिति अब इसी से दर्ज होगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमैट्रिक्स लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और उसको अमली जामा पहना दिया गया। एक जुलाई से विद्यालय खुलने के साथ ही बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख सकेंगे क्योंकि निदेशालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 से अधिक विद्यालयों में सीसीटीवी लग गए हैं। शेष 24 विद्यालयों में इस माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

▶▶ सभी विद्यालयों में फेस रेकग्निशन मशीनें लगा दी गई हैं चेहरे से लगेगी उपस्थिति

▶▶ अध्यापक विद्यालय से बीच में नदारद न हो सकें इसके लिए सीसीटीवी भी लगवाए गए

## 13 जिले नहीं बना पाए कार्ययोजना, फंसेगा बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** 13 जिले गांवों के विकास की वर्ष 2024-25 की ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी तैयार नहीं कर पाए। इस वजह से 19 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड नहीं की गईं। इससे संबंधित ग्राम पंचायत के विकास का बजट फंसेगा।

दरअसल, गांव के विकास कार्यों की योजना अक्टूबर और नवंबर में तैयार कर पंचायती राज विभाग के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर स्वीकृति और बजट के लिए अपलोड की जाती है। इसमें सड़क, नाली, पंचायत भवन, विद्यालय समेत सभी निर्माण व अन्य विकास संबंधित कार्य दर्शाये जाते हैं। पंचायती राज निदेशालय ने पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में बनी वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीपीडीपी की समीक्षा की। इस दौरान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर बाराबंकी, प्रतापगढ़, अलीगढ़, सुल्तानपुर, आजमगढ़, बागपत, चंदौली, फतेहपुर, गाजीपुर, हमीरपुर, कुशीनगर, मथुरा व सोनभद्र की 19 ग्राम पंचायतों की जीपीडीपी नहीं पाई।

## 16 वर्षों बाद गिरफ्तार हुआ फरार कैदी

**अमृत विचार,लखनऊः** एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने मंगलवार को कैंट स्टेशन से एक ऐसे कैदी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जो हत्या में सजायाफ्ता था और 16 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने कैदी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा था।

हरैंया बस्ती का रहने वाले सुरेश मिश्रा उर्फ लाल बहादुर राम ने बांस काटने के विवाद में 12 फरवरी 2001 में गांव के ही विनोद मिश्रा की हत्या कर दी थी। 2007 में सुरेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2008 में जेल में सुरेश मिश्रा को पीलिया हो गया। कारागार प्रशासन वाराणसी के सरकारी अस्पताल में कैदी सुरेश मिश्रा का इलाज कराने भेजा था। इलाज के बाद स्वास्थ्य ठीक होते ही सुरेश पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने सुरेश पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। मंगलवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि सुरेश मिश्रा वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर मौजद है और ट्रेन से कहीं जाने की फिराक में है। इस दौरान मौके पर पहुंची एसटीएफ टीम ने सुरेश को गिरफ्तार कर लिया।

# फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू, निदेशक ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू हो गई है। निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय प्रबंधन और बेसिक शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामला तब पकड़ में आया जब वेतन निकासी के लिए शिक्षकों ने एक ही पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। यह महाविद्यालय कानपुर देहात जिले में हैं। मामले की जानकारी होने के 48 घंटे के भीतर निदेशालय ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। अमृत विचार ने इस जालसाजी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।


अर्हता पूरी नहीं, बना दिया सहायक प्रोफेसर

प्रकाशित समाचार।

▶▶ कानपुर देहात के महाविद्यालयों में तैनात हैं शिक्षक, अमृत विचार ने उठाया था प्रकरण

▶▶ एक ही पैनकार्ड से बेसिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग से वेतन का किया था आहरण

सीएसजेएमयू से संबद्ध कानपुर देहात के एक डिग्री कॉलेज में कार्यरत दो शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से भी वेतन ले रहे थे। अभी तक की जांच में पता चला कि 2003 से 2015 तक दोनों ने प्राथमिक विद्यालय में तैनात रहकर वेतन उठाते रहे। इसी दौरान वे महाविद्यालय में भी पढ़ा रहे थे। यहां से भी उन्हें वेतन निर्गत हो रहा था। वेतन अलग बैंक के खातों में जा रहा था, लेकिन दोनों खातों में पैनकार्ड एक ही लगे थे। इसी पैनकार्ड से मामला पकड़ में आया। तीसरे मामले में महाविद्यालय के एक शिक्षक को नियमों को दरकिनार कर विभागाध्यक्ष बनाए जाने की बात सामने आई थी। आरटीआई में इसका खुलासा होने के बाद उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण में भी जांच शुरू कर दी है।

### इन साक्ष्यों को बनाया आधार

7 फरवरी को आरंभ हुई जांच में उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई। समिति के सदस्य डॉ. बीएल शर्मा, डॉ. केसी वर्मा और डॉ. जय सिंह ने मिलकर जांच के दौरान आईटीआर, चार स्थानों पर कार्य करने के दस्तावेज और 31 अगस्त 2003 के पश्चात अनुमोदित होने के साक्ष्य को जांच का हिस्सा बनाया।

> शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर शिकायती पत्र प्राप्त हुए थे। जांच कमेटी मामले की जांच में लगी है। कानपुर जनपद से संबंधित महाविद्यालय से जुड़े प्रकरण को लेकर प्राचार्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। शिक्षकों को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने के लिए कहा गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ. अमित भारद्वाज, निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज**

# परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी मुख्य अभियंता की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया की समस्त निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाएं आगामी 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करा ली जाएं। परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की होगी, इसलिए समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जरूर करें। स्वतंत्रदेव सिंह उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों तथा अन्य विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक में दिया।

## 13 से 20 तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : वर्ष 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक आयोजित की जायेगी। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है।


## वर्ग पहेली-98

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -97 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हैं | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गं |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पै | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## सुडोकू-11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 7 | | | | | 2 |
| 7 | | | | 8 | 6 | | 5 | |
| | | 4 | | 9 | | 6 | | 3 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 7 | 8 | | |
| | 1 | | 9 | | | 5 | | |
| 9 | | 6 | | 4 | | 7 | | |
| | 4 | | 1 | 2 | | | | 6 |
| 8 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 10 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19.16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 13 जून 02.12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

**मिथुन:** आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी,किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।

**सिंह:** आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।

**कन्या:** आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें,जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**तुला:** आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी,किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।

**मकर:** आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

**कुंभ:** आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मीन:** आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का रावण — सुबह : 08.00
होते होते प्यार हो गया — रात : 07.00

&pictures
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.11
लव हॉस्टल — रात : 08.00

SONY PIX
वेनम — सुबह : 11.10
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 09.00
हॉलीडे — दोपहर : 02.10

colors CINEPLEX
राजा हिन्दुस्तानी — सुबह : 11.37
जब वी मेट — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 02.10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10700 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17300-17400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14700-14800 |
| चनादाल | 8300-8400 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-11800 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8700-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर भारत

## मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं। कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।



वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, अर्जेंटीना और रोमानिया में सबसे कम तीन प्रतिशत एनईओ दर्ज किया गया। मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के नवीनतम संस्करण में भारत में 3,150 नियोक्ताओं से उनकी तीसरी तिमाही की नियुक्ति संबंधी मंशा के बारे में पूछा गया।


मैनपावरग्रुप के भारत तथा पश्चिम एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा-वैश्विक मंदी का असर भारत के आईटी क्षेत्र पर काफी समय से पड़ रहा है। इस सर्वेक्षण में आंकड़े एकत्रित करते समय आम चुनाव के कारण देश में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था और स्पष्ट रूप से नियोक्ता अपने अल्पकालिक संसाधन नियोजन में सावधानी बरत रहे थे।

### सर्वेक्षण के मुताबिक उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही

सर्वे के मुताबिक रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी है और आवासीय क्षेत्र में 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का पूंजी प्रवाह हुआ है। कुल मिलाकर उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही। इसके बाद पश्चिम में 31 प्रतिशत, दक्षिण में 30 प्रतिशत और पूर्व में 21 प्रतिशत नियोक्ताओं ने भर्ती करने की इच्छा व्यक्त की। आम धारणा के विपरीत करीब 68 प्रतिशत नियोक्ता अगले दो साल में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाने के कारण कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसका नेतृत्व संचार सेवा क्षेत्र, वित्तीय और रियल एस्टेट, उद्योग व सामग्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र करेंगे।

## सेबी 49 अधिकारियों की करेगा नियुक्ति मांगे गए आवेदन

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था। हालांकि, आम चुनाव के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सेबी ने मंगलवार को एक नए नोटिस में सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इले., अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभाग में ऑफिसर ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) के 49 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।




## घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

- सियाम के अनुसार मई में बढ़कर 3,47,492 इकाई पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अब तक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा-यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समान महीने में यह आंकड़ा 14,71,550 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई, 2023 में यह 48,610 इकाई थी। अग्रवाल ने कहा-सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान और नई सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि पर निरंतर जोर दिए जाने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटर वाहन उद्योग 2024-25 में भी स्थिर वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की आपूर्ति मई में अब तक की सर्वाधिक थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## सोने में 150 रुपये की तेजी चांदी 1,400 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

# विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में



एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

### 1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया चोर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

### कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

# मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

## एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से छह ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है



विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों के पास से 33 किलोग्राम सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया गया सोना मिला है। उन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## क्षीर भवानी यात्रा के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

**जम्मू, एजेंसी**

कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर



(कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महारागनया की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

# सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली : खरगे

- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया आरोप-अब तीन करोड़ घरों का पीटा जा रहा ढिंढोरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों



में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकतर पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा।

उनके मुताबिक-एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी के बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर फूटता है। वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ।

# संघ सदस्य ने भाजपा आईटी सेल हेड से मांगी माफी

- शांतनु सिन्हा ने कहा-कांग्रेस के लगाए गए आरोप गलत

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता के अधिवक्ता शांतनु सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के विरुद्ध झूठे और अपमानजनक आरोप लगाने के लिए दिए गए कानूनी नोटिस मामले में मंगलवार को दावा किया कि उनके बयानों की गलत व्याख्या की गई। सिन्हा ने यह भी कहा कि वह सोशल मीडिया पोस्ट वापस नहीं ले रहे हैं, लेकिन अगर इससे मालवीय को ठेस पहुंची है तो वह दिल से खेद व्यक्त करते हैं।

उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा-अगर मेरी पोस्ट से मालवीय को ठेस पहुंची है या इस तरह की गलत व्याख्या और संपादित संस्करण के कारण छवि खराब हुई है, तो मैं इसके लिए अपना हार्दिक दुख व्यक्त करता हूं। क्योंकि मैंने अपनी पोस्ट में कुछ भी ऐसा अनुचित नहीं लिखा है, जिसका उद्देश्य किसी की छवि खराब करना हो, इसलिए मैं विवाद का कारण बनी पोस्ट को वापस नहीं ले रहा हूं। संपर्क करने पर सिन्हा ने कहा कि यह कोई माफी नहीं है, बल्कि पूरे विवाद पर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास है कि किस तरह उनके बयान की गलत व्याख्या की गई।

# जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

## हिजाब नहीं पहनने के अनुरोध के कारण शिक्षिका ने कॉलेज जाना किया बंद

**कोलकाता।** कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध कानून की पढ़ाई कराने वाले एक निजी संस्थान की एक शिक्षिका ने वहां के अधिकारियों द्वारा कार्यस्थल पर हिजाब पहनने से परहेज करने के कथित अनुरोध के बाद कक्षाओं में जाना बंद कर दिया और इस्तीफा दे दिया। मामला सामने आने के बाद जब इसका विरोध शुरू हुआ तो संस्थान के अधिकारियों ने दावा किया कि यह संवादहीनता के कारण हुआ और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद मंगलवार को काम पर लौट जाएंगी। लॉ कॉलेज में 3 साल से शिक्षण कार्य कर रहीं संजीदा कादर ने 5 जून को इस्तीफा दे दिया था।

# जरांगे के अनशन का चौथा दिन, तरल पदार्थ लेने से इनकार

- मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं मनोज

**जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी**

मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया।

मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे जरांगे ने मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में नये सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है। सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की।



उनका रक्तचाप और रक्त शर्करा स्तर कम था और उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। एक डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। हालांकि, जरांगे ने कहा कि वह इस तरह से कोई आहार नहीं लेंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-ऐसा लगता है कि सरकार को हमारी दुर्दशा की बिल्कुल चिंता नहीं है। मराठा समुदाय उन्हें सबक सिखाएगा। महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा, कार्यकर्ता ने कहा कि भुजबल को इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### राकांपा नेता सारंग ने मुस्लिम आरक्षण की मांग की



**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजीत गुट) के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी उपाध्यक्ष सलीम सारंग ने राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की है। सारंग दशकों से मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे है। सारंग की नई मांग में राजनीतिक आरक्षण भी शामिल है। उन्होंने मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने और सड़कों पर उतरने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी पार्टी ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा। महाराष्ट्र से एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। सलीम सारंग का बयान महाराष्ट्र में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आया है।

यूक्रेन रिकवरी




यूक्रेन रिकवरी सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होगा, यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले सोमवार को रेडियो टावर को यूक्रेनी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया है। • एजेंसी

# इजराइल-हमास में संघर्ष विराम प्रस्ताव को संरा की मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की।

अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इसका समर्थन करते हुए मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का



- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति बाइडन ने की
- अमेरिका बोला- इजराइल ने इस प्रस्ताव को कर लिया स्वीकार
- हमास ने तीन चरण वाले प्रस्ताव को नहीं किया स्वीकार

आह्वान किया गया है। वहीं, हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव का स्वागत करता है और इसे लागू करने के लिए इजराइल के साथ सीधी बातचीत न कर मध्यस्थों के साथ कार्य करने को तैयार है। हमास का ये बयान अब तक दिए सबसे कड़े बयानों में से एक था। हमास ने बयान में इस बात पर जोर दिया है कि इजराइल के कब्जे को समाप्त करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा और फलस्तीन को पूर्णतया संप्रभु देश बनाने के लिए काम करता रहेगा। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने मंगलवार को कहा कि इजराइल द्वारा समझौते का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कुछ मामलों का अध्ययन और स्पष्टीकरण करने के प्रयास जारी हैं।

### ब्लिंकन ने इजराइल पर योजना लागू करने के लिए बनाया दबाव

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए हमास पर और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने की भी वकालत की। हालांकि समझौते के प्रति नेतन्याहू का रवैया संदेहास्पद है और उन्होंने कहा कि इजराइल, हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### युद्ध अपराध करने की आशंका: मानवाधिकार

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने सप्ताहांत पर इज़राइली बलों द्वारा घातक हमला कर चार बंधकों को छुड़ाने को लेकर इज़राइली बलों और फलस्तीनी सशस्त्र समूहों की ओर से युद्ध अपराध को अंजाम देने की आशंका जताई है। कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने शहरी नुसैरात शरणार्थी शिविर में इज़राइल के किए हमले से स्थिति में अंतर समझने और सावधानी बरतने के नियमों को कथित रूप से तोड़े जाने पर चिंता व्यक्त की। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दर्जनों महिलाओं और बच्चों समेत 274 फलस्तीनी मारे गए हैं। लॉरेंस ने कहा कि फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने घनी आबादी वाले इलाके में बंधकों को रखकर आसपास के आम लोगों और बंधकों की जिंदगी को खतरे में डाला।

### इजरायली हमले में फिलिस्तीन में 4 की मौत, 8 घायल

**गाजा।** फिलिस्तीन में वेस्ट बैंक के पास कफर नीमा गांव पर इजरायली हमले में चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। अल जज़ीरा ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि इजरायली बलों ने पहले कफर नीमा के पास एक कार पर हमला किया। घटना के बाद इजरायली सैनिकों ने गांव पर धावा बोला, जिससे फिलिस्तीनी लोग घायल हो गए।

## एक नजर

### गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त जज प्रोन्नत

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को मंगलवार को प्रोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। ये दोनों प्रोन्नतियां, नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ जून को तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद न्यायालय में अधिसूचित की जाने वाली पहली प्रोन्नतियां हैं। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि हाईकोर्ट की दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया को इसी कोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया है। उनकी प्रोन्नतियां उनके द्वारा अपना- अपना प्रभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### रूस में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी ओसेशिया में प्रशिक्षु विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया गणराज्य में रूसी एयरोस्पेस बल का एक प्रशिक्षु एसयू-34 विमान निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार विमान निर्जन क्षेत्र में गिर गया और चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी।

### मिस्र में साढ़े छह लाख से अधिक शरणार्थी पंजीकृत

**काहिरा।** मिस्र में 6,60,000 शरणार्थी पंजीकृत हैं जिनमें से ज्यादातर सूडान के है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस्टीन बेशाय ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सूडान में संकट से शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इनमें 3,78,000 शरणार्थी सूडानी हैं। 15 अप्रैल 2023 को सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज में झड़पें हुईं। संघर्ष के पक्षों ने तब से कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्ध विराम लागू किए हैं। अक्टूबर के अंत में जेद्दा में सऊदी अरब की मध्यस्थता से दोनों पक्षों ने बातचीत शुरू की, लेकिन संघर्ष जारी है।

### गाजा संघर्ष सम्मेलन में हिस्सा लेंगे डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार गाजा में चल रहे संघर्ष पर उच्च स्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जॉर्डन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई के लिए कॉल गाजा के लिए तत्काल मानवीय प्रतिक्रिया का आयोजन जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

# तलाश अभियान दूसरे दिन भी जारी

## बस आतंकी हमला : 20 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं की बस पर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए मंगलवार को भी अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें काम कर रही हैं तथा पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत और 41 लोगों के जख्मी होने के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू और राजौरी जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है तथा जांच तेज़ कर दी है और इलाके में तलाशी ली जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी से कटरा में माता वैष्णों देवी मंदिर ले जा रही 53 सीट वाली बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी,जिसके बाद बस खाई में जा गिरी थी। वाहन में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे।

उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) रईस मोहम्मद भट ने कहा कि पुलिस,



- सुरक्षा बलों की 11 टीमें कर रही तलाश, पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से की गई घेराबंदी
- जम्मू और राजौरी में हाई अलर्ट घोषित, सुरक्षा दलों को संदेह आतंकी पहाड़ी इलाकों में छुपे हैं

सेना, सीआरपीएफ के 11 दल आतंकवादियों को खत्म करने के लिए दो छोर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा बलों को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज हमले के क्षेत्र में और उसके आसपास तलाशी जारी है और इसमें 11 दल लगे हैं। इसके अलावा (पोनी-तेरयाथ) पट्टी के चारों ओर घेराबंदी भी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हमले में घायल हुए लोगों के बयानों के आधार पर उन्होंने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि घटनास्थल पर कोई चौथा व्यक्ति भी मौजूद था जो तीनों आतंकवादियों के लिए वहां पर नज़र रख रहा था।

### आतंकियों ने लश्कर कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर दिया होगा वारदात को अंजाम : सुरक्षा बल



सुरक्षा बलों को संदेह है कि पाकिस्तानी आतंकवादी राजौरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छुपे हैं। वे सुरक्षित संचार के माध्यम से पाकिस्तान की आईएसआई से निर्देश ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी रिपोर्ट हैं कि आतंकियों के एक स्थानीय मददगार सहित चार आतंकवादी इस हमले में शामिल थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर अंजाम दिया गया। ड्रोन और खोजी कुत्तों सहित निगरानी उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। इलाके में गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एक हेलीकॉप्टर को भी लगाया गया था। हमले में घायल हुए 41 लोगों में से 10 को गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि बस पर 11 स्थान पर गोली लगने के निशान हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) और फोरेंसिक विभाग की टीम हमले वाली जगह पर पहुंचीं और जांच में जुट गई हैं।

### आतंकवादी हमले के विरोध चौमू में धरना-प्रदर्शन


**जयपुर।** जम्मू के रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आंतकी हमले में राजस्थान के मारे गए चार लोगों के शव आज सुबह जयपुर पहुंचे वहीं हमले के विरोध एवं मृतकों के परिजनों को मुआवजा एवं आश्रितों को स्थाई नौकरी की मांग को लेकर जयपुर के मुरलीपुरा एवं चौमूं में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शव जयपुर पहुंचने के बाद मृतक राजेन्द्र एवं ममता के शव चौमूं पहुंचने से पहले सुबह दस बजे से परिजनों एवं ग्रामीणों ने पांच्यावाली ढाणी में धरना शुरु कर दिया और लोग आक्रोशित हो गए और वे सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी मुआवजा एवं स्थाई नौकरी की मांग कर रहे है और इनसे बातचीत के लिए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी मौके पहुंचे और इनसे वार्ता की है।

# दो साल से मीडिया को चुप रहने के लिए किया गया बाध्य : इमरान

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दावा किया कि पिछले दो साल से सरकार ने मीडिया को चुप रहने के लिए बाध्य कर दिया और असहमति जताने वाले पत्रकारों को दमन का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में आरोपी खान को 10 महीने पहले गिरफ्तार किए जाने के बाद से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है। उन्हें कुछ मामलों में दोषी भी ठहराया गया है।

इमरान (71) खान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि



- मरयम नवाज के पंजाब मानहानि अधिनियम पेश करने के बाद आई खान की प्रतिक्रिया

पाकिस्तान में मीडिया हमेशा राज्य के नियंत्रण में रहा है, वहीं पत्रकारों को उनके आलोचनात्मक नजरिए के लिए निशाना बनाया गया है।

इमरान का यह बयान ऐसे समय आया है जब खान के प्रतिद्वंद्वी और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने हाल ही में पंजाब मानहानि अधिनियम 2024 पेश किया है, जो मानहानि से जुड़ा विवादास्पद कानून है और यह फर्जी खबरों के नाम पर प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक ने कहा कि स्वतंत्र मीडिया राज्य के महत्वपूर्ण स्तंभों में से है और यह निगरानीकर्ता के रूप में कार्य करता है तथा सरकार को अपना काम सही तरीके से करने के लिए मजबूर करता है। मेरी सरकार ने पत्रकारों और मीडिया सुरक्षा के लिए कानून लाकर इस माहौल को बदलने की कोशिश की, लेकिन उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद इसे खारिज कर दिया गया।

## फर्जी दस्तावेज में 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एटीएस की जुहू इकाई ने हाल ही में रियाज हुसैन शेख (33), सुल्तान सिद्दीक शेख (54), इब्राहिम शफीउल्ला शेख (44) और फारुक उस्मानगनी शेख (39) को गिरफ्तार किया। ये बांग्लादेशी आरोपी शहर के अलग-अलग हिस्से में रहते हैं। ये कई सालों पहले गैरकानूनी रुप से देश में दाखिल हुए थे। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भारतीय पासपोर्ट के लिए गुजरात के सूरत निवासी होने का जाली दस्तावेज इस्तेमाल किया था। पांच और लोगों ने इसी तरह पासपोर्ट पाए थे और उनमें से सऊदी अरब गया था।

### अमेरिका ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन की अज़ोव बटालियन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हटा दिया है। वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने विदेश विभाग के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशासन ने लीही कानून के अनुपालन के लिए विभाग के निरीक्षण को पारित कर दिया है। यह कानून गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के दोषी विदेशी इकाइयों को अमेरिकी सैन्य सहायता के प्रावधान पर रोक लगाता है।

# हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी और इजराइली जासूसों को पकड़ा

काहिरा, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय और संरा की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा : हूती खुफिया एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने सहायता संगठनों के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र के 11 कर्मचारियों को हिरासत में लेने के कुछ दिन बाद एक अमेरिकी-इजराइली जासूसी तंत्र के सदस्यों को पकड़ा है। हूती खुफिया एजेंसी के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुलहकीम अल-खायेवानी ने गिरफ्तारियों की घोषणा करते हुए कहा कि जासूसी तंत्र पहले सना में अमेरिकी दूतावास से संचालित होता था।

उन्होंने कहा कि 2015 में राजधानी सना और उत्तरी यमन पर हूतियों के कब्जे के बाद इसे बंद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और संरा संगठनों की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को यमन के 11 कर्मचारियों की गिरफ्तारी की घोषणा की थी। इनमें से छह संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था के लिए काम करते थे, जबकि एक-एक कर्मचारी इसके विशेष दूत के कार्यालय, इसकी विकास शाखा, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' के लिए काम करता था। अन्य सहायता समूहों ने भी कर्मचारियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना दी, हालांकि कुल संख्या पता नहीं चली।

# मलावी के उप राष्ट्रपति और 9 अन्य लोगों की विमान हादसे में मौत

ब्लांटायर (मलावी), एजेंसी

मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिस सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला।

राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उप राष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था।

राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।



- सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा पर जा रहे थे उपराष्ट्रपति देश के उत्तर में पहाड़ी क्षेत्र में मिला विमान का मलबा

# नए वाद नीति दस्तावेज को विधि मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय विधि मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया

विचार-विमर्श के बाद, केंद्रीय विधि मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर एक दस्तावेज को अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर देना है। विधि मंत्री का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज को मंजूरी के लिए आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह नीति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है। कार्यभार संभालने के बाद मेघवाल ने कहा कि मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकता सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, निचली अदालतों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों में तेजी से न्याय दिलाना होगी। वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित मामलों से संबंधित मंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को शामिल किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि यह पहली फाइल थी जिस पर वह हस्ताक्षर करना चाहते थे। राष्ट्रीय वाद नीति का मसौदा कई वर्षों से तैयार किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारों द्वारा इसकी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### बचपन से अभिनेत्री बनना चाहती थी सिंपल कौल

**मुंबई।** अभिनेत्री सिंपल कौल का कहना है कि उनके अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए वह अभिनेत्री हीं बनना चाहती थी। कुसुम, तीन बहुरानियां, सास बिना ससुराल, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और जिद्दी दिल माने ना जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री सिंपल कौल बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा करती थी। उन्होंने कहा, मेरे अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए शुरू से ही मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं। जब मुझे अभिनय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, तब भी मैं शीशे के सामने अभिनय करती थी और ऐसे अभिनय करती थी जैसे मैं कोई सेलिब्रिटी हूं। मैंने अपने सपनों को तब साकार किया जब अभिव्यक्ति की अवधारणा के बारे में व्यापक रूप से बात नहीं की गई थी। मैं सिर्फ़ एक ही चीज़ जानती थी कि अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना है और उन्हें जीना है : मशहूर होना, कैमरे के सामने अभिनय करना और अलग-अलग किरदार निभाना। उन्होंने कहा, यदि मैं अभिनय या प्रदर्शन नहीं कर सकती थी, तो जीने का कोई कारण नहीं था। समय के साथ मेरा जुनून और मजबूत होता गया।

### फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान



**मुंबई।** अभिनेत्री सारा खान अपनी नवीनतम फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। सार ने फिल्म गिल्ट 3 में कृति का किरदार निभाया है और उनका दावा है कि वह अपने किरदारों को जीती हैं। उन्होंने कहा, बेशक, अपने प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी बातें सुनना अच्छा लगता है। हर फिल्म या शो एक अभिनेता के लिए खास होता है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। अब तक, मैंने अच्छी बातें सुनी हैं और मुझे खुशी है कि लोगों को यह पसंद आया।जहां तक मेरे किरदार की बात है, वह चुलबुली, सकारात्मक, युवा और कुछ और थी, जो मेरे लिए बहुत ताज़ा थी। मैंने बस कृति को जिया, क्योंकि मैं हमेशा किरदार को जीने, सोचने और किसी भी स्थिति पर प्रतिक्रिया की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है कि मनोरंजन केवल मनोरंजन के रूप में देखने से कहीं अधिक एक व्यवसाय है।

### अपने करियर की यात्रा से खुश हैं झुम्मा मित्रा

**मुंबई।** प्रतीक शर्मा और पार्थ शाह के स्टूडियो एलएसडी के प्यार का पहला अध्याय : शिव शक्ति में पद्मा का किरदार निभाने वाली झुम्मा मित्रा अपने करियर की यात्रा से खुश हैं। उन्होंने कहा,मेरा करियर लंबा और फलदायी रहा है, यह रातों-रात मिली सफलता नहीं है, बल्कि धीमी, स्थिर और क्रमिक प्रगति है। मैं यह सोचना चाहती हूं कि आज मैं अपने सहकर्मियों और कास्टिंग बिरादरी द्वारा अच्छी कलाकार के रूप में जानी जाती हूं, और मुझे लगता है कि यह एक उपलब्धि है। मित्रा का मानना है कि महत्वाकांक्षा, प्रेरणा, धैर्य और अनुशासन महत्वपूर्ण हैं, खासकर अभिनय जैसे अस्थिर और असुरक्षित पेशे में और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि इन कुछ कारकों के साथ, कोई व्यक्ति न करियर में, बल्कि जीवन में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

ब्रह्माड के रहस्य | 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है यह तारा


# आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा एक तारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहली बार एक ऐसे तारे का पता चला है, जो हमारी आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा। यह तारा 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। खगोल वैज्ञानिक इस तारे पर नजर बनाए हुए हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस तारे का नाम सीडब्ल्यूआईएसई जे 124909 है। इसकी अत्यधिक रफ्तार देख वैज्ञानिक हैरान हैं। इसकी तुलना सूर्य की गति से करें तो हमारा सूर्य 220 किमी प्रति सेकंड की चाल से आगे बढ़ता है और एक निश्चित कक्षा में रहता है। साथ ही मिल्की वे आकाशगंगा के चारों ओर परिक्रमा करता है। इसका पता प्लैनेट 9 की खोज के दौरान चला। यह दुर्लभ हाइपर वेलोसिटी एल सबड्वार्फ तारा है। अपने द्रब्यमान के कारण इसकी गति बेहद अधिक है। जिस कारण वह आकाशगंगा को पूरी तरह से छोड़ देगा। प्रो एडम बर्गेसर के नेतृत्व में यह खोज की गई है। विस्कॉन्सिन, अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी (एएएस) की 244वीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन में इसका खुलासा किया गया है।

वैज्ञानिको का कहना है कि इसकी तेज गति आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण से बचने के लिए पर्याप्त है। इसकी गति मापने के लिए हवाई स्थित मौना केआ में केक वेधशाला की दूरबीन का सहारा लिया गया। दूरबीन से प्राप्त आंकड़ों से पता चला कि यह एक दुर्लभ एल सबड्वार्फ तारा है। सबड्वार्फ आकाशगंगा के सबसे पुराने सितारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



तेज गति वाला तारा।

### इसके प्रभाव की जानकारी जुटाई जाएगी

**नैनीताल :** ब्रह्मांड के रहस्यों का तेजी से खुलासा हो रहा है। यह एक अनूठी खोज है, जो किसी तारे के आकाशगंगा से बाहर जाने के बाद प्रभाव की नई जानकारी देगी। वैज्ञानिको का कहना है कि कुशल तकनीक के चलते नित नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले एक दशक के दौरान सैंकड़ों नई खोजें हुई हैं। जिसने खगोल विज्ञान को नई दिशा दी है।